भोपाल
शनिवार, 23 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष -7
वर्ष : 13, अंक : 51
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **
मौसम
अधि. 42
न्यून. 31

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## जैव-विविधता है भारतीय सभ्यता की आत्माः भूपेंद्र यादव

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत की प्राचीन नदी सभ्यताओं में नर्मदा का विशेष स्थान है। प्रदेश में अमरकंटक और पातालकोट धरती पर ईश्वर का दिया सबसे बड़ा उपहार है। जैव-विविधता हमारी भारतीय सभ्यता की मूल आत्मा है, इन्हें बनाए रखना ही हमारा संकल्प है, हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस पर हम सभी संकल्प लें कि जिसे हम बना नहीं सकते, कम से कम उसे बिगाड़ें तो नहीं। धरती पर उपलब्ध जैव-विविधता से हमें भोजन, दवाई और जीवन मिलता है। दुनिया में हम धरती का 2.4 प्रतिशत भू-भाग रखते हैं। भारत में 36 हजार समृद्ध वनस्पतियां हैं, लेकिन यह वैश्विक स्तर पर केवल 8 प्रतिशत के आसपास है।

**शास्त्रों में कहा गया है कि 10 तालाबों के बराबर एक पुत्र**

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस पर दुनिया के देश जलवायु परिवर्तन पर चर्चा कर रहे है। जैव-विविधता के संरक्षण से भावी पीढ़ियों के पर्यावरण को बचाया जा सकता है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि 10 तालाबों के बराबर एक पुत्र है। 10 पुत्र के बराबर एक वृक्ष है। हमारा देश जैव-विविधता के संरक्षण शेष पेज 6 पर

### मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर आईआईएफएम में राज्यस्तरीय कार्यक्रम एवं चीता संरक्षण वर्कशाप में की सहभागिता



रेस्क्यू व्हीकल को हरी झंडी दिखाते सीएम एवं केंद्रीय मंत्री

**मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय वन मंत्री यादव ने एबीएस एंड-टू-एंड वेब पोर्टल का किया शुभारंभ**

# मप्र वैश्विक वन्यजीव संरक्षण का सबसे बड़ा और वैज्ञानिक 'रोल मॉडल' बनकर उभरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जैव-विविधता में हमारा प्रदेश, देश में एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में विकसित किया जा रहा है। हमारे पास 'टाइगर स्टेट', 'लेपर्ड स्टेट', 'चीता स्टेट', 'वल्चर स्टेट', 'घड़ियाल स्टेट', 'वुल्फ स्टेट' का टाइटल है। सालों पहले देश की धरती से चीते लुप्त हो चुके थे। हम देश की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के रूप में पहचाने जाते वाले चीतों को प्रदेश की धरती में वापस ले आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस के अवसर पर भारतीय शेष पेज 6 पर

**सीएम ने कहा कि मप्र में 5 हजार से अधिक वनस्पतियां, करीब 500 पक्षियों की प्रजातियां और 180 से अधिक मछलियों की प्रजातियां मौजूद हैं। अब तो मप्र के जंगलों में 100 से ज्यादा हाथी भी विचरण कर रहे**



**प्रदेश में अब कुल 53 चीते**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र को चीता स्टेट बनने का गौरव देने के लिए केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि चीतों ने पालपुर कूनो और गांधी सागर अभयारण्य को अपना घर मान लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब कुल 53 चीते हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366
IPL आज का मुकाबला
एलएसजी पीबीकेएस
शाम 7.30 बजे से

## जबलपुर हाईकोर्ट का आदेश : दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की टीम भोपाल आकर करेगी दोबारा पोस्टमार्टम

### जबलपुर जिला कोर्ट में ट्विशा के पति समर्थ के सरेंडर के दौरान एक घंटे तक रही गहमागहमी, बार काउंसिल ने उसका लाइसेंस सस्पेंड किया

# सीबीआई पता लगाएगी ट्विशा की मौत का सच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर/भोपाल




भोपाल के बहुचर्चित ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत मामले में शुक्रवार को कई बड़े घटनाक्रम सामने आए। मप्र सरकार की ओर से मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश के बीच, जबलपुर हाईकोर्ट ने शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने का ऐतिहासिक आदेश दिया है। वहीं, मृतका के पति समर्थ सिंह ने जबलपुर जिला कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। समर्थ को देर रात भोपाल लाया गया। शनिवार को पुलिस समर्थ का मेडिकल कराएगी। फिर उसे कोर्ट में पेश करेगी और रिमांड मांगेगी। शुक्रवार को गृह विभाग की अधिसूचना के बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने का रास्ता साफ हो गया है। राज्य सरकार ने सीबीआई को इस मामले से जुड़े अपराध, साक्ष्य, दुष्प्रेरण और अन्य पहलुओं की जांच की अनुमति भी दे दी है। हाईकोर्ट के जस्टिस एके सिंह की एकलपीठ ने ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दिल्ली एम्स के डायरेक्टर को तत्काल एक विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह टीम भोपाल एम्स में मृतका का दोबारा शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी

समर्थ ने जबलपुर जिला कोर्ट में शुक्रवार शाम को सरेंडर किया। उसे देर रात भोपाल लाया गया। शनिवार को उसे भोपाल की कोर्ट में पेश किया जाएगा


**मप्र सरकार की ओर से मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश**


समर्थ सिंह इस अंदाज में आया

▸▸ उधर, समर्थ ने 9 दिन बाद जबलपुर जिला कोर्ट में किया समर्पण, इधर, समर्थ के वकील ने केस छोड़ा

▸▸ समर्थ ने हाईकोर्ट से वापस ली अग्रिम जमानत की याचिका, शनिवार सुबह पुलिस भोपाल कोर्ट में पेश करेगी

**सास की अग्रिम जमानत रद्द करने की याचिका पर 25 मई को सुनवाई**


गिरिबाला सिंह

मृतका ट्विशा की सास और रिटायर्ड जिला व सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत को रद्द करने के लिए राज्य सरकार और मृतका के पिता ने याचिका लगाई थी। इस पर कोर्ट ने गिरिबाला सिंह को नोटिस जारी कर 25 मई 2026 तक जवाब मांगा है। वहीं, भोपाल पुलिस शेष पेज 6 पर

**हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और महाधिवक्ता ने कहा कि सरकार को दोबारा पोस्टमार्टम से कोई आपत्ति नहीं**

**पति समर्थ ने हाई कोर्ट से जमानत अर्जी वापस ली थी**

शुक्रवार दोपहर समर्थ सिंह ने वकील ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत की अर्जी वापस ले ली थी। इससे पहले वकील जयदीप कौरव ने बताया था कि समर्थ सरेंडर करना चाहता है। उन्होंने शेष पेज 6 पर

**गिरिबाला के वकील केस से हटे**

गिरिबाला सिंह के वकील जॉर्ज कार्लो से जब ट्विशा शर्मा की मौत को लेकर सवाल पूछे गए तो वह नाराज हो गए। मीडिया से शेष पेज 6 पर

**गिरिबाला के कॉल डिटेल जांच की भी मांग**

परिजनों ने भोपाल जिला अदालत में एक अलग परिवाद भी दायर किया है। इसमें गिरिबाला सिंह की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच कराने और शेष पेज 6 पर

### 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव का शेड्यूल जारी

# 1 जून को अधिसूचना... 18 जून को मतदान, शाम को काउंटिंग

पूरी चुनाव प्रक्रिया 20 जून तक कंप्लीट कर ली जाएगी




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश में होने वाले राज्यसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया। चुनाव आयोग ने 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव का शेड्यूल जारी कर दिया। गुजरात-मध्यप्रदेश समेत 10 राज्यों की 24 सीटों पर चुनाव 18 जून 2026 को कराया जाएगा। इसी दिन शाम 5 बजे वोटों की गिनती भी होगी। राज्यसभा के जिन 24 सदस्यों का कार्यकाल जून और जुलाई 2026 में खत्म हो रहा है, उनकी सीटों पर चुनाव कराया जाएगा। इन चुनावों के लिए अधिसूचना 1 जून 2026 को जारी होगी। उम्मीदवार 8 जून तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे, जबकि 9 जून को नामांकन पत्रों की जांच शेष पेज 6 पर

**मप्र की 3 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे**

मध्य प्रदेश में राज्यसभा की जिन तीन सीटों का कार्यकाल 21 जून 2026 को समाप्त हो रहा है, उनमें भाजपा के जॉर्ज कुरियन और सुमेर सिंह सोलंकी, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दिग्विजय सिंह शामिल हैं। विधानसभा में भाजपा के मजबूत संख्या बल को देखते हुए पार्टी दो सीटों पर मजबूत स्थिति में मानी जा रही है, जबकि कांग्रेस अपनी एक सीट बचाने की रणनीति पर काम कर रही है।

**इन राज्यों में सीटें खाली**

इन चुनावों में आंध्र प्रदेश, गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, राजस्थान, अरुणाचल प्रदेश, कर्नाटक और मिजोरम की सीटें शामिल हैं। सबसे ज्यादा चार सीटें आंध्र प्रदेश और गुजरात से खाली हो रही हैं। वहीं कर्नाटक से भी चार राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो रहा है। जिन प्रमुख नेताओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उनमें मल्लिकार्जुन खरगे, दिग्विजय सिंह और पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा का नाम भी शामिल है। राजस्थान से राजेंद्र गहलोत, नीरज डांगी और रवनीत सिंह की सीटें भी खाली हो रही हैं।

## खबर संक्षेप

**केंद्रीय कार्यालयों में 28 को होगी ईद-उल-अजहा की छुट्टी**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार पर होने वाले अवकाश की तारीख में बदलाव किया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब दिल्ली और देशभर के सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में 27 मई के स्थान पर 28 मई 2026 को सार्वजनिक छुट्टी रहेगी। इस्लाम धर्म में ईद-उल-अजहा का विशेष महत्व है, जिसे त्याग और कुर्बानी का त्योहार माना जाता है। यह हजरत इब्राहिम की खुदा के प्रति अटूट आस्था की याद में मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा करने के बाद बकरे की कुर्बानी देते हैं।



**बाघ ने 4 महिलाओं पर बोला हमला, उतारा मौत के घाट**

चंद्रपुर। महाराष्ट्र का चंद्रपुर जिला एक बार फिर इंसानों और वन्यजीवों के बीच बढ़ते खूनी संघर्ष का गवाह बना है। जिले के सिंदेवाही तहसील के अंतर्गत आने वाले गुंजेवाही इलाके में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां के जंगलों में घात लगाए बैठे एक बाघ ने तेंदूपत्ता तोड़ने गई चार महिलाओं पर जानलेवा हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। ये महिलाएं रोजगार की तरह सुबह गांव के पास स्थित घने जंगल में तेंदूपत्ता लेने के लिए गई थीं। तभी झाड़ियों में छिपे बाघ ने उन पर अचानक हमला बोल दिया।



अब फिर 'टैपर टैंट्रम प्लेबुक नीति'

### आरबीआई डॉलर बेच रु. संभालेगा, ब्याज बढ़ाएगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


विदेशी निवेशकों से डॉलर जुटाएगी सरकार

रुपए की लगातार गिरती हुई कीमत को देखते हुए अब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस संकट से बचने के लिए अपना पुराना दाव खेलने का मन बना लिया है। आरबीआई अब रुपए को संभालने के लिए साल 2013 में आर्थिक संकट के दौरान अपनाए गए तरीकों को फिर से इस्तेमाल कर सकता है। आरबीआई के गवर्नर शेष पेज 6 पर

पुलिस में तबादले पर नए नियम

### अब एक थाने में 5 साल से ज्यादा नहीं टिकेंगे पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल


डीजीपी ने जारी किया कड़ा आदेश

मध्य प्रदेश में नई तबादला नीति 2026 को मंजूरी मिलने के बाद, मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर को लेकर बेहद कड़े और नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) द्वारा जारी इस आदेश के बाद अब कोई भी पुलिसकर्मी किसी एक थाने में लंबे समय तक नहीं जम सकेगा। किसी शेष पेज 6 पर

छाई कॉकरोच जनता पार्टी

### फॉलोअर्स 19 मिलियन के पार, जांच एजेंसियां सक्रिय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


विदेशी फंडिंग या राष्ट्र विरोधी ताकतों का हाथ

सोशल मीडिया की दुनिया में इन दिनों एक अनोखा इंटरनेट सेंसेशन धूम मचा रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फॉलोअर्स का आंकड़ा 19 मिलियन (1.9 करोड़) के पार पहुंच चुका है। खुफिया ब्यूरो (आईबी) को अंदेशा है कि यह महज एक मीम पेज या मजाक नहीं है, बल्कि सिस्टम से निराश युवाओं को सड़क पर शेष पेज 6 पर

## 700 साल बाद भोजशाला में बदला इतिहास

**मुस्लिम समाज ने विरोध में बांधी काली पट्टी दुकानें बंद, 2 हजार पुलिसकर्मी तैनात**



**नमाज नहीं, पहली बार हुई सिर्फ 'अखंड पूजा'**

धार। मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच द्वारा भोजशाला को मंदिर घोषित किए जाने के बाद, शुक्रवार को वहां करीब 700 साल में पहली बार जुमे पर नमाज नहीं हुई और सिर्फ पूजा-अर्चना की गई। भोज उत्सव समिति ने परिसर में वाग्देवी की प्रतिमा स्थापित कर दर्शन-पूजन कराया और शेष पेज 6 पर

### जबलपुर में 43 डिग्री की गर्मी के बीच एनसीसी कैंप

# 50 से अधिक कैडेट्स बीमार, 7 आईसीयू में पुलिस और डॉक्टरों की टीम कर रही निगरानी

**भीषण गर्मी और लू लगने की आशंका जांच के आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

यहां आयोजित एनसीसी के एक प्रशिक्षण शिविर में अचानक 50 से अधिक कैडेट्स की तबीयत बिगड़ गई। इनमें से 20 छात्राओं सहित 21 बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि 7 कैडेट्स को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। यह घटना डुमना रोड स्थित ट्रिपल


अस्पताल में भर्ती बच्चे

आईटीडीएम परिसर में चल रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर की है, जहां विभिन्न जिलों से आए करीब 450 कैडेट्स हिस्सा ले रहे हैं। मामले में गंभीर लापरवाही और फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। कैडेट्स का कहना है कि शहर में 43 डिग्री तापमान और भीषण लू होने के बावजूद उन्हें लगातार कड़ी धूप में ट्रेनिंग दी जा रही थी। इसके अलावा, गुरुवार रात के डिनर में पनीर की सब्जी खाने के बाद कई बच्चों को अचानक चक्कर, उल्टी-दस्त और कमजोरी की शिकायत होने लगी, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग शुरुआती शेष पेज 6 पर

## प्रदेश के 41 जिलों में लू की चेतावनी, नौगांव में 46.8 और खजुराहो में 46.4 डिग्री पारा

### दस दिन तक पीक पर रहेगा गर्मी का असर

# 25 से नौतपा...पर, पहले ही नौतपा जैसे हालात... हालांकि दर्जन भर जिलों में गिरा 2 डिग्री तापमान, लू के थपेड़े पड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश में नौतपा के पहले ही गर्मी अपना असर दिखा रही है। नौतपा शुरू होने के बाद गर्मी का असर चरम पर होगा। पिछले दो दिनों से अधिकतर शहरों का पारा 44 डिग्री सेल्सियस के ऊपर जा रहा था, जबकि शुक्रवार को इसका असर कुछ कम हुआ है। अधिकतर शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के नीचे बना हुआ है। ऐसे में पिछले दो दिनों के दौरान करीब दो डिग्री तक तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि, शुक्रवार को नौगांव में 46.8 और खजुराहो में शेष पेज 6 पर


राजधानी के रोशनपुरा क्षेत्र में तेज धूप से अपना बचाव करती युवतियां

**दिन का तापमान 43 से 45 डिग्री के आसपास**

मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के 41 जिलों में लू की चेतावनी जारी की है, जबकि निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना और सतना में लू का रेड अलर्ट है। जबकि 21 जिले ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोक नगर, आगर-मालवा, राजगढ़, विदिशा, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, शेष पेज 6 पर

**तीन दिन थोड़ी राहत फिर तपेगा नौतपा**

मौसम वैज्ञानिक दिव्या ई सुरेंद्रन का कहना है कि 25 मई तक पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर बना रहेगा, जिससे लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। 25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है। इन 9 दिन में भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ेगी, शेष पेज 6 पर

# फिल्म के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम के चलते आज बदली रहेगी राजधानी की यातायात व्यवस्था


भेल दशहरा मैदान पर फिल्म पेड्डी का ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम के लिए विशाल मंच बनाते हुए कारीगर।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भेल दशहरा मैदान में शनिवार को फिल्म पेड्डी का ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान में संगीत निर्देशक ए.आर रहमान, अभिनेत्री जान्हवी कपूर आदि प्रमुख हस्तियां द्वारा प्रस्तुती देंगी। इसके चलते बडी संख्या में दर्शन सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के दौरान यातायात के दबाव को देखते हुए सामान्य यातायात का आवागमन/डायवर्सन एवं कार्यक्रम के चलते शाम 5 बजे से यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा। इस दौरान वाहन बदले रूट से जा सकेंगे।

**इस दौरान यह रहेगी वैकल्पिक व्यवस्था**

- महात्मागांधी चैराहे से कॅरियर कॉलेज की ओर आने वाला यातायात गेट नम्बर-6 से गुलाब उद्यान तिराहा कस्तूरबा अस्पताल से होकर आईएसबीटी चेतक ब्रिज की ओर जा सकेंगे।
- इसी प्रकार चेतक ब्रिज गोविंदपुरा टार्निग से महात्मा गांधी चैराहे की ओर जाने वाले यातायात को सांची डेयरी कट प्वाईंट से कस्तूरबा अस्पताल के आगे से गुलाब उद्यान रोड होकर गेट नम्बर 6, बरखेड़ा मार्केट महात्मा गांधी चैराहे की ओर जा सकेंगे।
- आईटीआई तिराहे से कॅरियर कॉलेज तिराहा होकर चेतक ब्रिज, आईएसबीटी की ओर जाने वाला यातायात सिक्यूरिटी लाइन चैराहे से सांवतिका पेट्रोल पंप तिराहा होकर चेतक ब्रिज की ओर जा सकेंगे।
- सभी प्रकार की बसें, व्यावसायिक वाहन पटेल नगर से 11 मील होकर बागसेवनिया से आईएसबीटी की ओर आवागमन कर सकेंगीं।

**यह रहेगी पार्किंग व्यवस्था**

- *महात्मा गांधी, सद्भावना, आईटीआई की ओर से आने वाले वाहन हेमा स्कूल के पास मैदान में अपने वाहन पार्क कर सकेगें।*
- *होशंगाबाद रोड, डीबी मॉल, चेतक ब्रिज, अन्ना नगर की ओर से आने वाले वाहन कॅरियर कॉलेज के पीछे मैदान में अपने वाहन पार्क कर सकेंगे।*
- *आवश्यकतानुसार मैदान के आसपास वाहन पार्किंग भी कराया जाएगा।*

### गर्मी भी नहीं रोक पा रही भक्तों की भीड़, दिख रहा भारी उत्साह

# गुफा मंदिर में हो रहे यज्ञ से तीर्थधाम बना भोपाल, देशभर से साधुओं का आगमन जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

गुफामंदिर भोपाल में सप्तदिवसीय पंचकुण्डात्मक श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के पंचम दिवस में समिति ने बताया कि भगवान राम का जन्म भी यज्ञ से ही हुआ था। यज्ञ से दैवीय शक्तियां बलवान होती है, जिस प्रकार अग्नि में तपाये जाने पर सोने की कलुशता मिटती है, उसी प्रकार यज्ञ दर्शन करने से मनुष्य उत्कृष्टता को प्राप्त करता है। प्राचीनकाल में जहां यज्ञ हुए वहीं तीर्थ बने। लोग सुबह से अर्ध रात्रि तक यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते रहे।

महंत रामप्रवेशदास महाजाज ने महायज्ञ की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। साथ ही श्रद्धालुओं से कहा कि यह महायज्ञ श्रीलक्ष्मी जी की कृपा प्राप्ति के लिए है, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में शमिल होकर पुण्य लाभ कमाए। साथ ही अपने नाते रिस्तेदारों तथा इष्ट मित्रों को भी महायज्ञ में शमिल होकर पुण्य लाभ कमाने के लिए प्रेरित करें। महायज्ञ में रोजाना दोपहर एवं रात को दोनो समय विशाल भंडारा आयोजित किया जाता है, जिसमें हजारों भक्त महाप्रसादी ग्रहण कर अपने को धन्य समझ रहे है। जहां भक्त यज्ञ में महाप्रसादी ग्रहण कर रहे है। इसके साथ ही देशभर से पधारे महंत महामण्डलेश्वरों का आशीर्वाद भी प्राप्त हो रहा है।


यज्ञ स्थल पर जाते दूर-दूर से आए साधू-संत।

### गोचारण लीला रही मनमोहक प्रस्तुति

रासलीला में श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया गया। प्रमुख रूप से भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गौचारण की मनमोहक लीला प्रस्तुत की गई। इस लीला में ग्वाल-बालों संग बांसुरी की धुन अद्भुत प्रेम और प्रकृति का सुंदर समन्वय झलकता है। गोचारण लीला सम्पूर्ण ब्रहमांड को यह संदेश देने वाली लीला है कि ईश्वर भी सेवा,प्रेम और सादगी में ही श्रेष्ठ दिखते हैं। उन्होंने यह भी दिखया कि जो ईश्वर समस्त सृष्टि के अधिपति हैं वे भी अपने भक्तों के बीच एक साधारण चरवाहे की तरह प्रेमपूर्वक रह सकते हैं।

### श्रीयंत्र का सहस्त्रार्चन अनुष्ठान

महायज्ञ में रोजाना सुबह 8 बजे से श्रीयंत्र का सहस्त्रार्चन अनुष्ठान पं.रमेश त्रिपाठी द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

### अधिक मास के छठवें दिन मनाया मयूर कुंज झूलन उत्सव

## ठाकुर जी के हिंडोले को मोर पंखों और मोगरे के फूलों से सजाया



इतवारा स्थित श्री हित रसिक मंडली राधावल्लभ मंदिर में चल रहे झूलन उत्सव के दौरान अधिक मास के छठवें दिन शुक्रवार को ठाकुर जी मयूर कुंज में विराजमान हुए। ठाकुर जी के हिंडोले को मोर पंखों एवं मोगरे के सुगंधित पुष्पों से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय और मनमोहक वातावरण से भर गया। हिंडोले पर एक प्रधान मोर भी विराजमान किया गया, जो श्री राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम और एकत्व का प्रतीक बना। युगल उपासना की परंपरा में श्री राधा और श्रीकृष्ण को अलग नहीं माना जाता, बल्कि दोनों एक ही स्वरूप माने जाते हैं। इसी भाव को मयूर कुंज की झांकी में सुंदर रूप से दर्शाया गया। इस अवसर पर भक्तों ने भावविभोर होकर मोर बन आयो रसिया पद का संकीर्तन किया और ठाकुर जी को मोगरा एवं विभिन्न मिष्ठानों का भोग अर्पित किया।

## साईं पालकी यात्रा में लगे जयकारे



नेहरूनगर साईंधाम मंदिर के 16वां स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को श्रीसाई पालकी यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली। पालकी यात्रा नेहरूनगर साईंधाम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए पीली कोठी साईं ताज दरबार पहुँचेगी। इस दौरान यात्रा में शामिल भक्तों ने साई बाबा के जयकारे भी लगाया। फूलों से सुसज्जित किया गया और उनकी भव्य झांकी सजा कर भक्तों द्वारा दिव्य आरती उतारते हुए पूजा अर्चना किया गया। भक्तों द्वारा श्री साईं नाथ के जयकारों के साथ पूरा पालकी यात्रा निकाली गई। इसके बाद भोग का प्रसाद चढ़ाया गया तथा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

### बीडीए: लॉटरी नहीं खुलने वाले रिफंड के लिए काट रहे चक्कर

# लॉटरी निकली, फिर भी नहीं मिला पजेशन

**सीईओ की ट्रेंनिग से अटका पजेशन, पेमेंट**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

विकास प्राधिकरण की गरोंडा (बर्राई) और मिसरोद फेज-2 आवासीय योजनाओं में आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब आवेदकों की परेशानी बढ़ गई है। लॉटरी प्रक्रिया पूरी हुए काफी समय बीत चुका है,जिन लोगों के नाम निकले हैं, उन्हें अब तक मकानों और प्लॉटों का पजेशन नहीं मिल पाया है। गरोंडा (बर्राई) योजना में कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए थे।

इनमें डुप्लेक्स की 8 इकाइयों के लिए 87 आवेदन और सिंगल एक्स की 2 इकाइयों के लिए 28 आवेदन शामिल थे। वहीं मिसरोद फेज-2 योजना में कुल 30 आवेदन आए थे। आवेदकों का कहना है कि लॉटरी में नाम आने के बाद भी उन्हें बार-बार बीडीए कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कई लोगों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों से सही जानकारी नहीं मिल रही और कोई अधिकारी अपने चेंबर में उपलब्ध नहीं रहता। वहीं जिन लोगों का नाम लॉटरी में नहीं आया, उन्हें भी अब तक उनकी पंजीयन राशि वापस नहीं मिली है। आवेदकों का कहना है कि उन्होंने ब्याज पर पैसे लेकर आवेदन किया था, लेकिन अब दो महीने बाद भी न तो पैसा वापस मिला और न ही स्पष्ट जानकारी दी जा रही है। बीडीए अधिकारियों का कहना है कि सीईओ श्याम बीर ट्रेंनिग पर गए हुए हैं, उनके लौटने के बाद ही पजेशन और रिफंड की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।



**इनके निकले लॉटरी में नाम**

**1 बीएचके**

संध्या तोमर, विजेंद्र सराठे

**2 बीएचके**

लक्ष्मी,अनुप, कुलदीप, विकास कुमार, विपीन शर्मा, राजेश्वर, सुमन बाई, निखील साहू।

### प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर उज्जवल पाटनी देंगे की-नोट सेशन

# स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी का कैरियरनेक्स्ट-कॅरियर डिस्कवरी इंडस्ट्री बूट कैंप 30 और 31 मई को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा 12वीं कक्षा के बाद विद्यार्थियों को सही कॅरियर एवं उपयुक्त कोर्स चयन में प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से भोपाल में पहली बार 'कॅरियरनेक्स्ट–कॅरियर डिस्कवरी इंडस्ट्री बूट कैंप' का आयोजन 30 एवं 31 मई को मैरियट होटल, डीबी मॉल के समीप, भोपाल में किया जा रहा है।

दो दिवसीय इस बूट कैंप में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर उज्ज्वल पाटनी विद्यार्थियों को सफलता, आत्मविश्वास एवं करियर निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस आयोजन में 19 से अधिक इंडस्ट्री सेक्टर्स एवं देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में गूगल, आईबीएम, रिलायंस एनीमेशन अकादमी, हुंडई, हीरो, एल एंड टी इन्फोटेक, नेक्स्ट वेव टेक्नोलॉजीज, एमसीड, गीक्स ऑफ गुरुकुल, आईटीएचएस एवं आईआईसीए सहित कई संस्थानों के विशेषज्ञ विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की वास्तविक आवश्यकताओं, रोजगार के अवसरों, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट आधारित स्किल्स की जानकारी प्रदान करेंगे। इस दौरान टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मैनेजमेंट, हॉस्पिटैलिटी, एनीमेशन एवं फिल्म मेकिंग, फैशन डिजाइन आदि नकी जानकारी दी जाएगी।

### थिंक गैस ने घोषित किए 'एलपीजी फ्री ज़ोन'

**भोपाल।** थिंक गैस ने हाल ही में उपभोक्ता संरक्षण कल्याण सेवा समिति द्वारा आयोजित 'कंज्यूमर अवेयरनेस प्रोग्राम' में भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने भोपाल क्षेत्र में अपने 'एलपीजी फ्री ज़ोन' अभियान की घोषणा की। सागर लेक व्यू होम्स, सौम्या पार्क लैंड, आकृति ग्रीन्स और कैनाल किनशिप सोसाइटीज़ को 'एलपीजी फ्री ज़ोन' सर्टिफिकेशन सौंपा। इन सोसाइटीज़ ने बड़े स्तर पर एलपीजी सिलेंडर से पीएनजी की ओर बदलाव किया है। यह मान्यता उन सोसाइटीज़ को दी, जहां बड़ी संख्या में परिवार एलपीजी सिलेंडर छोड़कर पीएनजी कनेक्शन अपना चुके हैं या अपनाने की प्रक्रिया में हैं। इन सभी प्रमाणित सोसाइटीज़ में कुल 1902 से अधिक परिवार शामिल हैं। थिंक गैस ने बताया कि आने वाले महीनों में इस पहल को पूरे भोपाल में आगे बढ़ाया जाएगा।

### सोशल मीडिया पर पशुवध का वीडियो वायरल करने पर भी रोक

# खुले स्थान पर पशुवध गृह पूरी तरह से प्रतिबंधित टीन शेड, चारों तरफ मजबूती से बंद होना जरूरी

**ईदुज्जुहा पर कुर्बानी के लिए 47 अस्थाई पशुवध गृह बनाए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नगर निगम की ओर से ईदुज्जुहा पर कुर्बानी के लिए अस्थाई पशुवध गृह के लिए कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी भोपाल को भेजे गए पत्र को सर्शत मंजूरी मिल गई है। इसके तहत शहर के अलग-अलग 47 स्थानों पर अस्थाई पशुवध गृह बनाए जाएंगे।

जिन्हें चारों तरफ से टीन शेड से कवर्ड कर मजबूती से बंद करना होगा। तंबू लगाकर पशुवध करने की मंजूरी नहीं होगी। अतिरिक्ति जिला दंडाधिकारी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर पशुवध का कोई वीडियो तैयार कर वायरल नहीं करेंगे। इसी तरह अन्य बिंदुओं में पशुवध में प्रतिबंधित पशुओं का वध नहीं करने, तीन वाई दो का गडढा खोदने जिसमें पशुओं की लादा, आंते आदि डालने और उन्हीं पशुओं का वध किया जाए जो नगर निगम पशु चिकित्सक अधिकारी के सक्षम अधिकारी द्वारा करने योग्य प्रमाणित किया गया हो। अन्य निर्देशों में शाम चार बजे के बाद पशुवध नहीं करने के अलावा जिन स्थानों पर मंजूरी दी गई है वहां मुस्लिम नागरिकों की समिति का गठन करने की बात कही गई है।

**निगम आयुक्त ने की अपील**

*नगर निगम आयुक्त ने शहरवासियों से अपील जारी करते हुए कहा है कि कुर्बानी के जानवरों के अवशेष, वेस्ट एवं ऑर्गन्स को निगम के वाहनों में ही दें। आसपास व सार्वजनिक स्थलों पर बिल्कुल गंदगी नहीं करें, वरना कार्रवाई होगी। नगर निगम का स्वास्थ्य अमला पूरी तरह से अलर्ट रहेगा और हर जगह पहुंचेगा। इसलिए सफाई व्यवस्था में सहयोग करें।*


### बीयू में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट एक्सीलेंस सेंटर का शुभारंभ

# विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण के साथ रोजगार के मिलेंगे बेहतर अवसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ तथा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के संयुक्त सहयोग से स्थापित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट एक्सीलेंस सेंटर का शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे विद्यार्थियों के कौशल विकास, रोजगारोन्मुख शिक्षा एवं उद्योग-शैक्षणिक समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एसके. जैन, कुलसचिव प्रो. एसबी. सिंह, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. सुनीता गोंड सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, प्राध्यापकगण एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह सेंटर विद्यार्थियों को उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

कुलगुरु जैन ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने कौशल का विकास करें एवं रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करें। ज्ञात हो कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय एवं



सीआईआई के मध्य पूर्व में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया था, जिसके अंतर्गत इस सेंटर की स्थापना की गई है। इस सेंटर का मुख्य उद्देश्य कौशल विकास, नवाचार तथा रोजगारोन्मुख शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल आधारित प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट के अवसर, उद्योगोन्मुख पाठ्यक्रम, अनुसंधान एवं नवाचार सहयोग, उद्यमिता एवं स्टार्टअप समर्थन, विशेषज्ञ व्याख्यान, कार्यशालाएं तथा औद्योगिक भ्रमण जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में इस प्रकार की पहल पहली बार की गई है। सीआईआई के ई-टू-ई (एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट) कॉन्सेप्ट के अंतर्गत विद्यार्थियों को पहले प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा तत्पश्चात उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### वल्लभ भवन में श्रम साथी कार्यशाला आयोजित

## श्रम एवं उच्च शिक्षा विभाग की पहल विद्यार्थी बनेंगे श्रम साथी, उद्यमियों को दिलाएंगे स्टार रेटिंग

मप्र उच्च शिक्षा विभाग एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को वल्लभ भवन स्थित कक्ष क्रमांक एफ-326 में श्रम साथी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्रम विभाग के सचिव रघुराज राजेन्द्रन, आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा, उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी, भोपाल के प्रमुख शासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा ने कहा कि श्रम कानूनों की जानकारी प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचना आवश्यक है। उच्च शिक्षा विभाग और श्रम विभाग मिलकर विद्यार्थियों के माध्यम से उद्यमियों, दुकानदारों तथा आम नागरिकों को श्रम कानूनों के प्रति जागरूक करने का कार्य करेंगे। विद्यार्थियों ने कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर उद्यमियों और दुकानदारों को श्रम स्टार रेटिंग प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यशाला में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से श्रम स्टार रेटिंग पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने एवं रेटिंग प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

### 10 प्रश्नों के उत्तर देकर स्टार रेटिंग

श्रम विभाग के सचिव रघुराज राजेन्द्रन ने कहा कि मप्र सरकार ने श्रमिक हितों की सुरक्षा और श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन के लिए श्रम स्टार रेटिंग योजना प्रारंभ की है और इस अभिनव पहल को लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत उद्यमी एवं दुकानदार अपने पंजीयन क्रमांक के माध्यम से ऑनलाइन लिंक पर 10 प्रश्नों के उत्तर देकर स्टार रेटिंग प्राप्त कर सकेंगे। यह रेटिंग श्रम कानूनों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाएगी।



हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 23 मई 2026

4 युवक की संदिग्ध मौत के मामले में मंत्री सारंग ने दिए...



5 उपभोक्ता हित में अन्य विभागों से समन्वय...





## कानूनी क्षेत्राधिकार और नियमों के कारण नहीं कर सका आत्मसर्मपण, अब ट्रायल कोर्ट में आरोपी को पेश करेगी पुलिस

# जबलपुर जिला अदालत परिसर में दो घंटे चला समर्थ सिंह के सरेंडर का हाई वोल्टेज ड्रामा, ट्विशा के वकील ने लगाया धक्का-मुक्की का आरोप

*नियमानुसार आत्मसमर्पण की प्रक्रिया भोपाल की ट्रायल कोर्ट में ही होगी, जहां है मामला दर्ज*

हरिभूमि टीम ▶▶ भोपाल/जबलपुर

जिला अदालत, जबलपुर के परिसर में शुक्रवार को ट्विशा सिंह की संदिग्ध मौत के मामले में मुख्य आरोपी पति समर्थ सिंह के सरेंडर का हाई वोल्टेज ड्राम दो घंटे तक चला। दरअसल, समर्थ सिंह ने गिरफ्तारी से बचने के लिए एक नया तरीका आजमाया। उसने जिला अदालत, जबलपुर आकर सरेंडर करने का प्रयास किया। हालांकि, कानूनी क्षेत्राधिकार और नियमों के आड़े आने के कारण उसका यह प्रयास पूरी तरह विफल रहा। विधिक नियमानुसार, इस मामले में आत्मसमर्पण की प्रक्रिया केवल भोपाल की ट्रायल कोर्ट में ही संपन्न हो सकती है, जहां मामला दर्ज है। यही वजह रही कि क्षेत्राधिकार से बाहर होने के कारण जबलपुर कोर्ट ने समर्थ सिंह के सरेंडर करने के निवेदन पर जिला अदालत, जबलपुर में सीजेएम अभिषेक सोनी या प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्रा की अदालत ने कोई भी आदेश पारित नहीं किया।

भोपाल पुलिस देर शाम वकीलों के सहयोग से जिला बार एसोसिएशन के रूम से लगी सीढ़ियों के जरिए समर्थ सिंह को सुरक्षित ओमती थाना, जबलपुर ले गई। जहां से हिरासत में लेकर भोपाल ले गई। अब भोपाल की सक्षम अदालत के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जाएगा।

## भोपाल पुलिस शुक्रवार देर शाम जिला बार एसोसिएशन के रूम से आरोपी समर्थ सिंह को ओमती थाना ले गई

### आरोपी और उसके वकील लगातार विधिक रणनीति बदलते दिखे



फाइल फोटो

जिला अदालत, जबलपुर के परिसर में दो घंटे तक भारी नाटकीय घटनाक्रम और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। सरेंडर की कोशिश के दौरान आरोपी और उसके वकील लगातार अपनी विधिक रणनीति बदलते दिखे। यह हाई-वोल्टेज ड्रामा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट से शुरू होकर प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट तक पहुंचा। फिर वहां से जिला बार एसोसिएशन के कक्ष तक करीब दो घंटे तक चक्कर काटता रहा। इस पूरे ड्रामे के बाद आरोपी को जिला अदालत, जबलपुर से खाली हाथ लौटना पड़ा। अब भोपाल पुलिस आरोपित को अपने शिकंजे में लेकर कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है।

### टोपी-चश्मा पहने और गमछा ओढ़े मीडिया से बचने का प्रयास करता रहा आरोपी

हाई वोल्टेज ड्रामा के दौरान समर्थ के भोपाल, जबलपुर आए और जबलपुर के स्थानीय मित्र अधिवक्ताओं ने उसे सुरक्षा का घेरा दिया था। इस वजह से वह मास्क लगाए, टोपी-चश्मा पहने और गमछा ओढ़े मीडिया की नजरों से बचने का विफल प्रयास करता इधर-उधर भागता दिखा। ट्विशा के परिवार की ओर से पक्ष रखने जबलपुर आए भोपाल निवासी अधिवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि समर्थ के साथियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की। कुछ मीडिया वाले भी ऐसी ही शिकायत करते नजर आए।


मीडिया के सवालों के दौरान आरोपी समर्थ सिंह चुप रहा।

## सरेंडर करने के बाद देर रात समर्थ को लेकर भोपाल पहुंची पुलिस

जबलपुर कोर्ट में आत्मसमर्पण करने वाले समर्थ सिंह को शुक्रवार देर रात भोपाल लाया गया। दरअसल, शुक्रवार को हाईकोर्ट में समर्थ की जमानत अर्जी लगाई गई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जमानत की अर्जी नामंजुर कर दी। जमानत नामंजूर होने पर समर्थ ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के पुलिस उसे देर रात भोपाल लेकर पहुंची थी। शनिवार को पुलिस समर्थ का मेडिकल कराएगी। इसके बाद मीडिया से बचाते हुए कोर्ट में पेश करेगी और रिमांड मांगेगी। उल्लेखनीय है कि 12 मई की रात ट्विशा शर्मा ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। दो दिन की जांच के बाद पुलिस ने सास गिरीबाला सिंह और समर्थ सिंह पर दहेज मृत्यु और दहेज प्रताड़ना की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। सेशन कोर्ट में गिरीबाला सिंह को जमानत मिल गई, जबकि समर्थ सिंह की जमानत अर्जी निरस्त कर दी गई थी। परिवार ने उसकी अग्रिम जमानत की अर्जी हाईकोर्ट में लगाई थी। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने समर्थ की जमानत निरस्त कर दी।

### पिता का आरोप-दहेज के लिए ट्विशा को प्रताड़ित करता था ससुराल पक्ष

नोएडा निवासी मॉडल व एक्ट्रेस 31 वर्षीय ट्विशा शर्मा की दिसंबर, 2025 में भोपाल निवासी पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह के पुत्र समर्थ सिंह से शादी हुई थी। दोनों का रिश्ता वैवाहिक वेबसाइट के माध्यम से तय हुआ था। विवाह दिल्ली में संपन्न हुआ और इसके बाद ट्विशा अपने पति के साथ भोपाल में रहने लगी। उसके पिता के अनुसार, उसे दहेज के लिए ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था। 12 मई 2026 की रात उसने भोपाल स्थित ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लाश घर में फंदे से लटकी मिली थी। उस समय वह गर्भवती भी थी। ट्विशा के पिता का आरोप है कि उनकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की, उसे मारकर लटकाया गया है। लिहाजा, मामले की सीबीआई जांच के बाद स्थित स्वतः स्पष्ट हो जाएगी। वहीं दूसरी ओर समर्थ व उसकी मां गिरिबाला सिंह, जो सेवानिवृत्त जिला जज हैं, का आरोप है कि ट्विशा नशीले पदार्थों का सेवन करती थीं और मानसिक रूप से अस्थिर थी।

### भोपाल जिला अदालत में पुख्ता रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

हाईप्रोफाइल मामला होने के कारण पुलिस पूरी एहतियात बरत रही है। पुलिस ने बताया कि उसे ऐसे रास्ते से अस्पताल में मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में पेश किया जाएगा कि किसी को कानों कान खबर न हो। पुलिस का कहना है कि पेश करने से पूर्व भोपाल जिला कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई जाएगी।

### पैर पर गाड़ी चढ़ाने का लगाया आरोप

## गिरिबाला सिंह के वकील का हंगामा, मीडिया पर भड़के, बोले- 'मार डालोगे क्या?

ट्विशा शर्मा दहेज मृत्यु मामले में शुक्रवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब पूर्व जज गिरिबाला सिंह अपने कटारा हिल्स स्थित निवास से बाहर निकलीं। इस दौरान मीडिया द्वारा सवाल पूछे जाने पर उनके वकील एनोश जॉर्ज पत्रकारों पर भड़क गए और मौके पर जमकर विवाद हुआ।


एनोश जॉर्ज, वकील

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मीडिया कर्मियों ने गिरिबाला सिंह से मामले और सीबीआई जांच की मांग को लेकर सवाल पूछे। इसी दौरान उनके वकील एनोश जॉर्ज अचानक नाराज हो गए। उन्होंने अपनी कार पर मुक्के मारे और मीडिया कर्मियों पर आरोप लगाया कि पत्रकारों की गाड़ी उनके पैर पर चढ़ गई। गुस्से में उन्होंने कहा, मार डालोगे क्या? जिसके बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### ट्विशा शर्मा के परिजन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच पर अड़े

गौरतलब है कि यह मामला ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत से जुड़ा है। मृतका की मां ने पूर्व जज गिरिबाला सिंह और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं, दूसरी ओर गिरिबाला सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ट्विशा के माता-पिता पर ही बहू का इस्तेमाल आर्थिक लाभ के लिए करने जैसे आरोप लगाए हैं। मामले में पुलिस ने ट्विशा की सास गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच में सहयोग नहीं मिलने के चलते आरोपियों की अग्रिम जमानत निरस्त कराने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। उधर ट्विशा के परिजन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और सीबीआई जांच की मांग पर अड़े हुए हैं।

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2025-26, सर्वे में राजधानी की परीक्षा का दूसरा दिन...

# सर्वे टीम ने सौंदर्यीकरण, सुविधाओं, सफाई की जांच की, पार्क में कर्मियों से पूछे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*चौक बाजार, नारियलखेड़ा, रेलवे स्टेशन सहित एमपी नगर, अयोध्या नगर, एमएसीटी स्क्वायर पहुंचे टीम के सदस्य*

*सदस्यों ने सरकारी स्कूल, वेस्ट-टू-वंडर मॉडल, जीवीपी व सुलभ कॉम्प्लेक्स में सुविधाएं देखीं*

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के दूसरे दिन शुक्रवार को केंद्रीय मूल्यांकन टीम राजधानी के नए और पुराने शहर के कई इलाकों में पहुंची। जहां सफाई व्यवस्था, सुंदरता और नागरिक सुविधाओं को परखा। छह सदस्यीय टीम का फोकस जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की हकीकत जानने पर रहा। सदस्यों ने पार्कों, सुलभ कॉम्प्लेक्स, गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट (जीवीपी), सरकारी स्कूलों, बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों पहुंचकर सफाई व्यवस्था देखी। सदस्य मिंटो हाल भी पहुंचे। जबकि जोन-15 में पार्क में सर्वे के दौरान कर्मचारियों से कुछ पूछा और पिफर आगे बढे और पूरे परिसर में सुविधाएं और सौंदर्य देखा। टीम ने शहर के कई पार्कों का भ्रमण किया और वहां मौजूद कर्मचारियों से रखरखाव, पौधों की देखरेख और सफाई व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। पार्कों में पेड़ों की स्थिति और हरियाली को लेकर भी जानकारी ली। टीम ने एमपी नगर में वेस्ट-टू-वंडर मॉडल, फाउंटेन और सार्वजनिक स्थलों की सुंदरता को भी परखा।

टीम के सदस्य चौक बाजार, टीला जमालपुरा, नारियल खेड़ा, हमीदिया रोड और रेलवे स्टेशन क्षेत्र पहुंचे, जहां सफाई व्यवस्था के साथ लोगों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके अलावा एमपी नगर, अयोध्या नगर और एमएसीटी स्क्वायर में भी व्यवस्थाएं देखीं। केंद्रीय टीम ने सरकारी स्कूलों में पहुंचकर साफ-सफाई, शौचालय व्यवस्था और परिसर की स्थिति देखी। वहीं सुलभ कॉम्प्लेक्स की स्वच्छता और रखरखाव का भी निरीक्षण किया गया। शहर के कई गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स पर पहुंचकर यह देखा कि नियमित सफाई हो रही है या नहीं।

### वार्ड 13, 18, 21, 22 और 42 में पहुंची केंद्रीय मूल्यांकन टीम


जोन 15 के पार्क में कर्मचारी से सफाई व्यवस्था की जानकारी लेता दल।

दूसरे दिन टीम ने वार्ड 13, 18, 21, 22 और 42 में सर्वे करने पहुंची। वार्ड 21 के चौक क्षेत्र, टीला जमालपुरा और नारियल खेड़ा में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। वहीं मिंटो हॉल, पुराना किला क्षेत्र, जोन-16 के वार्ड-76 और जोन-15 के पार्कों का भी निरीक्षण किया। केंद्रीय टीम लगातार जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की जांच कर रही है।

### बैरसिया में तैयारियां पूरीं, कभी भी जा सकती है टीम

स्वच्छ भारत मिशन की स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत बैरसिया भी केंद्रीय मूल्यांकन टीम कभी भी जा सकती है। पहले यह सर्वे बैरसिया से शुरू होने के कयास लगाए गए थे, लेकिन सर्वे गुरुवार को राजधानी से शुरू हो गया। बैरसिया नगर पालिका में भोपाल में चल रहे सर्वे की जानकारी मिलने पर अधिकारी-कर्मचारी अलर्ट मोड पर हैं और तैयारियों को ओर मजबूत करने में लगे हैं।



एमएसीटी स्क्वायर पर सुलभ काम्प्लेक्स पहुंचे टीम के सदस्य।

### देर शाम तक केंद्रीय मूल्यांकन टीम करती रही सर्वेक्षण

टीम देर शाम तक अलग-अलग क्षेत्रों में सर्वेक्षण करती रही। पंजाबी बाग स्थित बैक लेन में बनाई गई फिश एक्वेरियम की सुंदर पेटिंग और एक कचरा गार्बेज स्टेशन (जीटीएस) सेलिग्रेशन के काम को देखा और यहां सेल्फी भी ली।

### बेहद गोपनीय और हाईटेक सर्वे

सर्वे की पूरी प्रक्रिया को बेहद गोपनीय और हाईटेक रखा गया है। जानकारों का कहना है कि दिल्ली की टीम को भी पहले से नहीं पता होता कि उन्हें किस गली या मोहल्ले में जाना है। स्वच्छता सर्वेक्षण टीम के पोर्टल पर सिटी प्रोफाइल के तहत जो स्थान दर्ज थे, वे एक के बाद एक लाइव खुलते हैं। जैसे ही पोर्टल पर अगला स्पाट अनलाक होता, तीन-चार सदस्यों की यह टीम सीधे वहां पहुंच जाती। अचानक बदले रूट और सीक्रेट स्पाट्स की वजह से नगर निगम के अधिकारियों तक को भनक नहीं लग पाती।



खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर टपरा में बैठे 5 बदमाशों ने की जमकर मारपीट

# शराबी युवक ने ससुराल जा रहे किसान से मांगी लिफ्ट, इनकार करने पर साथियों के साथ मिलकर मारे लात-घूंसे, चाकू से भी किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर टपरा में पांच बदमाशों ने मिलकर किसान से बेल्ट, लात-घूंसों से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। घटना के समय किसान अपने गांव से गांधी नगर ससुराल जा रहा था। एक युवक ने उनसे लिफ्ट मांगी। लिफ्ट नहीं देने पर उसने अपने साथियों को बुलाकर किसान के साथ लात-घूंसों और बेल्ट से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया।

पुलिस ने किसान की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार माखन अहिरवार (26) गांव तूमड़ा, खजूरी सड़क इलाके में रहता है और खेती किसानी करता है। उसकी गांधी नगर में ससुराल है। गुरुवार रात वह अपने घर से ससुराल गांधी नगर जाने के लिए बाइक से निकला। राजीव नगर टपरा पहुंचते ही एक युवक ने उन्हें रोक लिया और सड़क तक छोड़ने की बात कही। युवक नशे में था और उन्होंने साथ ले जाने से मना कर दिया। इस पर युवक भड़क गया। उसने अपने साथियों को बुलाकर माखन अहिरवार के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने माखन के साथ लात घूंसों और बेल्ट से मारपीट की। इस दौरान उस पर चाकू से भी हमला किया था। हालांकि चाकू से माखन को गंभीर चोट नहीं आई है। पुलिस ने उक्त मामले में राजू, राज, अखिलेष, मुकेश और अभिषेक पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।



हमले में परिवार के चार सदस्य घायल, पुलिस ने काउंटर प्रकरण दर्ज किया

## रंजिश में बदमाशों ने परिवार पर किया रॉड और डंडे से हमला

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर फेस वन में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात रंजिश में बदमाश ने अपने दो भाइयों के साथ मिलकर घर के बाहर लगे मीटर में तोड़फोड़ कर दी। परिजन ने दरवाजा खोला तो आरोपियों ने रॉड और डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में परिवार के चार सदस्य घायल हुए है। जवाबी मारपीट में दूसरा पक्ष भी घायल है। फिलहाल पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत गैरइरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की शिकायत पर काउंटर प्रकरण दर्ज किया जाएगा। पुलिस के अनुसार हरिराम साहू (53) शिव नगर फेस वन में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि दो साल पहले उनके मकान पर प्रीतम साहू ने कब्जा कर रखा था। इसकी उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत की थी। कब्जा हट गया, तभी से प्रीतम सिंह उनसे रंजिश रखे हुए है। गुरुवार-शुक्रवार की रात हरिराम साहू घर पर परिवार के साथ थे। रात करीब डेढ़ बजे प्रीतम सिंह राजपूत अपने दो भाइयों के साथ उनके घर पहुंच गया। उसने दरवाजा खटखटाया और गाली-गलौज शुरू कर दी। हरिराम और परिवार के सदस्यों ने दरवाजा नहीं खोला। इस पर प्रीतम सिंह और उसके भाइयों ने बाहर लगे बिजली के मीटर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। दरवाजे पर भी रॉड से हमला किया। हंगामा बढ़ने पर हरिराम ने दरवाजा खोला तो आरोपी घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने रॉड और डंडे से हमला कर दिया। रॉड सिर पर लगने से हरिराम का बेटा अभिषेक साहू गंभीर रूप से घायल हुआ है, जबकि हरिराम और उसकी बहू रानी साहू सहित बेटी अमृता को भी चोट आई है। पुलिस ने बताया कि मारपीट और हमले के जवाब में हरिराम के पक्ष की तरफ से भी मारपीट की गई है।

### खबर संक्षेप



### डरबिन ढाबे पर मिली बियर की बोतलें, स्कूटर पर मिली देसी शराब

**भोपाल।** शहर में अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। आबकारी विभाग की टीम रोजाना सर्चिंग कर अवैध शराब जब्त कर रही है। शुक्रवार को भी टीम ने डरबिन ढाबे से बियर की बोतलें जब्त की हैं। इसी तरह टीटी नगर सड़क के पास आरोपी संतोष लोंधे के कब्जे से 54 लीटर देसी शराब जब्त की है। आबकारी कंट्रोल रूम प्रभारी आरजी भदौरिया ने बताया कि प्लैटिनम प्लाजा के पास संतोष लोंधे पुत्र कन्हैया लोंधे के स्कूटर से 54 लीटर अवैध देसी शराब और स्कूटर जब्त की है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इधर बैरागढ़ क्षेत्र के सलाम बरखेड़ा में एक व्यक्ति के कब्जे से 40 पाव देसी शराब बरामद की है।

### हिंद सिंध सरताज साईं साधराम साहब को सिंधी पंचायत ने दी श्रद्धांजलि



**संतनगर।** हिंद सिंध सरताज हजूरी रूप साईं साधराम साहब के ब्रम्हलीन होने पर पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर द्वारा पंचायत सभागृह में साधराम साहब के छायाचित्र पर मालार्पण एवं फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने कहा कि पूज्य संत साईं साधराम साहेब सिंधी समाज के एक अत्यंत सम्मानित और आध्यात्मिक संत थे। वे संत सतराम धाम रहड़की साहिब सिंध की परंपरा से जुड़े थे और उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव सेवा व परोपकार को समर्पित कर दिया था। उनका जाना सिंधी समाज के लिए ऐसी अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर पंचायत कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी व साहित्यकार राकेश शेवानी ने संत जी द्वारा मानव सेवा व समाज सेवा के कार्यों की जानकारी दी।

### आरती यादव की माता को पटवा ने दी श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा अर्जुन नगर में भोजपुर नारी शक्ति की अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद आरती यादव के निवास पर पहुंच कर उनकी माता स्व. श्याम रानी शशि यादव को श्रद्धांजलि दी। विधायक पटवा के साथ कन्हैया नंदवंशी, डॉ. भूपेंद्र नागर, नरेंद्र शर्मा, पंकज कोठारी, मनोज चौरसिया, माखन सेन, जीतू नंदवंशी, जिले के पूर्व महामंत्री आदि लोगों शामिल थे।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1638 | | |
| दिन: | 127 | 00 | 190 |
| रात: | 377 | 70 | 389 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 158 | 40 | 334 |
| रात: | 167 | 48 | 260 |

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित सूरज नगर झुग्गी बस्ती में हुआ हादसा

# लड़ रहीं गाय टीनशेड तोड़कर झुग्गी में गिरी, दबने से बुजुर्ग महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित सूरज नगर झुग्गी में टीनशेड तोड़ते हुए झुग्गी में सो रही बुजुर्ग महिला पर जा गिरी। इस हादसे में बुजुर्ग महिला को गंभीर चोट आई थी और उनकी मौत हो गई।

दरअसल, झुग्गी पहाड़ी की ढलान पर बनी हुई हैं। ऊपर की तरफ गाय आपस में लड़ रही थी और बैलेंस बिगड़ने पर एक गाय टीनशेड पर गिर गई। वजन अधिक होने के कारण टीनशेड तोड़ते हुए बुजुर्ग महिला पर जा गिरी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार गीताबाई (64) ज्युडिशियल अकादमी के पास पहाड़ी पर बसे सूरज नगर में रहती थीं। उनके पति की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। परिवार में बहू और बेटा है। बेटा होटल में काम करता है। परिजन ने बताया कि उनकी झुग्गी ढलान पर बनी हुई है। गुरुवार रात करीब आठ बजे के आसपास ऊपर की तरफ दो गाय आपस में लड़ रही थी। इस बीच एक गाय का बैलेंस बिगड़ा और वह ऊपर से टीनशेड पर जा गिरी। गाय का वजन अधिक होने के कारण वह टीनशेड तोड़ते हुए नीचे झुग्गी में सो रही गीताबाई पर गिर गई। टीनशेड और गाय के नीचे दबी गीताबाई को बहू ने किसी तरह बाहर निकाला और अस्पताल लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर गीताबाई को मृत घोषित कर दिया।



### छुट्टी पर घर आए पुजारी के नाबालिग बेटे ने लगाई फांसी

भोपाल। बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव बैरागढ़ में पुजारी के इकलौते बेटे ने छत पर बने बाथरूम में फांसी लगा ली। गुरुवार शाम उसे छत पर बने बाथरूम में फांसी के फंदे पर लटका देख परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक रातीबड़ के निजी स्कूल में पढ़ता था और वहीं हॉस्टल में रहता था। अभी एक सप्ताह पहले ही वह छुट्टी पर घर आया था। उसने फांसी क्यों लगाई इसके कारण अभी अज्ञात है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसे माता या पिता ने किसी बात को लेकर फटकार लगाई थी।

पुलिस के अनुसार अमन शर्मा पिता अनिल शर्मा (15) गांव बैरागढ़ में रहता था। उसके पिता अनिल शर्मा गांव के मंदिर में पुजारी हैं। अनिल शर्मा ने पुलिस को बताया कि बेटा शारदा विहार स्कूल रातीबड़ में पढ़ता था और वहीं हॉस्टल में रहता था। एक सप्ताह पहले ही वह घर आया था। गुरुवार शाम उनकी पत्नी किचन में थी। इसी बीच अमन छत पर बने बाथरूम में पहुंचा और फांसी लगा ली। काफी देर तक अमन नजर नहीं आया तो मां उसे देखने के लिए छत पर गई थी।

इस दौरान अमन फांसी के फंदे पर लटका मिला। मां आसपास के लोगों की मदद से अमन को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गई, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर अमन को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**रातीबड़ के निजी स्कूल में कक्षा सातवीं में पढ़ता था अमन**

**दो बहनों में इकलौता था अमन** -पुजारी अनिल शर्मा तीन भाई हैं। तीनों के घर बेटियां है। अनिल की आठ और छह साल की बेटियां हैं, जबकि अमन इकलौता बेटा था। अमन की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान नहीं हो सके है।

### पानी की टंकी में डूबकर तीन साल के मासूम की मौत

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित ई-थ्री अरेरा कॉलोनी में शुक्रवार शाम तीन साल के मासूम की पानी की टंकी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार बृजेश अहिरवार, बंगला नंबर ई-थ्री/200 की सर्वेंट क्वार्टर में रहते हैं और बंगले पर काम करते हैं। उनका तीन साल का बेटा लव अहिरवार था। शुक्रवार शाम लव अहिरवार सर्वेंट क्वार्टर के बाहर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह नल के पास पहुंच गया। नल के नीचे मुंह हाथ धोने के लिए टंकी बनी हुई है। खेलते-खेलते वह टंकी में गिर गया। परिजन की नजर पड़ी तो वह पानी में डूबा हुआ था। उसे तत्काल पानी से बाहर निकालकर परिजन जय प्रकाश अस्पताल ले कर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर लव अहिरवार को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लव का शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। पुलिस का कहना है कि शनिवार को शव का पीएम कराने के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे।

मंत्री सारंग ने परिजनों को समझाइश देकर खुलवाया जाम

# युवक की संदिग्ध मौत के मामले में मंत्री सारंग ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने शुक्रवार को अन्ना नगर निवासी 18 वर्षीय एस. चंद्रू पिता शंकर की नशामुक्ति केंद्र में हुई संदिग्ध मौत के मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस प्रशासन को त्वरित एवं निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। न्याय की मांग को लेकर आक्रोशित परिजनों एवं क्षेत्रवासियों ने सड़क पर शव रखकर चार घंटे से अधिक समय तक चक्का जाम करके विरोध प्रदर्शन किया।

मंत्री सारंग ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाइश देकर चक्का जाम खुलवाया। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सारंग ने कहा कि अन्ना नगर क्षेत्र का एक युवा नशामुक्ति केंद्र में भर्ती था, लेकिन नशामुक्ति केंद्र की लापरवाही के कारण वह आज हमारे बीच नहीं रहा। परिजनों द्वारा यहां चक्का जाम किया गया था, जिसे हमने समझाइश देकर खुलवाया है। पुलिस प्रशासन को तत्काल एवं सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई भी दोषी बच न सके। संबंधित नशामुक्ति केंद्र को बंद किया जाएगा तथा उसके संचालक के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बतादें कि गुरुवार रात केंद्र परिसर के बाथरूम में युवक के फांसी लगाने की सूचना सामने आई। वहीं परिजनों ने इस घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है।



शव रखकर जक्काजाम कर रहे लोगों को समझाइश देते मंत्री सारंग।

एक साल पहले नगर परिषद ने तोड़ी थी 300 दुकानें

## औबेदुल्लागंज में विस्थापित दुकानदारों का नहीं हुआ पुनर्वास, बढ़ता जा रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर विकास कार्यों के नाम पर करीब एक वर्ष पहले हटाए गए सैकड़ों दुकानदार आज भी पुनर्वास की बाट जोह रहे हैं। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा जल्द स्थायी दुकानें उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक वादा पूरा नहीं हो सका है।

राकेश बाथम, कैलाश साहू, सोहेल, पप्पू, जीवन लाल साहू आदि दुकानदारों का कहना है कि सड़क किनारे वर्षों से रोजगार चला रहे लगभग 300 परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई है। रोजगार छिनने से करीब 1500 से अधिक लोग आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। प्रभावित परिवारों ने आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं निकला गया। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि नगर परिषद ने अतिक्रमण हटाने के समय शीघ्र पुनर्वास का भरोसा दिलाया था, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इससे दुकानदारों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। दुकानदारों ने प्रशासन से जल्द दुकानों का निर्माण शुरू कर पुनर्वास की मांग की है, ताकि उनके परिवारों की रोजी-रोटी फिर से पटरी पर लौट सके।

बीएचईएल भोपाल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

## हिंदी में कार्य के लिए इकाई में सभी को प्रोत्साहित करें : उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीएचईएल में शुक्रवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक कार्यपालक निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में टीयू सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सहित सभी महाप्रबंधक एवं विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

बैठक में उपाध्याय ने कहा कि हिंदी में कार्य के लिए इकाई में सभी को प्रोत्साहित करें, प्रेरित करें, नई नई गतिविधियां करें साथ ही सदैव कुछ नयापन लाएं। उन्होंने कहा कि विभागीय हिंदी ई-पत्रिकाओं में कंपनी की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे विषयों का चयन किया जाए, जो प्रत्यक्ष रूप से कंपनी के हित में लाभदायक हों, जैसे- 5-एस, रखरखाव, सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए आपके सुझाव, उपलब्धियां, दौरे पर कार्य के दौरान प्राप्त अनुभव, इंजीनियरिंग हाइलाइट्स, गुणता पर लेख आमंत्रित किए जाएं।



राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में चर्चा करते हुए अधिकारी।

### उत्पादन के साथ राजभाषा में भी अग्रणी है भोपाल इकाई : सिंह

इससे पूर्व अपने स्वागत संबोधन में सिंह ने कहा कि हम सभी के सम्मिलित व समर्पित प्रयासों से बीएचईएल की भोपाल इकाई न केवल उत्पादन के क्षेत्र में अपितु राजभाषा के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रही है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वर्तमान में हिंदी के प्रयोग को और अधिक बढ़ाया जाए। अंत में पूनम साहू, प्रबंधक (राजभाषा) ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विगत तिमाही की गतिविधियों एवं आगामी कार्य-योजना पर प्रस्तुतीकरण करते हुए बताया कि बैठक में भोपाल इकाई में राजभाषा कार्यान्वयन को और अधिक प्रभावी बनाने संबंधी विभागीय कार्य योजनाओं, बैठकों, प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं, आदि विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा की।

सक्रिय भूमिका और समर्पण को देख पार्टी ने सौंपी जिम्मेदारी

## विनोद जिला कांग्रेस के महासचिव और खटीक बने सचिव, बधाई देने लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद इरपाचे को जिला कांग्रेस के महासचिव एवं हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक को जिला कांग्रेस कमेटी सचिव बनाए जाने पर नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं नगरवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

नगरवासियों ने कहा कि दोनों नेता लंबे समय से सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी कार्यशैली, संगठन क्षमता एवं जनता के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी ने दोनों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। साधु गौर, राजू मेहरा, परेश नागर, दुर्गेश यादव, इमरत सिंह दरबार, सूरजमल गौर, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष जमुना राजपूत, हरजीत सिंह मंगू, पंकज शर्मा, मौनी नागर, उत्तम यादव, डॉ. नंदू नागर, महेश जैन, महेंद्र धाकड़, रेवा शंकर राय, पवित्र कौर, सेंकी मदान आदि ने दोनों को बधाई दी।



विनोद इरपाचे का स्वागत करते कांग्रेसी।



राजेश खटीक को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए।



## श्रीमद् भागवत कथा में सुखदेव महाराज का सुनाया प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

काली मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को कथा वाचक चित्रकूट धाम के पंडित संतोष तिवारी शास्त्री ने सुखदेव जी की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान शंकर की अमर कथा तोता ने सुन लिया था। पीछे से बैठकर कथा सुनने से भगवान शंकर ने क्रोधित होकर त्रिशूल चला दिया था, हिमालय में तोता का बच्चा व्यास पत्नी के मुंह के द्वारा पेट में प्रवेश कर गया। अंडाकार होता हुआ बच्चे के रूप में परिवर्तित हुआ और सुक यानि तोता, सुखदेव जी नाम से संसार में विख्यात हुआ। शनिवार को कथा पंडाल में भगवान श्री कृष्ण का भव्य जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, सुरजीत सिंह बिल्ले, आरती यादव, वचन लोधी, मोहन योगी, धर्मेंद्र चौरसिया, इंग्लिश यादव, पूजा लोधी आदि ने श्रद्धालुओं से आकर कथा सुनने की अपील की है।

संतनगर स्टेशन के जंक्शन घोषित, अब तेजी से होंगे विकास कार्य

# संत नगर स्टेशन की इलेक्ट्रिक लाइन 1.32 करोड़ से सुधरेगी, ऑटो ट्रांसफॉर्मर लगेगा

स्टेशन परिसर में दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं का विस्तार करते हुए रैंप, दिव्यांग संकेतक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल रेल मंडल के अंतर्गत संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन को जंक्शन घोषित करने के साथ ही अब यहां पर तेजी से विकास काम किए जाएंगे। इसको लेकर भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों ने योजना बनाई है। इसके तहत आने वाले दिनों में रेलवे यार्ड में बिजली से जुड़े काम जल्द ही शुरू किए जाएंगे।




इस कार्य के तहत यार्ड की ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन (ओएचई) की तकनीक में बदलाव और सुधार किया जाएगा। इसके साथ ही टर्नआउट (जहां से ट्रेन एक लाइन से दूसरी लाइन पर जाती है) पर 25 केवीए का ऑटो ट्रांसफॉर्मर लगाया जाएगा। इसके लगने से ट्रेनों के लिए लगातार और सही वोल्टेज की बिजली मिल सकेगी। स्टेशन पर किए जा रहे इस पूरे कार्य पर रेलवे करीब लगभग 1.32 करोड़ रुपए खर्च करेगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत के तहत संत हिरदाराम नगर स्टेशन एनएसजी-3 श्रेणी का महत्वपूर्ण स्टेशन है, जहां यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर आवागमन को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। स्टेशन पर यात्रियों के वाहनों की बेहतर व्यवस्था के लिए मल्टीलेवल पार्किंग का काम किया जा रहा है। स्टेशन परिसर में दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं का विस्तार करते हुए रैंप, दिव्यांग संकेतक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं।

रेलवे स्टेशन पर पिछले 35 वर्षों से कर रहे जलसेवा कार्य

## भारतीय संस्कृति में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्यः रामदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर विगत 35 वर्षों से रेल सुविधा संघर्ष समिति व सहयोगी जीव सेवा संस्थान द्वारा गर्मियों में मुसाफिरों व राहगिरों को निःशुल्क शीतल पेयजल की सेवा करती है। इसी कड़ी में महंत बाबा रामदास उदासीन संत नगर स्टेशन पर पहुंचे और उन्होंने रेल सुविधा संघर्ष समिति द्वारा शीतल पेयजल की सेवा देखी। बाबा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य माना गया है।

संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशनों पर जल सेवा का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को गर्मी और सफर के दौरान निःशुल्क पीने का साफ पानी उपलब्ध कराना है। समिति के सदस्य बधाई के पात्र हैं, जो यह पुण्य का कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा भी समाज के अन्य क्षेत्र में भी सामाजिक कार्य करते हैं। इस अवसर पर समिति द्वारा बाबा व उनके सुपुत्र संतोष उदासीन का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अफ़सर पर समिति अध्यक्ष परसराम आसनानी, प्रकाश मोरंदानी, कन्हैयालाल पारवानी, राम मालानी, गोरधनदास प्रियानी, कमलेश देवानी, शंकरलाल, रेलवानी आदि मौजूद थे।



बाबा रामदास उदासीन संत नगर स्टेशन पर पहुंचे तो पानी पिलाकर सेवा करते लोग।

# समान नागरिक संहिता उच्च स्तरीय समिति जिलों में जाकर लोगों के प्राप्त करेगी सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समान नागरिकता संहिता के संबंध में प्रदेश में प्राप्त सुझावों के संकलन के लिए की गई पहल सराहनीय है। जनता के मत प्राप्त करने के लिए बनाई गई वेबसाइट इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी होगी। जिलों में समान नागरिक संहिता समिति के भ्रमण से यह कार्य आसान होगा। लोगों के हितों की सुरक्षा के लिए पारिवारिक विधि के समग्र अध्ययन की जरूरत है। जन सामान्य, राजनीतिक दल, गैर शासकीय संगठन आदि इस संबंध में अपना मत प्रस्तुत करेंगे, जिनका सम्मान करते हुए विचार मंथन होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में समान नागरिक संहिता मप्रकी वेबसाइट का विमोचन किया। इस तरह की वेबसाइट के निर्माण में मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में है। मुख्यमंत्री ने समान नागरिक संहिता समिति के सदस्यों को वेबसाइट के निर्माण के लिए बधाई दी।

## आगामी 15 जून तक सुझाव दिए जा सकेंगे, जन परामर्श के लिए समिति की वेबसाइट का निर्माण, मुख्यमंत्री ने किया वेबसाइट का लोकार्पण

### जन परामर्श के उद्देश्य से समिति ने वेबसाइट का निर्माण कर महत्वपूर्ण कार्य किया


बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

सीएम ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है। वेबसाइट लांच किए जाने के अवसर पर समान नागरिक संहिता उच्च स्तरीय समिति की अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रकाश रचना देसाई ने भी वर्चुअली संबोधित किया। समिति के सचिव अजय कटेसरिया ने समिति के कार्यों का विवरण दिया। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। जन परामर्श के उद्देश्य से समिति ने वेबसाइट का निर्माण कर महत्वपूर्ण कार्य किया है।

### समान नागरिक संहिता उच्च स्तरीय समिति बधाई की पात्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र एक राष्ट्र, एक विधान, एक निशान के महत्व को समझते हुए इसके अलावा एक विधि के लिए आवश्यक दायित्व पूर्ण करेगा। निश्चित ही यह जन हितैषी कार्य है। इस नाते गठित समान नागरिक संहिता उच्च स्तरीय समिति बधाई की पात्र है। राज्य शासनने विवाह, भरण पोषण, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार एवं अन्य परिवार संबंधित कानूनों से संबंधित विधिक, सामाजिक और प्रशासनिक पहलुओं का विस्तृत अध्ययन कर समान नागरिक संहिता के संबंध में उपयुक्त अनुशंसाओं को प्रस्तुत किया जाएगा। इस उद्देश्य से ही उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है विस्तृत अध्ययन के उद्देश्य से समान नागरिक संहिता के संबंध में उपयुक्त अनुसंधान प्रस्तुत करने के लिए यह समिति महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर समितिकी ओर से जन परामर्श के उद्देश्य से निर्मित की गई वेबसाइट https://ucc.mp.gov.in/ पर जनमानस से सुझाव सुगमता से प्राप्त किए जा सकेंगे। सुझाव देने की अंतिम तिथि 22 मई से आगामी 15 जून तक निर्धारित की गई है।

**सुझाव देने की अंतिम तिथि 22 मई से आगामी 15 जून**

## खबर संक्षेप

### त्योहार को लेकर सफाई के इंतजाम के निर्देश

**भोपाल।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने आगामी ईद-उल-अजहा के अवसर पर बेहतर से बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा वध किए गए पशुओं के अवशेष व अन्य प्रकार के कचरे को तत्काल निष्पादन स्थल पर पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर शुक्रवार को हेल्थ विभाग की बैठक ली। उन्होंने त्योहार पर विशेष साफ-सफाई व्यवस्था करने, जिन स्थानों पर ईद की नमाज अदा की जानी है वहां और अस्थाई पशुवध स्थलों पर भी साफ-सफाई एवं चूना व रसायन आदि डालने, ईद-उल-अजहा के तीनों दिन पशुओं के अवशेष व अन्य कचरे को त्वरित गति से निष्पादन स्थल पर पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्लाटर वेस्ट के एकत्रीकरण व निष्पादन स्थल पर पहुंचाने के लिए जरूरी वाहन व संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर आयुक्त वरूण अवस्थी, उपायुक्त चंचलेश गिरहारे, कार्यपालन यंत्री प्रमोद मालवीय आदि मौजूद रहे।

### बच्चों के लिए तैयार होगा इंडिविजुअल केयर प्लान

**भोपाल।** आयुक्त महिला एवं बाल विकास सुश्री निधि निवेदिता ने कहा कि इंडिविजुअल केयर प्लान केवल औपचारिक दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे के जीवन और भविष्य की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र बच्चे के लिए आईसीपी तैयार किया जाना अनिवार्य है तथा समय-समय पर उसका मूल्यांकन भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाल देखरेख संस्थाओं में रह रहे बच्चों के साथ समुदाय में संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए भी आईसीपी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि हर बच्चे की परिस्थितियां, समस्याएं अलग होती हैं।

## मंत्रालय में हुई खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कार्यों की समीक्षा

# उपभोक्ता हित में अन्य विभागों से समन्वय बढ़ाकर कार्य करे खाद्य विभाग: मुख्यमंत्री

### अनाजों के भंडारण में क्षति कम करने भारतीय प्रबंध संस्थान मुंबई में प्रशिक्षण की पहल की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खाद्य विभाग अन्य विभागों से बेहतर समन्वय स्थापित कर उपभोक्ता हित में कार्य करे। खाद्य विभाग ने अनेक नवाचार किए हैं जिनका लाभ उपभोक्ताओं को मिल रहा है। नवाचारों और उपभोक्ता हित का कार्य निरंतर किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के परिवहनकर्ता के रूट ऑप्टिमाइजेशन के कार्य से परिवहन लागत में सरकार को 42 लाख रुपए प्रति माह की बचत हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मंत्रालय में खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि खाद्य विभाग ने उचित मूल्य दुकानों का जन पोषण मार्ट के रूप में उन्नयन किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम के तहत पात्र हितग्राहियों को मोबाइल पर संदेश भेजकर राशन प्रदाय और वितरण की सूचना देने का प्रावधान किया गया है। यह नवाचार उपभोक्ताओं के कल्याण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।


बैठक में सीएम डॉ. मोहन, मंत्री गोंविद सिंह व अफसरों से चर्चा करते हुए।

### निगम कर्मियों के कौशल उन्नयन की गतिविधियां जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निगम कर्मियों के कौशल उन्नयन की गतिविधियां जारी रखी जाएं। इसी तरह उपार्जन, मिलिंग और परिवहन के लिए उपयोग में लिए जा रहे वाहनों का यूलिप (यूएलआईपी) सॉफ्टवेयर से सत्यापन किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न उपार्जन के लिए जूट कमिश्नर से खाली बारदाने क्रय करने के लिए सीसी लिमिट से भुगतान की व्यवस्था लागू की गई है। यह व्यवस्था लागू करने वाला मध्यप्रदेश, उड़ीसा और पंजाब के पश्चात तीसरा प्रांत है। इस प्रणाली से 18 करोड़ रुपए की ब्याज राशि की बचत करने में सफलता मिली है।

### जीपीएस से स्टेट लेवल कमांड कंट्रोल सेंटर से मॉनिटरिंग

मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के वाहनों में जीपीएस के माध्यम से स्टेट लेवल कमांड कंट्रोल सेंटर से मॉनिटरिंग व्यवस्था की गई। इसी तरह सिविल सप्लाई कारपोरेशन ने सभी स्तरों पर ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री ने गोदाम में स्कंध के भंडारण की क्षति को कम करने के लिए वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन के अमले को भारतीय प्रबंध संस्थान मुंबई में प्रशिक्षण दिलवाने की पहल की भी प्रशंसा की।

### अन्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त की-

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गेहूं उपार्जन कार्य की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ऐसा मॉडल विकसित करने के निर्देश दिए जिससे गेहूं की जींस की प्रोसेसिंग, ग्रेडिंग आदि के कार्य लघु मध्यम और सूक्ष्म विभाग के सहयोग से किए जा सकें। इस कार्य में स्व-सहायता समूह की भूमिका भी हो सकती है। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। बैठक में खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, मुख्य सचिव अनुराग जैन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, शहरी गैस वितरण और उपभोक्ता हित में किए गए प्रयासों की जानकारी प्रदान की गई।

### वर्षा पूर्व सड़क, पुल एवं भवनों के मेंटेनेंस का कार्य करें पूर्ण

**भोपाल।** लोक निर्माण विभाग के तहत प्रदेश में संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा के लिए 20 मई को मुख्य अभियंताओं के सात दलों ने भोपाल, मण्डला, अशोकनगर, खंडवा, रीवा, नीमच एवं निवाड़ी जिलों में औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण में कुल 34 कार्यों का रेंडम आधार पर चयन कर परीक्षण किया गया। निरीक्षित कार्यों में 21 कार्य लोक निर्माण विभाग (सड़क एवं पुल), 6 कार्य परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआईयू) के भवन निर्माण, 6 कार्य मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा एक कार्य मप्र भवन विकास निगम से संबंधित था। निरीक्षण दलों से प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा बैठक मप्र सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख अभियंता (सड़क/पुल) केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) एसआर बघेल, प्रमुख अभियंता (बीडीसी) अजय श्रीवास्तव, तकनीकी सलाहकार एमपीआरडीसी आरके मेहरा सहित विभाग के समस्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी ऑनलाइन उपस्थित थे। समीक्षा में निवाड़ी जिले में सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय से रियारा धाम तेहरका तक 1.50 किलोमीटर लंबाई की निर्माणाधीन सड़क के संबंध में संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सागर परिक्षेत्र को पुनः निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त 19 अन्य कार्यों में आंशिक सुधार कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए।

## आयुर्वेद चिकित्सा के सफल प्रयोग की जानकारी व लाभ जन-जन तक पहुंचाएं

### बुजुर्ग रोगियों के लिए वयोमित्र कार्यक्रम एक आदर्श मॉडल | मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन से जुड़े स्थानों पर आयुर्वेद पद्धति से चिकित्सा व्यवस्था और वेलनेस केन्द्र स्थापित करने की पहल सराहनीय है। अन्य प्रदेशों में हुए ऐसे सफल प्रयोगों और नवाचारों का अध्ययन कर बेहतर कार्य करते हुए उन्होंने जन-जन तक इनकी जानकारी और इनका लाभ पहुंचाने के आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृद्ध नागरिकों की डोर टू डोर आयुष देखभाल के लिए वयोमित्र कार्यक्रम उपयोगी है। इसी तरह कारूण्य के अंतर्गत असाध्य रोगों का कष्ट झेल रहे रोगियों के जीवन को गुणवत्तापूर्ण बनाने का कार्य भी प्रशंसनीय है।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्री परमार से चर्चा करते हुए।

### 12 आयुष हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र बन रहे

डॉ. यादव ने मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में आयुष विभाग के कार्यों की जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि मप्र पर्यटन विभाग के साथ किए गए एमओयू के तहत प्रदेश में 12 आयुष हेल्थ एंड वेलनेस केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं। इनमें विश्व धरोहर स्थल खजुराहो जिला छतरपुर के साथ ही ओंकारेश्वर जिला खण्डवा, चंदेरी जिला अशोकनगर, चित्रकूट जिला सतना, पचमढ़ी जिला नर्मदापुरम, ओरछा जिला निवाड़ी के अलावा उज्जैन, दतिया, मंदसौर, आलीराजपुर, सिंगरौली और आगर-मालवा शामिल हैं।

### प्रत्येक आयुष विंग में पंचकर्म यूनिट की स्थापना

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एलोपैथी के साथ ही ऐसी चिकित्सा पद्धतियों का प्रोत्साहन आवश्यक है जो भारतीय परम्परा से जुड़ी हैं। प्रदेश के अनेक स्थानों पर प्रख्यात आयुर्वेदाचार्य कार्यरत हैं। इनकी सेवाओं से बड़ी संख्या में नागरिक लाभान्वित होते हैं। उज्जैन सहित प्रदेश के अनेक स्थानों पर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का लाभ लेकर शल्य चिकित्सा के बिना रोगियों को लाभान्वित करने के उदाहरण मिलते हैं। सामान्य प्रसव करवाने वाले अस्पताल भी प्रदेश में संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजीवन आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ लेने वाले नागरिकों को भी प्रोत्साहन कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ्य नीति-2017 और विजन-2047 के अनुक्रम में प्रदेश के जिला स्तरीय चिकित्सालयों में विकल्प के रूप में आयुष चिकित्सा के लिए पृथक विंग स्थापित करने का कार्य चल रहा है। प्रत्येक आयुष विंग में पंचकर्म यूनिट की स्थापना भी की जाएगी।*

## कांग्रेस का प्रदेशस्तरीय सम्मेलन आयोजित

# भाजपा राज में असंगठित श्रमिकों का शोषण चरम पर : उदित राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस विभाग का एकदिवसीय प्रदेशस्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में अखिल भारतीय असंगठित कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद उदित राज, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन में उदित राज ने कहा कि भाजपा राज में असंगठित श्रमिकों का शोषण चरम पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा श्रमिकों और कमजोर वर्गों की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने सीएम को लिखा पत्र

# मप्र सरकार की संपत्तियों का सर्वे कर रिपोर्ट जारी की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रदेश सरकार की परिसंपत्तियों के सर्वे, डिजिटलीकरण और सार्वजनिक ऑडिट की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य शासन के विभिन्न विभागों, निगमों और सार्वजनिक संस्थाओं की संपत्तियों का समुचित डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, जिससे वित्तीय पारदर्शिता, प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पटवारी ने कहा कि कई परिसंपत्तियों के स्वामित्व को लेकर विवाद हैं और अनेक स्थानों पर कब्जों के आरोप हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के पास अपनी परिसंपत्तियों की संख्या, उपयोगिता और राजस्व का व्यवस्थित विवरण उपलब्ध नहीं है।

## गंगा दशहरा पर्व पर होंगे परिक्रमा, चुनरी अर्पण, पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

# उज्जैन में 25 और 26 मई को होने वाले विभिन्न आयोजनों में शामिल होंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### श्रद्धा, संस्कृति और जल संरक्षण के संदेश से जुड़े विविध आयोजन होंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गंगा दशहरा के अवसर पर 25 और 26 मई को उज्जैन में क्षिप्रा तट पर आयोजित परिक्रमा, चुनरी अर्पण, पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस अवसर पर श्रद्धा, संस्कृति और जल संरक्षण के संदेश से जुड़े विविध आयोजन किए जाएंगे।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा पर 25 मई को प्रदेशभर में वृहद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रभात फेरियां, नदी एवं जलाशय परिक्रमा, साइकिल रैली, चुनरी अर्पण-पूजन तथा जल और नदियों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी।

### सरकार ने जारी किए कलेक्टरों को निर्देश

राज्य सरकार द्वारा जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान में गंगा दशमी पर्व पर 25 मई को संपूर्ण प्रदेश में गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कार्यक्रमों में जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और आमजन की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए। राज्य सरकार का उद्देश्य जल संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देना तथा जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति व्यापक जन-जागरूकता विकसित करना है।

### भारत भवन में 'सदानीरा' का आयोजन 27 मई से

भारत भवन, भोपाल में 'सदानीरा' का आयोजन 27 मई से 2 जून 2026 तक किया जाएगा। कार्यक्रम में जल, प्रकृति और संस्कृति से जुड़े विविध आयामों को प्रस्तुत किया जाएगा। युवाओं एवं आमजन को जल संरचनाओं के संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संगोष्ठी, सेमीनार और व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम जिला मुख्यालयों के साथ प्रमुख नदियों, जलाशयों और जल स्रोतों के किनारे भी आयोजित होंगे।

## श्रमिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारा दायित्व: मंत्री पटेल

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम के पंजीकृत श्रमिकों को मिलेगा कैशलेस आयुष चिकित्सा का लाभ

### भारतीय चिकित्सा पद्धति को विश्वसनीयता के साथ आमजन तक पहुंचाने की पहल: मंत्री परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के तहत पंजीकृत श्रमिकों और उनके आश्रितों को कैशलेस आयुष चिकित्सा का लाभ दिया जाएगा। यह श्रमिकों के स्वास्थ्य कल्याण के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय है।

मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार की उपस्थिति में श्रम विभाग और आयुष विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया।

### श्रम विभाग और आयुष विभाग के बीच हुआ एमओयू



फाइल फोटो

इस एमओयू पर आयुष विभाग की ओर से आयुक्त डॉ. संजय मिश्र और श्रम विभाग (ईएसआईसी) की ओर से संचालक डॉ. सीएस जायसवाल ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर आयुष विभाग के प्रमुख सचिव शोभित जैन एवं श्रम विभाग के सचिव रघुराज एम आर सहित दोनों ही विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री पटेल ने कहा कि श्रमिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है और यह पहल भारतीय चिकित्सा पद्धति को आमजन में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर प्रदेश के श्रमिक सामूहिक रूप से योग कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश देंगे।

### वैकल्पिक उपचार के विकल्प मिलेंगे

इस समझौते का मुख्य उद्देश्य कर्मचारी राज्य बीमा योजना के लाभार्थियों को राज्य के शासकीय आयुष संस्थानों, जैसे चिकित्सा महाविद्यालयों, जिला चिकित्सालयों, एलोपैथिक अस्पतालों में संचालित आयुष विंग्स और औषधालयों के माध्यम से समग्र, सुलभ और पूरी तरह से कैशलेस चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसके तहत पंजीकृत कर्मचारियों और उनके आश्रितों को आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी पद्धतियों पर आधारित वैकल्पिक उपचार के बहुआयामी विकल्प प्राप्त हो सकेंगे। इस योजना के प्रथम चरण में इसे प्रदेश के 9 शासकीय आयुष चिकित्सा महाविद्यालयों में शुरू किया जाएगा और दोनों विभागों की सहमति से विस्तार किया जाएगा।

## राज्यमंत्री गौर ने अशोकनगर कलेक्टर को दिए निर्देश

# घुमंतू जनजाति के अगरिया (लोहापीट) समाज को जल्द दिए जाएं पट्टे: कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर से उनके निवास पर घुमंतू जनजाति वर्ग के अगरिया (लोहापीट/गाड़िया लोहार) समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल ने अशोकनगर जिले के चंदेरी क्षेत्र में लंबे समय से निवासरत समाज के लोगों को आवासीय पट्टे दिलाए जाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे राजू राणा ने बताया कि घुमक्कड़ समाज के कई परिवार पिछले लगभग 20 वर्षों से चंदेरी के तमरपुरा क्षेत्र में निवासरत हैं। इन परिवारों के सभी आवश्यक शासकीय दस्तावेज (आधार, वोटर आईडी आदि) भी चंदेरी के ही बने हुए हैं, लेकिन अब तक पट्टे नहीं मिले हैं। राज्यमंत्री गौर ने इस पर संज्ञान लेते हुए तत्काल अशोकनगर कलेक्टर को शीघ्र समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। श्रीमती गौर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाएगा और पट्टे वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पेज एक का शेष....

### मप्र वैश्विक वन्यजीव....

वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम) में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम एवं चीता संरक्षण वर्कशाप को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा मप्र 'मोगली लैंड' और 'सफेद शेरों की धरती' के नाम से भी जाना जाता है। लगभग 100 साल के बाद मप्र की धरती पर जंगली भैंसे का पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना की गई है। दुर्लभ प्रजाति के 33 कछुए और 53 घड़ियाल कूनो नदी में छोड़े गए हैं। हलाली डेम क्षेत्र में 5 लुप्तप्राय गिद्धों को उनके नैसर्गिक वातावरण में मुक्त किया गया है। मप्र वैश्विक वन्यजीव संरक्षण का सबसे बड़ा और वैज्ञानिक रोल मॉडल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में 5 हजार से अधिक वनस्पतियां, करीब 500 पक्षियों की प्रजातियां और 180 से अधिक मछलियों की प्रजातियां मौजूद हैं। अब तो मप्र के जंगलों में 100 से ज्यादा हाथी भी विचरण कर रहे हैं। कार्यक्रम में केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, केन्द्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे।

### शास्त्रों में कहा....

में दुनिया का नेतृत्व करता है। आजकल बारिश का पैटर्न बदलने से हमारी खेती पर असर पड़ा है।

### सीबीआई पता ...

पोस्टमार्टम करेगी। ट्विशा के पिता ने याचिका में कहा था कि उनकी बेटी की 12 मई की रात भोपाल स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। वे पहले हुए पोस्टमार्टम से संतुष्ट नहीं थे। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और महाधिवक्ता ने कहा कि सरकार को दोबारा पोस्टमार्टम से कोई आपत्ति नहीं है, हालांकि इसका कारण स्पष्ट होना चाहिए। वहीं याचिकाकर्ता के वकील अनुराग श्रीवास्तव ने तर्क दिया कि दोबारा पोस्टमार्टम से मौत की असली वजह और तथ्य अधिक स्पष्ट हो सकेंगे। इससे पहले भोपाल जिला एवं सत्र न्यायालय ने परिजनों की दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### पति समर्थ न....

समर्थ के सरेंडर को लेकर कोई स्पष्ट वजह भी नहीं बताई थी। समर्थ सिंह शुक्रवार को अपने साथियों के साथ कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा। इस दौरान मीडिया ने उससे बातचीत करने की कोशिश की, लेकिन वह पूरी तरह चुप्पी साधे रहा। कोर्ट परिसर में करीब एक घंटे तक गहमागहमी की स्थिति बनी रही।

### गिरिबाला के वकील....

बातचीत के दौरान उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया दी और सवालों पर आपत्ति जताई। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर बात सार्वजनिक करना जरूरी नहीं होता और जांच एजेंसियों को अपना काम करने देना चाहिए। जॉर्ज कार्लो बाद में केस से हट गए।

### गिरिबाला के कॉल ....

त्विषा की मौत के बाद दो दिनों तक किन-किन नंबरों पर बातचीत हुई, इसकी जानकारी जुटाने की मांग की गई है। ट्विशा के परिवार की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अंकुर पांडेय ने कहा कि पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज करने में दो दिन लगाए, जबकि गिरिबाला सिंह को कुछ ही घंटों में अग्रिम जमानत मिल गई। इसी आधार पर हाईकोर्ट में उनकी जमानत रद्द करने की मांग की गई है।

### सास की अग्रिम ....

कमिश्नर संजय कुमार ने बताया कि गिरिबाला सिंह को बयान दर्ज कराने के लिए तीन बार नोटिस दिया गया, लेकिन उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया।

### 1 जून को ....

होगी। नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 11 जून तय की गई है। आयोग के मुताबिक मतदान 18 जून को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। इसके बाद उसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना शुरू कर दी जाएगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया 20 जून 2026 तक पूरी कर ली जाएगी। गौर हो कि राज्यसभा सांसदों का चुनाव प्रत्यक्ष नहीं बल्कि अप्रत्यक्ष प्रणाली से होता है। इसमें संबंधित राज्य की विधानसभा के निर्वाचित विधायक मतदान करते हैं। चुनाव 'सिंगल ट्रांसफरेबल वोट' और आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत कराया जाता है, जिसमें विधायक उम्मीदवारों को प्राथमिकता क्रम में वोट देते हैं।

### आरबीआई डॉलर बेच ...

संजय मल्होत्रा ने बताया बैंक करेंसी को स्टेबल करने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि, एडिशनल करेंसी की अदला-बदली और विदेशी निवेशकों से डॉलर जुटाने जैसे तरीकों पर विचार कर रहा है। जब अमेरिका का केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व बैंक जब बाजार में पैसा डालना बंद कर देता है, तब विदेशी निवेशक भारत जैसे देशों में पैसा डालना बंद कर देते हैं। जिससे रुपया कमजोर हो जाता है, शेयर बाजार में गिरावट आती है, डॉलर महंगा हो जाता है, भारत पर आर्थिक दबाव बनता है। ऐसी स्थिति साल 2013 में बनी थी, तब आरबीआई ने टैपर टैंट्रम प्लेबुक नीति अपनाई थी। इसमें आरबीआई डॉलर को बेचकर रुपया संभालता है, ब्याज दरें बढ़ा देता है। सरकार ने साल 2013 में भी यही रणनीति अपनाई थी। जब उस दौर में आर्थिक संकट से देश जूझ रहा था, तब भी टैपर टैंट्रम प्लेबुक का सहारा लेकर देश में डॉलर को बेचकर रुपए को संभाला गया था।

### अब एक थाने ....

भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी की एक थाने में एक पद पर पदस्थापना सामान्यतः 4 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी। कार्यकाल पूरा होने के बाद किसी भी पुलिसकर्मी को दोबारा उसी थाने में पोस्टिंग नहीं दी जाएगी। यदि किसी पुलिसकर्मी को अलग-अलग पदों पर रहते हुए भी उसी पुराने थाने में वापस जाना है, तो दो पोस्टिंग के बीच कम से कम 3 साल का अंतर (गैप) होना अनिवार्य है। आरक्षक से लेकर उप-निरीक्षक स्तर के कर्मचारियों का एक ही अनुविभाग के अलग-अलग थानों में कुल पोस्टिंग पीरिएड 10 साल से अधिक नहीं हो सकता। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों और वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अपने अधीन थानों की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। 1 जून से 5 जून 2026 तक तबादला आदेश जारी कर दिए जाएंगे और सभी पुलिसकर्मियों को 15 जून तक नए थानों में हर हाल में जॉइनिंग लेनी होगी।

### फॉलोअर्स 19....

लाकर देश में अराजकता फैलाने का एक बड़ा माध्यम बन सकता है। एजेंसियों को अंदेशा है कि इस ऑनलाइन मूवमेंट के पीछे विदेशी फंडिंग या राष्ट्र-विरोधी ताकतों का हाथ हो सकता है, जो भारत में सुनियोजित ढंग से अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। अभिजीत दीपके खुद अकाउंट के ऑपरेटर हैं, आरोपों के बीच अभिजीत दीपके ने अपना डेटा साझा किया। उनके मुताबिक सीजेपी के 94 प्रतिशत इंस्टाग्राम फॉलोअर्स भारत से हैं, जबकि अमेरिका और ब्रिटेन से क्रमशः 1 प्रतिशत और 0.7 प्रतिशत फॉलोअर्स हैं। दीपके ने कहा कि विरोधी उनके अकाउंट को हैक करने की कोशिश कर रहे हैं और असफल होने के बाद गलत डेटा फैला रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि 94 प्रतिशत भारतीय युवाओं को पाकिस्तानी कैसे कहा जा सकता है?

### नमाज नहीं, पहली....

कारसेवकों के परिजनों का सम्मान किया। भोजशाला में सिर्फ जय सियाराम की गूंज सुनाई दी। सुबह से ही हिंदू श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हाईकोर्ट के फैसले बाद भोजशाला परिसर स्थित मस्जिद में नमाज की अनुमति नहीं है। इस फैसले के विरोध में मुस्लिम समाज ने काली पट्टी बांधकर अन्य स्थान पर नमाज अदा की और अपनी दुकानें बंद रखीं। शहर काजी वकार सादिक और अब्दुल समद ने शांति की अपील करते हुए कहा कि वे न्यायपालिका का सम्मान करते हैं और यह लड़ाई कानूनी दायरे में लड़ी जाएगी। मुस्लिम पक्ष ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका भी दायर की है। सुरक्षा के मद्देनजर धार में 2,000 पुलिसकर्मी तैनात हैं और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### 50 से अधिक ...

तौर पर इस बीमारी की मुख्य वजह भीषण गर्मी और लू को मान रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए संभाग कमिश्नर ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। पुलिस और डॉक्टरों की टीम लगातार बच्चों की निगरानी कर रही है, और पीड़ित कैडेट्स के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है।

### 25 से नौतपा...

46.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। जबकि शनिवार को निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना और सतना में लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है, यहां दिन का तापमान 46 डिग्री तक रह सकता है।

### दिन का तापमान....

उमरिया, शहडोल, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में ऑरेंज अलर्ट है। इसी तरह भोपाल, उज्जैन, सीहोर, रायसेन, जबलपुर और अनूपपुर में भी लू चलेगी। यहां दिन का तापमान 43 से 45 डिग्री के आसपास रहेगा।

### तीन दिन थोड़ी....

यहां तापमान 45 से 46 डिग्री तक जा सकता है।

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**// आम सूचना //**

हाउसिंग बोर्ड, आर.एस.एस. मार्केट, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक एल.आई.जी. / सी 49 भू तल मण्डल द्वारा श्री मनीष एलिया आत्मज स्व. श्री सतीश एलिया के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 30/05/2001 को किया गया है। श्री मनीष एलिया का स्वर्गवास दिनांक 29/03/2026 को हो गया है। आवेदक आवंटी की पत्नी श्रीमती लक्ष्मी एलिया पत्नी स्व. श्री मनीष एलिया द्वारा आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**// आम सूचना //**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.- 25 मण्डल द्वारा श्री करण पवार आत्मज श्री श्याम राव पवार के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 11/11/2025 को पंजीकृत किया गया है। श्री करण पवार आत्मज श्री श्याम राव पवार द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती नाजमी पत्नी श्री राशिद खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 01/04/2026 को निष्पादित किया गया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती नाजमी पत्नी श्री राशिद खान के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**// आम सूचना //**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 1228/ए मण्डल द्वारा श्री मेहफूज खान आत्मज श्री मेहबूब खान के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 18/04/2013 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 10/07/2019 को पंजीकृत है। श्री मेहफूज खान आत्मज श्री मेहबूब खान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री मारूफ अहमद आत्मज श्री मकबूल अहमदको विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 29/03/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री मारूफ अहमद आत्मज श्री मकबूल अहमद के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्द्र लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**// आम सूचना //**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, शास्त्री नगर, जवाहर चौक, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक- ए/128, भू तल मण्डल द्वारा श्री विजय कुमार वर्मा आत्मज स्व. श्री रामसेवक वर्मा के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय से दिनांक 07/07/2012 को पंजीकृत है। श्री विजय कुमार वर्मा आत्मज स्व. श्री रामसेवक वर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती रजनी श्रीवास्तव पत्नी श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव, पुत्री श्री विजय कुमार वर्मा को दान पत्र के माध्यम से दान कर दियौ। जिसका दान पत्र दिनांक 09/05/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र एवं विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती रजनी श्रीवास्तव पत्नी श्री राकेश कुमार श्रीवास्तव, पुत्री श्री विजय कुमार वर्मा के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**// आम सूचना //**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक- एस/253 मण्डल द्वारा श्री प्रमोद मेहरा आत्मज स्व. श्री के. डी. मेहरा के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 08/12/1989 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 19/07/2017 को पंजीकृत किया गया है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/03/2042 तक वैध है। श्री प्रमोद मेहरा का स्वर्गवास दिनांक 14/06/2023 को हो गया है। आवेदक आवंटी की पत्नी व 1 पुत्र (1) श्रीमती संगीता मेहरा पत्नी स्व. श्री प्रमोद मेहरा (2) श्री पियूष मेहरा आत्मज स्व. श्री प्रमोद मेहरा द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल**

**// आम सूचना //**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक- एस/252 मण्डल द्वारा (1) श्रीमती संगीता मेहरा पत्नी स्व. श्री प्रमोद मेहरा (2) श्री प्रमोद मेहरा आत्मज स्व. श्री के. डी. मेहरा के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 03/07/2004 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 19/07/2017 को पंजीकृत किया गया है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/03/2042 तक वैध है। इनमें से श्री प्रमोद मेहरा का स्वर्गवास दिनांक 14/06/2023 को हो गया है। आवेदक आवंटी की पुत्री श्रीमती प्रिया खत्री द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति में से स्व. श्री प्रमोद मेहरा का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर श्रीमती संगीता मेहरा के साथ अपना नाम संयुक्त कर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल**

---

**कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
फोन नं. 07752-273990 E-mail:-cmo_malhar@rediffmail.com

क्र./491/ई-निविदा/न.पं./2026-27 **षष्ठम ई-निविदा सूचना** मल्हार, दिनांक 21/05/2026

नगर पंचायत मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के यूएसओआर दिनांक 01.06.2020, जल संसाधन विभाग के एसओआर 01.08.2022, लोक निर्माण विभाग के एसओआर (भवन व सड़क निर्माण कार्य) दिनांक 01.01.2015, तथा लोक निर्माण विभाग के एसओआर (विद्युत और यांत्रिकी) दिनांक 01.06.2020 फार्म-जी (लमसम दर) अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 191433 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, MALHAR under SBM 2.0 (RS 273.56 Lac) (form-G) (Lumpsum Rate) (6TH call) | 21.05.2026 17.30 बजे से | 02.06.2026 17.30 बजे | 04.06.2026 16.00 बजे | 04.06.2026 17.00 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से संबन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in/www.cg.uad.gov.in पर उपलब्ध है।

-:: सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग प्रतिबंध है उपयोग नहीं करें पर्यावरण स्वच्छ बनाये जुर्माने से बचें ::-

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत मल्हार**

---

**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking | सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय-1 पर्यावास भवन, भोपाल
**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**चल एवं अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित चल एवं अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **10.06.2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| केनरा बैंक गुलमोहर शाखा, भोपाल फोन : (Ph. No 8989989121) e-mail id : cb2625@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002625 | | | |
| ऋणी- **श्री कुबेर कुमार अरजरिया पुत्र श्री रविन्द्र कुमार अरजरिया** | ₹ 54,66,853.33 +दिनांक 28.09.2023 ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी फ्लैट नं. बी-805 स्थित सेंचुरियन स्ले, ब्लॉक नंबर-बी, 8वीं मंजिल, खसरा नं. 97/1,97/2,97/3 ग्राम कटारा, तहसील- हुजूर जिला-भोपाल वार्ड नंबर 85, कुल क्षेत्रफल-173.60 वर्गमीटर, चर्तुसीमाएँ: पूर्व- सड़क, पश्चिम- खुला, उत्तर- सड़क, दक्षिण - पैसेज, लिफ्ट एवं सीढ़ी | ₹ 34,10,000/- / ₹ 3,41,000/- / ₹ 10000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 10-06-2026, सुबह 11.30 बजे तक या उससे पूर्व
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 10-06-2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

E-Auction login Website: M/s PSB Alliance (Ebkray) Helpdesk No. 8291220220 Email : support.ebkray@psballiance.com, Website : https://BAANKNET.com

नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट https://www.canarabank.com में "E-Auction" की लिंक देखें अथवा उपरोक्त वर्णित संबंधित शाखाओं के प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी अथवा केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय -1, वसूली विभाग फोन : 7081160770, email id: recrobpl@canarabank.com से कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।

स्थान : भोपाल दिनांकः 22-05-2026 प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
R- 31/03/26 to 17/05/26 not 03,14/04/26, 01/05/26

हरिभूमि आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना @ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm 1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

### राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**तुला** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

### शब्द पहेली - 6234




**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 6233 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | व | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | र | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| रा | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | ड़ | क | न | | ता | | री | मा | ला | जू |

### सूडोकू नवताल - 6244 कठिन



MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल - 6243 का हल**



## खबर संक्षेप

### जेएसडब्ल्यू सीमेंट का राजस्व 1,895 करोड़ पहुंचा

**मुंबई।** जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 2026 के वित्तीय नतीजों की घोषणा करते हुए मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का चौथी तिमाही का राजस्व 11 प्रतिशत बढ़कर 1,895 करोड़ रुपए रहा, जबकि ऑपरेटिंग एबिटा 46 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 365 करोड़ रुपए पहुंच गया। कंपनी का कर पश्चात लाभ 361.7 करोड़ रुपए रहा।

### भारत में माजा के पचास साल पूरे हुए

**नई दिल्ली।** कोका-कोला इंडिया माजा के 50 वर्षों का जश्न मना रहा है। 1976 में लांच होने के बाद से माजा भारत के आमों के प्रति प्रेम से गहराई से जुड़ा हुआ है, और बेहतरीन स्वाद, बचपन की यादों और विशिष्ट भारतीय पलों की एक मजबूत विरासत को संजोए हुए है। पांच दशकों से माजा परिचित साथी बना हुआ है। कोका-कोला इंडिया और दक्षिण-पश्चिम एशिया की वरिष्ठ विपणन - पोषण निदेशक, सुनैनिका सिंह ने कहा कि माजा ने आधी सदी भारतीयों के जीवन, दुकानों और यादों में अपनी जगह बनाने में बिताई है।

### एलजी को मिला सबसे अधिक तिमाही राजस्व

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड (एलजीई इंडिया) ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के शानदार नतीजों की घोषणा की है। कंपनी ने इस तिमाही में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करते हुए संचालन से 80.54 बिलियन का राजस्व हासिल किया, पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 74.48 बिलियन था। कंपनी का एबिटडा मार्जिन वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 11.7 प्रतिशत रहा।

### सैमसंग-गूगल के स्मार्ट चश्मों का लुक जारी

**सियोल।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड और गूगल ने आज गूगल आईओ 2026 में नए इंटेलिजेंट आईवियर (स्मार्ट चश्मों) का अनावरण किया। कंपनी ने जेंटल मॉन्स्टर और वार्बी पार्कर जैसे प्रसिद्ध आईवियर पार्टनर्स के साथ मिलकर बनाए गए दो प्रीमियम स्टाइल के स्मार्ट चश्मों का पहला लुक पेश किया। यह नए स्मार्ट चश्मे मोबाइल फोन के साथी डिवाइस के रूप में काम करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

### ओप्पो का एक्स9एस और फाइंड एक्स9 अल्ट्रा लांच

**नई दिल्ली।** ओप्पो इंडिया ने भारत में फाईंड एक्स9एस और फाईंड एक्स9 अल्ट्रा का लांच किया। इसके साथ ही कंपनी के फ्लैगशिप स्मार्टफोन पोर्टफोलियो का विस्तार हुआ है, ओप्पो फाईंड एक्स9एस सनसेट ऑरेंज, लैवेंडर स्काई और मिडनाईट ग्रे कलर्स में और केनयन ऑरेंज रंगों में उपलब्ध है। ये दोनों स्मार्टफोन 28 मई से ओप्पो ई-स्टोर, फ्लिपकार्ट, अमेज़ॉन और मेनलाईन रिटेल स्टोर्स से खरीदे जा सकेंगे।

### अमेजन ने 100 से अधिक ब्यूटी ब्रांड्स को जोड़ा

**बेंगलुरु।** भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन ब्यूटी स्टोर के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करते हुए अमेजन ने वर्ष 2026 में 100 से अधिक नए प्रीमियम ब्यूटी ब्रांड्स जोड़ने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार इस विस्तार के तहत डॉल्से एंड गब्बाना, लॉरा मर्सिए, एलेमिस, अर्बन डिके, अवेद, ला रोश पोसे, बायोडांस, यूसेरिन, और अनेसा जैसे अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे।

### 'सितारे जमीन पर' वर्ल्ड टेलीविजन 31 मई को

**मुंबई।** आमिर खान अभिनीत चर्चित फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' अब छोटे पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। थिएटर और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शानदार सफलता हासिल करने के बाद फिल्म का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर 31 मई, रविवार को दोपहर 1 बजे सोनी मैक्स पर किया जाएगा।

---

## वैश्विक चुनौतियों के बीच सरकार के वित्त को सहारा

# भारतीय रिजर्व बैंक ने भरी मोदी सरकार की झोली 2.86 लाख करोड़ रुपए का डिविडेंड किया ट्रांसफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के सेंट्रल बैंक भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र की मोदी सरकार को रिकॉर्ड 2.86 लाख करोड़ रुपये का भारी भरकम डिविडेंड ट्रांसफर किया। यह रिकॉर्ड सरप्लस ट्रांसफर वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत में सरकार के वित्त को सहारा देगा, क्योंकि सरकार वैश्विक ऊर्जा की बढ़ती कीमतों की चुनौती से निपटने की तैयारी कर रही है। यह डिविडेंड ट्रांसफर एक नया रिकॉर्ड है। आरबीआई के इस फैसले से पहले, विश्लेषकों ने अनुमान लगाया था कि डिविडेंड की रकम 2.7 लाख करोड़ रुपये से 3.5 लाख करोड़ रुपएके बीच होगी।

**खास बातें**

- आरबीआई की कुल आय पिछले साल के मुकाबले 26 .42 फीसदी बढ़ गई
- वित्त वर्ष 2026 में कुल शुद्ध आय 395972 .10 करोड़ रुपए रही


गवर्नर संजय मल्होत्रा



**पिछले साल आरबीआई ने दिया था 2.69 लाख करोड़ का डिविडेंड**

पिछले वित्त वर्ष में, जो 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुआ, केंद्रीय बैंक ने सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपए हस्तांतरित किए थे। इससे पहले, वित्त वर्ष 24 में 2.11 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया गया था। सरप्लस में यह वृद्धि ऐसे वर्ष के बाद हुई है जिसमें आरबीआई को मुद्रा विनिमय में उतार-चढ़ाव, विदेशी मुद्रा परिचालन से हुए लाभ और निवेश से प्राप्त रिटर्न से फायदा हुआ।

### विदेशी मुद्रा संपत्तियों पर मूल्यांकन लाभ में बढ़ोतरी हुई

इस भारी-भरकम भुगतान में सबसे बड़ा योगदान वित्त वर्ष 2026 के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में हुई लगभग 10 फीसदी की गिरावट का था, जिससे आरबीआई की बैलेंस शीट का विस्तार हुआ और विदेशी मुद्रा संपत्तियों पर मूल्यांकन लाभ में बढ़ोतरी हुई। माना जाता है कि केंद्रीय बैंक ने मुद्रा बाजारों में सक्रिय हस्तक्षेप से भी लाभ कमाया है, क्योंकि उसने रुपए की अत्यधिक कमजोरी को रोकने के लिए डॉलर बेचे थे। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि सेंट्रल बोर्ड ने अकाउंटिंग वर्ष 2025-26 के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट को 2,86,588.46 करोड़ रुपए का सरप्लस ट्रांसफर करने की मंजूरी दे दी है। आरबीआई की कुल आय पिछले साल के मुकाबले 26.42 फीसदी बढ़ गई, जबकि रिस्क प्रोविजन से पहले का खर्च 27.6 फीसदी बढ़ गया। आरबीआई ने कहाकि रिस्क प्रोविजन और वैधानिक फंडों में ट्रांसफर से पहले, वित्त वर्ष 2026 में कुल शुद्ध आय 3,95,972.10 करोड़ रुपए रही, जबकि वित्त वर्ष 2025 में यह 3,13,455.77 करोड़ रुपए थी। आरबीआई की कुल इनकम पिछले साल के मुकाबले 26.42 फीसदीबढ़ी, जबकि रिस्क प्रोविजन से पहले का खर्च 27.6 फीसदी बढ़ा। आरबीआई ने कहा कि बैंक की बैलेंस शीट 31 मार्च 2026 तक 20.61 फीसदी बढ़कर 9197121.08 करोड़ रुपए हो गई।

---

## वैश्विक मंच पर आयुर्वेद को मिली नई पहचान

# आचार्य बालकृष्ण 'चैंपियन हेल्थ अवॉर्ड 2026' से सम्मानित हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

योग, आयुर्वेद और भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रमुख प्रणेता आचार्य बालकृष्ण को वैश्विक मंच पर एक प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया है। मुंबई में आयोजित "बिलियनेयर्स फॉर पीस कॉन्क्लेव 2026" में उन्हें मैं शांतिदूत हूं - चैंपियन हेल्थ अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विश्व शांति, मानवता, स्वास्थ्य सेवा और वैश्विक कल्याण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।


सम्मान

### आयोजन और वैश्विक सहभागिता

यह सम्मान मैं शांतिदूत हूं अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जिसका उद्देश्य विश्वभर में शांति, न्याय, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना है। इस मंच से कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियाँ, नीति निर्माता, उद्योगपति और आध्यात्मिक नेता जुड़े हुए थे। यह सम्मान न केवल आचार्य बालकृष्ण के योगदान की मान्यता है, बल्कि वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद, योग और भारतीय चिकित्सा पद्धति की बढ़ती स्वीकार्यता का भी प्रतीक माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह उपलब्धि भारत की प्राचीन चिकित्सा परंपरा और समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूती प्रदान करती है।

### आयुर्वेद और भारतीय परंपरा को वैश्विक मान्यता

सम्मान प्राप्त करने के बाद आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि एक स्वस्थ मानव ही शांतिपूर्ण समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव रख सकता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित, निरोग और सकारात्मक बनाने का वैज्ञानिक मार्ग है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की भावना आज पूरी दुनिया को शांति, सह-अस्तित्व और समग्र स्वास्थ्य की दिशा दे रही है।

### वैश्विक स्वास्थ्य और शांति पर जोर

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व मानसिक तनाव, असंतुलित जीवनशैली और स्वास्थ्य चुनौतियों से गुजर रहा है, जिसका समाधान प्रकृति, योग और आयुर्वेद में निहित है। उनके अनुसार, भारतीय ज्ञान परंपरा न केवल रोगमुक्त बल्कि तनावमुक्त जीवन की दिशा भी प्रदान करती है।

---

## एमडी कुमार पुरुषोत्तम ने जारी किया आदेश

# कृषि उपज मंडियों के अब सहायक उप निरीक्षकों का पदनाम 'उप निरीक्षक'

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने सहायक उप निरीक्षक संवर्ग का पदनाम बदलकर 'उप निरीक्षक' कर दिया है। यह निर्णय बोर्ड की 145वीं संचालक मंडल बैठक में प्रस्ताव क्रमांक-04 के अनुसार लिया गया। मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम-1972 में किए गए संशोधनों के तहत प्रतिस्थापित धारा-26 के प्रावधानों के अनुसार नई सेवा 'राज्य मंडी बोर्ड सेवा' का गठन किया गया।

इस सेवा में पूर्व की राज्य विपणन सेवा के सभी वर्ग, बोर्ड सेवा के सदस्य और मंडी समिति सेवा के सहायक उप निरीक्षक शामिल हैं। बोर्ड के अनुसार यह कदम अधिनियम की धारा-26(2) और धारा-81(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में लिया गया है। पदनाम परिवर्तन का उद्देश्य सेवा संरचना को सुव्यवस्थित करना और अधिकारियों के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को स्पष्ट करना है। मंडी बोर्ड एमडी कुमार पुरुषोत्तम ने यह आदेश डिजिटल हस्ताक्षरित रूप में जारी किया गया है।



कुमार पुरुषोत्तम

---

# आयुक्त दीपशिखा ने दिया कराधान व्यवस्था में पारदर्शिता तकनीक और भरोसे पर जोर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय कराधान प्रणाली तेजी से डिजिटल, पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। यह बात मुंबई पश्चिम की आईआरएस आयुक्त, सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क दीपशिखा अरोरा ने सीआईआई क्षेत्रीय वार्षिक कराधान शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित सुधारों के जरिए कर प्रशासन और व्यावसायिक प्रक्रियाओं में व्यापक बदलाव किए जा रहे हैं। जीएसटी के तहत ई-इनवॉइसिंग, प्रणाली आधारित अनुपालन और रियल टाइम रिपोर्टिंग तंत्र को तेजी से अपनाया जा रहा है, जिससे कर व्यवस्था अधिक प्रभावी और पारदर्शी बन रही है।

**सीआईआई कराधान शिखर सम्मेलन में बोलीं जीएसटी के तहत ई-इनवॉइसिंग, प्रणाली और रियल टाइम रिपोर्टिंग तंत्र तेजी से अपनाया जा रहा**



### करदाताओं तथा अधिकारियों के बीच विश्वास

दीपशिखा अरोरा ने कहा कि कर प्रशासन का अगला चरण पारदर्शिता बढ़ाने, प्रक्रियागत कमियों को दूर करने और करदाताओं तथा अधिकारियों के बीच विश्वास मजबूत करने पर केंद्रित होगा। उन्होंने कहा कि कराधान का भविष्य तीन प्रमुख सिद्धांतों -पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी और विश्वास पर आधारित होगा। तकनीक अनुपालन को और मजबूत बनाएगी, पारदर्शिता मनमानी को कम करेगी और जवाबदेही बढ़ाएगी, जबकि समय पर और सटीक अनुपालन से भरोसा मजबूत होगा। शिखर सम्मेलन में उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और कर विशेषज्ञों ने जीएसटी अनुपालन, नीति व्याख्या, मुकदमेबाजी के रुझान, डिजिटल रिपोर्टिंग सिस्टम और नियामकीय बदलावों के विभिन्न क्षेत्रों के कारोबार पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की। सम्मेलन में उद्योग, नीति निर्माताओं और कर अधिकारियों के बीच निरंतर संवाद की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया, ताकि कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों का समाधान हो सके और देश में अधिक स्थिर एवं पूर्वानुमानित कराधान वातावरण तैयार किया जा सके।

---

## एक घर, एक गैस कनेक्शन, अब नहीं चलेंगे रसोई में दो-दो चूल्हे

# सरकार का नया नियम आगामी 1 जुलाई से होगा लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव की वजह से देश में एलपीजी की थोड़ी किल्लत (शॉर्टेज) चल रही है। सरकार इस समस्या से निपटने के लिए तेजी से पाइप वाली गैस का नेटवर्क बढ़ा रही है। इसी बीच सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है जिसे 'नो ड्यूल कनेक्शन' नियम कहा जा रहा है। आगामी 1 जुलाई से पूरे देश में यह नियम लागू होने जा रहा है। इसके मुताबिक कोई भी परिवार एक साथ दो-दो सरकारी सब्सिडी का फायदा नहीं उठा सकता। अगर घर में पाइप वाली गैस (चल रही है, तो आप सरकारी एलपीजी सिलेंडर नहीं रख सकते। सरकार का मानना है कि जब एक घर में पाइप से गैस आ रही है, तो सिलेंडर किसी ऐसे जरूरतमंद को मिलना चाहिए जिसके पास पाइप वाली गैस की सुविधा नहीं है। सरकार ने इसके लिए 30 जून तक की मोहलत दी है।

---

## पहले की तुलना में घर बनाना करीब 20 से 25 फीसदी महंगा

# घर बनाना होगा महंगा, फिर होगी सीमेंट की कीमतों में 5 फीसदी तक की वृद्धि, बढ़ेगा बोझ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

घर बनाने का सपना अब आम लोगों के लिए और महंगा पड़ेगा। क्योंकि सीमेंट की कीमतों में आने वाले दिनों में फिर से 5 फीसदी तक वृद्धि दर्ज होगी। यह मूल्य वृद्धि उत्पादन लागत, ईंधन के दाम और परिवहन खर्च में इजाफा होने बड़ा कारण माना जा रहा है।

सुरभी ट्रेडर्स के संचालक एवं लोहा और सीमेंट व्यसायी शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सीमेंट की बोरियां पेट्रोकेमिकल उत्पाद से बनती हैं, जिनका सीधा संबंध कच्चे तेल से है। तेल महंगा होने से बोरियां महंगी हो गई हैं। कुछ ब्रांड्स के सरिया के दाम दो माह पहले के मुकाबले 8000 से 10 हजार रुपए प्रति टन महंगे हुए है। उनके अनुसार सीमेंट की कीमत जो पहले 300 रुपए के दाम में मिल रही थी वह बढ़कर अब 330 रुपए तक पहुंच गई है,लेकिन अब पुनः सीमेंट के दाम में मूल्य वृद्धि के संकेत है। कुल मिलाकर निर्माण सामग्री के महंगे होने से घर बनाना पहले की तुलना में करीब 20 से 25 फीसदी महंगा हो गया है। रियल एस्टेट और निर्माण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक सप्लाई चेन पर असर के चलते कच्चे माल की लागत लगातार बढ़ रही है। इसका सीधा असर सीमेंट कंपनियों की लागत पर पड़ रहा है, जिसके कारण कंपनियां कीमतें बढ़ाने की तैयारी में हैं। बताया जा रहा है कि 2026 में निर्माण लागत में कुल 3 से 5 फीसदी तक बढ़ोतरी हो सकती है। श्रमिकों की बढ़ती मजदूरी, डीजल और ऊर्जा लागत में उछाल ने भी निर्माण क्षेत्र पर दबाव बढ़ाया है। क्रेडाई भोपाल अध्यक्ष मनोज मीक का मानना है कि यदि सीमेंट के दाम बढ़ते हैं तो इसका असर सीधे मकानों, फ्लैट्स और अन्य निर्माण परियोजनाओं की लागत पर पड़ेगा। इससे घर खरीदने वालों को अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है।



---

# सरकार सेंट्रल बैंक में 8 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी, शेयर में 5 फीसदी से ज्यादा गिरावट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में अपनी 8 प्रतिशत हिस्सेदारी ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए बेचने का फैसला किया है। सरकार ने इस ओएफएस के लिए 31 रुपए प्रति शेयर का फ्लोर प्राइस तय किया है, जो बैंक के गुरुवार के बंद भाव 33.94 से करीब 8.5 प्रतिशत कम है। सरकार के इस फैसले का असर शेयर बाजार में भी देखने को मिला।

शुक्रवार 22 मई को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शेयर में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई और शेयर करीब 32 रुपए के स्तर पर कारोबार करता दिखाई दिया। पिछले एक महीने में बैंक का शेयर 13 प्रतिशत से ज्यादा टूट चुका है। डिपार्टमेंट ऑफ इंवेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट मैनेजमेंट द्वारा जारी नोटिस के अनुसार यह ओएफएस नॉन-रिटेल निवेशकों के लिए 22 मई 2026 को खुलेगा। वहीं, रिटेल निवेशक और बैंक कर्मचारी 25 मई 2026 को बोली लगा सकेंगे। दोनों दिन निवेशक सुबह 9:15 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक बोली लगा पाएंगे। वर्तमान में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में सरकार की हिस्सेदारी 89.27 प्रतिशत है। यह बिक्री सरकार की विनिवेश नीति और न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों के अनुपालन की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। ऑफर डॉक्यूमेंट के मुताबिक, नॉन-रिटेल निवेशकों के लिए आरक्षित शेयरों में से कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सा म्यूचुअल फंड और बीमा कंपनियों को आवंटित किया जाएगा।

---

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली ई–निविदा सूचना

सं. भोपाल/टीआरडी/ड्राइंग/डब्ल्यूसी./463, 480 & 481, दिनांक 20.05.2026

वरि. मंडल विद्युत इंजी/टीआरडी/ पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत सघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 11:00 बजे तक ई–टेन्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बंधित पूर्ण जानकारी के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, इस टेन्डर के लिये कोई मेन्युअल ऑफर मान्य नही है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्ण वेबसाईट पर उपलोड कर दिया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है।, **निविदा क्र.:** बीपीएल/टीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यू सी/463, **कार्य का विवरण:** मॉडिफिकेशन टू एग्जिस्टिंग ओ–एच–ई इन्क्लूडिंग डिजाइन, सप्लाई, डिस्मैटलिंग, इरेक्शन, टेस्टिंग एंड कमिशनिंग ऑफ ओ–एच–ई इन अप एंड डाउन फ्लायओवर लाइन बिटवीन PRKD- JHP सेक्शन ऑफ भोपाल डिवीजन", **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 09 माह, **अनुमानित लागत रू. में:** 2869662.28, **ईएमडी रू. में :** 57400.00, **जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** 19.06.2026 को 11:00 बजे तक, **निविदा क्र.:** बीपीएल/ टीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यू सी/480, **कार्य का विवरण:** प्रोविजन ऑफ ड्राफ्ट मास्ट केज प्रोटेक्शन एट ऑल स्टेशनस ओवर भोपाल डिवीजन", **कार्य समाप्त करने की अवधि :** 06 माह, **अनुमानित लागत रू. में :** 3251528.00, **ईएमडी रू. में :** 65000.00, **जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** 15.06.2026 को 11:00 बजे तक, **निविदा क्र.:** बीपीएल/ टीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यू सी/481, **कार्य का विवरण :** रिप्लेसमेंट ऑफ एग्जिस्टिंग 105 स्क्वेयर एम.एम. जी जम्पर बाय 160 स्क्वेयर एम.एम. कॉपर जम्पर ओवर भोपाल डिवीजन", **कार्य समाप्त करने की अवधि :** 12 माह, **अनुमानित लागत रू. में :** 23211960.00, **ईएमडी रू. में :** 464200.00, **जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय :** 15.06.2026 को 11:00 बजे तक।

हस्ता.
कृते वरि. मंडल विद्युत इंजी. (टी.आर.डी.), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

---

## बिजनेस न्यूज

### डाकघरों में दो दिवसीय आधार सेवाओं का विशेष महाअभियान 25 से, लगेंगे शिविर

**भोपाल ।** आम नागरिकों को आधार सेवाएं सरल और सुगम तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग, भोपाल संभाग द्वारा दो दिवसीय 25 एवं 26 मई को जिलेभर में विशेष महा-अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत 3 प्रधान डाकघरों और 23 प्रमुख उपडाकघरों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में नागरिक नए आधार कार्ड बनवाने के साथ-साथ आधार में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर सहित अन्य जरूरी सुधार भी करवा सकेंगे। डाक विभाग ने नागरिकों की सुविधा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए 22 एवं 23 मई को संबंधित आधार केंद्रों पर टोकन वितरण की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को व्यवस्थित रूप से सेवाएं मिल सकें। प्रवर अधीक्षक डाकघर, भोपाल ने जिले के सभी नागरिकों से इस विशेष अभियान का लाभ उठाने की अपील की है।

### इंदौर में बीआईएस-बीपीबीओ का उद्योग संघ कार्यक्रम

**इंदौर।** भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल शाखा कार्यालय ) द्वारा फर्नीचर क्षेत्र के निर्माता, व्यापारी एवं एमएसएमई के लिए एक उद्योग संघ कार्यक्रम का आयोजन इंदौर में किया गया। कार्यक्रम में 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इसमें एआईएमपी अध्यक्ष योगेश मेहता, बीआईएस भोपाल के निदेशक एवं प्रमुख मोहम्मद रिज़वान, बीआईएस-बीपीबीओ के वैज्ञानिक-ई एवं निदेशक मोहम्मद तौसीफ तथा एआईएमपी सचिव तरुण व्यास शामिल रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने फर्नीचर उद्योग में गुणवत्ता मानकों और उपभोक्ता सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। एआईएमपी अध्यक्ष योगेश मेहता ने कहा कि बदलते वैश्विक बाजार और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच भारतीय निर्माताओं को गुणवत्ता मानकों को अपनाकर अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ानी होगी। बीआईएस भोपाल के निदेशक मोहम्मद रिज़वान ने संबोधन में गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।




---

**मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल, मध्य प्रदेश**

पुलिस आफिसर मैस के सामने, नूरबाग कैम्प, भोपाल-462008

// ई-निविदा सूचना //

क्रमांकः-/ 291 / आ.प्र./2026 — भोपाल, दिनांकः-21/05/2026

मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बलत्र मध्य प्रदेश, पुलिस आफिसर मैस के सामने, भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार निम्नलिखित प्रशिक्षण हेतु आनलाईन ई-निविदा https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्रं. | उपकरण का नाम | संख्या | निविदा क्रमांक / दिनांक | निविदा डाउनलोड / जमा प्रारंभ करने की तिथि | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Laptop all in One Desktop Printer and Projector | - | 2026_ HCDDM_ 505981_1 | 21-05-2026 18.00 बजे | 10-06-2026 15.00 बजे | 11-06-2026 15.30 बजे |

1. Cost of tender documents (Tender Fee) is non-refundable and cannot be exempted in any condition.
2. The Tender should be submitted online on website https://www.mptenders.gov.in in favour of Divisinol Commandant MP, Bhopal within scheduled date and time. Tender fees and EMD should be deposited online through the website.
3. Tender documents are also available on the website of Homeguard (www.homeguard.mp.gov.in) for ready reference.

होमगार्ड मध्यप्रदेश की वेबसाइट (www.homeguard.mp.gov.in) पर निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।

(संगीता डी कुमार)
डिवीजनल कमांडेण्ट
एसडीईआरएफ मुख्या. (म.प्र.)

G-13237/26

" स्वच्छता ही सेवा "

चिंतन

# जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता जरूरी

देश इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। उत्तर भारत से लेकर पूर्वी राज्यों तक सूरज आग उगल रहा है। हालात इतने भयावह हैं कि दुनिया के सबसे गर्म शहरों की सूची में भारत के 22 शहर शामिल हो गए हैं और कई जगहों पर तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। यह केवल मौसम का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि बदलते पर्यावरण और अव्यवस्थित विकास की गंभीर चेतावनी है। आने वाले तीन दिन तक राहत की उम्मीद नहीं है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हमारे शहर रेगिस्तानी देशों से भी ज्यादा गर्म हो गए रहे हैं। इस मौसम में तापमान का बढ़ना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है, लेकिन यह जिस गति से बढ़ रहा है और जिस तरह से प्रभावित कर रहा है, वह परेशान करने वाला है। पहले भीषण गर्मी यानी मौसम में लू की आवर्ति दो बार ही होती थी, अब चार बार हो रही है। इस बार मानसून भी कमजोर रहने के संकेत हैं। प्रशांत महासागर के ऊपर बन रहा अलनीनो इसके लिए जिम्मेदार है। इस बार तो यहां तक भी घोषणा की जा रही है कि 1888 जैसा भयंकर सूखा पड़ सकता है। हालांकि उस समय की तुलना में आज हम बेहतर रूप से तैयार हैं। हमारे पास खाद्यान्न के भंडार भरे हुए हैं। इसलिए ऐसी स्थिति तो नहीं है कि लोगों को जान गंवानी पड़े, लेकिन देश का औद्योगिक विकास और उत्पादन ठप हो सकता है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि अब केवल दिन ही नहीं, बल्कि रातें भी तपने लगी हैं। 35 शहरों में रात का तापमान 30 डिग्री से ऊपर रहना इस बात का संकेत है कि धरती की प्राकृतिक संतुलन व्यवस्था तेजी से बिगड़ रही है। जब रात में भी शरीर और वातावरण को ठंडक नहीं मिलती, तब हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। बुजुर्गों, बच्चों और मजदूर वर्ग पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। विभिन्न राज्यों की सरकारों ने कुछ राहत भरे कदम उठाए हैं। बिहार में छोटे बच्चों के स्कूल बंद किए गए हैं और पंजाब ने स्कूलों व सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया है। दरअसल, भीषण गर्मी का सबसे बड़ा कारण लगातार घटते जंगल, कंक्रीट के बढ़ते शहर, जलस्त्रोतों का अतिक्रमण और प्रदूषण हैं। विकास की अंधी दौड़ में हमने प्रकृति के साथ संतुलन खो दिया है। शहरों में पेड़ों की जगह सीमेंट ने ले ली और तालाबों की जगह इमारतों ने। नतीजा यह है कि धरती की सतह अधिक गर्मी सोख रही है और तापमान लगातार बढ़ रहा है। गर्मी के साथ-साथ पानी का संकट भी गहराता जा रहा है। पीने, नहाने और घरेलू उपयोग में पानी की मांग बढ़ती है, जबकि भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। ऐसे में पानी बचाना केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन की आवश्यकता बन चुका है। घरों में वर्षा जल संचयन, पानी का सीमित उपयोग और रिसाव रोकने जैसे छोटे कदम भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। जलवायु परिवर्तन कई अन्य कारकों को भी जन्म दे रहा है। गर्मी व कम बारिश के बाद भी भीषण सर्दी और अतिवृष्टि भी इसकी जिम्मेदार है। जैसे-जैसे यह संकट बढ़ेगा, वैसे-वैसे हालात खराब होंगे। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीर होकर काम किया जाए। सरकारों को भी समय रहते चेत जाना चाहिए, क्योंकि यह पूरी तरह से मानव के मस्तिष्क का सवाल है। व्यक्ति को कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए, जो जलवायु परिवर्तन का कारक हो और उन पर जोर देना चाहिए जिससे पर्यावरण संरक्षण किया जा सके। यदि अभी भी चेतने में देर हुई, तो आने वाले वर्षों में यह गर्मी केवल असुविधा नहीं, बल्कि बड़े मानवीय संकट का रूप ले सकती है।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

एक साथ चुनाव कराने को लेकर संयुक्त संसदीय समिति के निष्कर्ष में सोने पर सुहागा कहावत चरितार्थ होने का तथ्य निकलकर आया है। समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने दावा किया है कि लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से सात लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। इस उपाय से देश की जीडीपी में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इस बचे धन का उपयोग बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा,गरीब कल्याण योजनाएं और अन्य सेवाओं में किया जा सकेगा। याद रहे कि 41 सदस्यीय यह समिति एक साथ चुनाव से तमाम पहलुओं के साथ दो प्रस्तावित 129वां संविधान संशोधन और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयकों के प्रारूप पर काम कर रही है।

# कम खर्च में होंगे एक साथ चुनाव

एक साथ चुनाव कराने को लेकर संयुक्त संसदीय समिति के निष्कर्ष में 'सोने पर सुहागा' कहावत चरितार्थ होने का तथ्य निकलकर आया है। समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने दावा किया है कि लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने से सात लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। इस उपाय से देश की जीडीपी में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इस बचे धन का उपयोग बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा,गरीब कल्याण योजनाएं और अन्य सेवाओं में किया जा सकेगा। याद रहे कि 41 सदस्यीय यह समिति एक साथ चुनाव से तमाम पहलुओं के साथ दो प्रस्तावित 129वां संविधान संशोधन और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयकों के प्रारूप पर काम कर रही है। चौधरी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि इन चुनाव सुधारों से देश को लाभ होना चाहिए। एक साथ चुनाव की दिशा तय करने के लिए सरकार पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था।

समिति ने मार्च 2024 में अपनी विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी। इस रिपोर्ट को कैबिनेट ने स्वीकार करते हुए चुनाव से संबंधित संशोधन विधेयक को मंजूरी भी दे दी दे थी। इसके प्रारूप को तैयार करने की जिम्मेदारी संसदीय समिति कर रही है। 2029 में एक देश, एक चुनाव, यानी देश में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के साथ निकाय व पंचायत चुनाव भी एक साथ कराने की दिशा में केंद्र सरकार एक-एक कदम आगे बढ़ रही है। गृहमंत्री अमित शाह पहले ही कह चुके हैं कि 2029 के पहले एक साथ चुनाव का प्रबंध कर दिया जाएगा। साफ है, सरकार अपने इस महत्वाकांक्षी वादे को क्रियान्वित करने के प्रति संकल्पबद्ध है। एक साथ चुनाव कराए जाते हैं तो इस समय तक जिन राज्य सरकारों का कार्यकाल बचा होगा, वह लोकसभा चुनाव तक ही पूरा मान लिया जाएगा। वैसे भी आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ-साथ होते रहे हैं, लेकिन 1968 और 1969 में समय के पहले ही कुछ राज्य सरकारें भंग कर दिए जाने से यह परंपरा टूट गई। अब इस व्यवस्था को लागू करने के लिए संविधान में करीब 18 संशोधन करने होंगे। इनमें से कुछ बदलावों के लिए राज्यों की भी अनुमति जरूरी होगी। यदि स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव भी साथ साथ होते हैं तो फिर मतदाता सूची तैयार निर्वाचन आयोग कराएगा। इस हेतु अनुच्छेद 325 में परिवर्तन करना होगा। साथ ही अनुच्छेद 324-ए में संशोधन करते हुए निगमों और पंचायतों के चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ करा लिए जाएंगे। इस संशोधन विधेयक को आधे राज्यों से भी पास करना जरूरी होगा।

इसी अनुरूप केंद्र शासित प्रदेशों के लिए भी अलग से संविधान संशोधन की आवश्यकता पड़ रही है। हालांकि 2029 तक इस कानून का लागू होना फिलहाल असंभव लग रहा है। चूंकि संविधान के मुताबिक केंद्र और राज्य सरकारें अलग-अलग इकाइयां हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संविधान में समानांतर किंतु भिन्न-भिन्न अनुच्छेद हैं। इनमें स्पष्ट उल्लेख है कि इनके चुनाव



प्रत्येक पांच वर्ष के भीतर होने चाहिए। लोकसभा या विधानसभा जिस दिन से गठित होती है, उसी दिन से पांच साल के कार्यकाल की गिनती शुरू हो जाती है। इस लिहाज से संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ चुनाव के लिए कम से कम 18 अनुच्छेदों में संशोधन किया जाना जरूरी होगा।

विधि आयोग, निर्वाचन आयोग, नीति आयोग और संविधान समीक्षा आयोग तक इस मुद्दे के पक्ष में अपनी राय दे चुके हैं। ये सभी संवैधानिक संस्थाएं हैं। यदि विपक्षी दल सहमत हो जाते हैं तो दो तिहाई बहुमत से होने वाले ये संशोधन कठिन कार्य नहीं है। यदि संसद के अन्य विपक्षी दल, दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में निर्णय लें तो यह विधेयक आसानी से दोनों सदनों से पारित हो जाएगा। अनेक असमानताओं, विसंगतियों और विरोधाभासों के बावजूद भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सूत्र से बंधा है। निर्वाचन प्रक्रिया राष्ट्र को एक ऐसी संवैधानिक व्यवस्था देती है, जिससे भिन्न स्वभाव वाली राजनीतिक शक्तियों को केंद्रीय व प्रांतीय सत्ताओं में भागीदारी का अवसर मिलता है। नतीजतन लोकतांत्रिक प्रक्रिया गतिशील रहती है, जो देश की अखंडता व संप्रभुता के प्रति जवाबदेह है। देश में मानव संसाधन सबसे बड़ी पूंजी है। गोया, यदि बार-बार चुनाव की स्थितियां बनती हैं तो मनुष्य का ध्यान बंटता है और समय व पूंजी का क्षरण होता है। इस दौरान आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के कारण प्रशासनिक शिथिलता दो-ढाई महीने तक बनी रहती है, फलतः विकास कार्य और जन-कल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होती हैं। एक साथ चुनाव के चलते सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षाबलों को बार-बार चुनाव ड्यूटी के मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलेगी। एक साथ चुनाव के पक्ष में यह तर्क दिया जाता है कि देश प्रत्येक छह माह बाद चुनावी मोड में आ जाता है, लिहाजा सरकारों को नीतिगत फैसले लेने में तो अड़चनें आती ही हैं, दूसरे नीतियों को कानूनी रूप देने में अतिरिक्त विलंब भी होता है। यह तर्क अपनी जगह जायज है।

वैसे भी राजनीतिक दलों की महत्ता तभी है, जब वे नीतिगत फैसलों को अधिकतम लोकतांत्रिक बनाने के लिए अपने सुझाव दें व उन्हें विधेयक के प्रारूप का हिस्सा बनाने के लिए नैतिक दबाव बनाएं। केंद्रीय विधि आयोग ने 2018 में केंद्र सरकार को प्रस्ताव दिया था कि पांच साल के भीतर यदि सरकार के भंग होने की स्थिति बने तो 'रचनात्मक अविश्वास' मत हासिल किया जाए। मसलन, किसी सरकार को लोकसभा या विधानसभा के सदस्य अविश्वास मत से गिरा सकते हैं, तो इसके विकल्प में जिस दल या गठबंधन पर विश्वास हो या जिसे विश्वास मत हासिल हो जाए, उसे बतौर नई सरकार की शपथ दिला दी जाए। बार-बार चुनाव की स्थितियां निर्मित होने के कारण सत्ताधारी राजनीतिक दल को भी यह भय बना रहता है कि उससे कहीं कोई ऐसा नीतिगत फैसला न हो जाए कि दल के समर्थक मतदाता नाराज हो जाएं? लिहाजा सरकारों को लोक-लुभावन फैसले लेने पड़ते हैं। वर्तमान में अमेरिका, जर्मनी, जापान, इंडोनेशिया, स्वीडन, बेल्जियम, दक्षिण अफ्रीका और फीलिपिंस ऐसे देश हैं, जहां एक साथ चुनाव बिना किसी बाधा के संपन्न होते हैं। गोया, भारत में भी यदि एक साथ चुनाव की प्रक्रिया आरम्भ होती है तो केंद्र व राज्य सरकारें बिना किसी दबाव के देश व लोक हित में फैसले ले सकेंगी। सरकारों को पूरे पांच साल विकास व सुशासन को सुचारू रूप से लागू करने का अवसर मिलेगा। अतएव दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सांसदों को देश हित में आत्म-निर्णय लेने की जरूरत है, क्योंकि इस विधि से धन की भी बड़ी बचत होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

प्रतीक
डॉ. घनश्याम बादल




# उभरना राजनीति में 'कॉकरोचों' का !

सियासत में समय-समय पर ऐसे प्रतीक उभरते रहे हैं, जो शब्द मात्र नहीं, जनभावनाओं के विस्फोट का माध्यम बने हैं। कभी आम आदमी का पार्टी का गठन भी इसी तरीके से हुआ था, जैसे हाल के दिनों में विभिन्न आभासी मीडिया मंचों पर चर्चित "कॉकरोच जनता पार्टी" बनी है। अभिजीत दीपके द्वारा गठित कॉकरोच जनता पार्टी ऐसा ही एक राजनीतिक-सामाजिक प्रतीक बनकर सामने आई है। कॉकरोच जनता पार्टी जैसा नाम भले ही व्यंग्यात्मक लगे, किंतु इसके पीछे छिपी बेचैनी, असंतोष और व्यवस्था-विरोधी मनोवृत्ति को हल्के में नहीं लिया जा सकता। यह केवल एक डिजिटल मज़ाक नहीं, बल्कि उस पीढ़ी का आक्रोश माना जाना चाहिए जो स्वयं को व्यवस्था द्वारा उपेक्षित, अपमानित और अनसुना महसूस कर रही है। इस पूरी कहानी की शुरुआत उस विवादास्पद टिप्पणी से मानी जा रही है, जिसमें बेरोजगार युवाओं की तुलना "कॉकरोच" से करने वाला विवादित बयान भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत से जुड़ा बताया गया है। 15 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट में एक 'फ्री वोलस' यानी तुच्छ समझे जाने वाले प्रकरण की सुनवाई के दौरान सामने आई थी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मौखिक टिप्पणी में कहा गया था कि कुछ बेरोजगार युवा "कॉकरोच की तरह" विभिन्न क्षेत्रों में घुस जाते हैं, जिनमें पत्रकारिता और आरटीआई एक्टिविज़्म का भी उल्लेख किया गया। इस कथन के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। बड़ी संख्या में युवाओं ने इसे पूरे बेरोजगार वर्ग का अपमान माना। हालांकि अगले ही दिन जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि उनकी टिप्पणी को "गलत तरीके से पेश" किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आशय समूची युवा पीढ़ी से नहीं था, बल्कि उन लोगों से था जो "फर्जी और नकली डिग्रियों" के सहारे पेशों में प्रवेश करते हैं। इसी कथित टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर व्यंग्यात्मक प्रतिरोध के रूप में "कॉकरोच जनता पार्टी" का उदय हुआ।

शुरुआत में इसे केवल एक मीम या इंटरनेट ट्रेंड माना गया, किंतु कुछ ही दिनों में यह डिजिटल आंदोलन का रूप लेने लगा। इतना स्पष्ट है कि युवाओं ने इसे अपने आक्रोश की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया है। भारतीय राजनीति के संदर्भ में इस घटना को समझें तो आज का युवा पारंपरिक राजनीति से ऊब चुका है। वह लंबी वैचारिक बहसों से अधिक प्रत्यक्ष अनुभवों पर विश्वास करता है। बेरोजगारी, परीक्षा-पत्र लीक, अवसरों की कमी, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और आर्थिक व सामाजिक तथा व्यक्तिगत असुरक्षा ने उसके भीतर गहरी निराशा व एक बड़ा शून्य पैदा कर दिया है। उसे लगता है कि सत्ता, न्याय व्यवस्था या राजनीतिक दल उसकी पीड़ा को समझने के बजाय उसका उपहास कर रहे हैं, तब व्यंग्य उसका प्रतिरोध का हथियार बन सामने आता है। "कॉकरोच जनता पार्टी" इसी व्यंग्यात्मक अभिव्यक्ति की उपज है। यह उस पीढ़ी की सोच है जो आज कह रही है कि यदि व्यवस्था हमें "कॉकरोच" समझती है, तो हम उसी शब्द को प्रतिरोध के प्रतीक में बदल देंगे। पहले राजनीतिक दल ज़मीन से उठते थे, फिर मीडिया तक पहुंचते थे। अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पहले पहचान बनती है और बाद में वास्तविक राजनीतिक संभावना तैयार होती है। यही कारण है कि "कॉकरोच जनता पार्टी" का नाम सुनते ही लोगों में जिज्ञासा उत्पन्न हुई और वह वायरल हो गया। हालांकि इस पूरे आंदोलन को लेकर कई प्रश्न भी हैं। क्या यह वास्तविक राजनीतिक संगठन है अथवा केवल डिजिटल असंतोष का बुलबुला मात्र है? क्या इसके पीछे कोई संगठित राजनीतिक रणनीति है? क्या यह किसी दल विशेष के विरोध या समर्थन का अप्रत्यक्ष माध्यम है? इन प्रश्नों के स्पष्ट उत्तर अभी उपलब्ध नहीं हैं। याद रहना चाहिए कि लोकतंत्र में व्यंग्य हमेशा जनभावनाओं का संकेतक रहा है। जब जनता सीधे विरोध करने में असहज महसूस करती है, तब हास्य और कटाक्ष उसकी भाषा बन जाते हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार के आंदोलनों का उदय लोकतंत्र के स्वास्थ्य का संकेत भी है और चेतावनी भी। यदि मुख्यधारा की राजनीति युवा वर्ग की पीड़ा को गंभीरता से नहीं लेगी, तो असंतोष व्यंग्य, कटाक्ष और अराजक डिजिटल अभियानों में परिवर्तित होता जाएगा इसकी प्रबल संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी सहनशीलता और आत्मसुधार की क्षमता रही है। इसलिए सत्ता, विपक्ष, न्यायपालिका और समाज सभी को इस घटना को केवल हास्य के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान के दस्तावेज़ की तरह पढ़ना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं।

## एक गलत काम जीवन की तपस्या बर्बाद कर सकता है



संकलित
प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सबकुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं। अगर अवगुण छोटा सा भी हुआ तो हमारा जीवन बर्बाद हो सकता है।

## सटाका




## आज की पाती

### ऊर्जा क्रांति की नई पारदर्शी शुरुआत

दुनिया तेजी से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है और इसी दिशा में सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने ऐसी अल्ट्रा-थिन सोलर सेल विकसित की है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा उत्पादन की पूरी तस्वीर बदल सकती है। यह तकनीक इतनी पतली है कि इनसान के बाल के 10,000वें हिस्से जितनी मोटाई में भी बिजली पैदा कर सकती है। खास बात यह है कि यह सोलर सेल पारदर्शी और रंगहीन है, इसलिए इसे खिड़कियों, कारों की विंडशील्ड, मोबाइल स्क्रीन, स्मार्ट ग्लास और ऊंची इमारतों के कांच पर आसानी से लगाया जा सकता है। अब तक सोलर ऊर्जा का मतलब बड़े और भारी पैनल माने जाते थे, जिन्हें छतों पर लगाने के लिए पर्याप्त जगह चाहिए होती है। नई तकनीक 'बिल्डिंग इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक' अवधारणा को नई गति दे सकती है।

- मामचंद गुलिया, बहादुरगढ़

## ट्रेंड

### छात्रों का भविष्य



जब मोदी जी इटली में मिठाइयां बांटते हुए रील बना रहे थे, तब भारत में पेपर लीक से परेशान युवा सड़कों पर उतरकर न्याय की मांग कर रहे थे। क्योंकि एनईटी पेपर लीक ने लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस


### ज़हरीली बयानबाज़ी



कांग्रेस की राजनीति अब विचारों से नहीं, बल्कि ज़हरीली बयानबाज़ी से प्रेरित है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के विरुद्ध घटिया भाषा का प्रयोग करना, यह दर्शाता है कि कांग्रेस ने न केवल सत्ता खोई है, बल्कि अपने मूल्य भी खो दिए हैं।

- **स्मृति ईरानी**, पूर्व केंद्रीय मंत्री


### महिला सीमा रक्षक



मिशनवंदेमातरम के तहत, बीएसएफ की पहली महिला सीमा रक्षकों ने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा फहराकर अदम्य साहस और अटूट संकल्प का उदाहरण पेश किया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि बेटियों की आकांक्षाओं से ऊंची कोई चोटी नहीं होती। आप पूरे देश का गौरव हैं।

- **नीतीश कुमार**, पूर्व सीएम, बिहार

### गैरजिम्मेदाराना बयान



एनटीए अध्यक्ष प्रदीप जोशी ने संसदीय समिति के समक्ष कहा है कि उन्हें एनईटी परीक्षा में पेपर लीक होने की बात पर विश्वास नहीं है। एक ओर तो एनटीए ने परीक्षा रद्द कर दी है, वहीं एनटीए अध्यक्ष ऐसे गैरजिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं।

-**अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

### पाक-चीन संबंधों के 75 वर्ष पूर्ण, जारी होगा स्मारक सिक्का



पाकिस्तान ने चीन के साथ राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 75 पाकिस्तानी रुपये का एक विशेष स्मारक सिक्का जारी करने की घोषणा की है। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना के दो साल से भी कम समय में 1951 में पाकिस्तान और चीन ने औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित किए। पाकिस्तान पहला मुस्लिम राष्ट्र था जिसने बीजिंग के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि यह स्मारक सिक्का 25 मई से देश भर में स्थित उसके बैंकिंग काउंटरों के माध्यम से जनता के लिए उपलब्ध होगा। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''पाकिस्तान और चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पाकिस्तान सरकार ने 75 रुपये का एक स्मारक सिक्का जारी करने का निर्णय लिया है। यह सिक्का 25 मई, 2026 से एसबीपी बैंकिंग के काउंटरों के माध्यम से आम जनता के लिए उपलब्ध होगा।'' पाकिस्तान और चीन को व्यापक रूप से ''सदाबहार सहयोगी'' के रूप में वर्णित किया जाता है, और दोनों देशों के बीच दशकों से रक्षा, अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे और कूटनीतिक मामलों में घनिष्ठ सहयोग है।

## ऑफ बीट

### सब कुछ कार्बनमुक्त करना असंभव है, लेकिन क्यों?



किसी भी सुपरमार्केट में कदम रखते ही आप चारों ओर कार्बन से घिरे होते हैं। यह वह कार्बन नहीं है जिसे जलवायु रिपोर्टों में पीपीएम यानी 'पार्ट्स पर मिलियन' में मापा जाता है, बल्कि यह कार्बन का सबसे ठोस रूप है। शैम्पू की बोतल की पॉलीमर परत, छत की टाइलों के पीछे की इन्सुलेशन, और आपके बैग में प्रयुक्त सिंथेटिक फाइबर... कार्बन ही तो है। ये वस्तुएं जीवश्म ईंधन युग की अनजानी उपज नहीं हैं। ये इसके दूसरे चरण का हिस्सा हैं, जो जलने जितना स्पष्ट नहीं है लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण है। वैश्विक नेट-जीरो चर्चा लगभग पूरी तरह ऊर्जा तक ही सीमित रही है। यह दृष्टिकोण आवश्यक है, लेकिन इसके पीछे एक मान्यता है, जिसे शायद ही कभी जांचा जाता है: कि जीवाश्म ईंधन से मिलने वाली केवल वही चीज़ महत्वपूर्ण है जो जलने पर ऊर्जा के रूप में निकलती है। वास्तव में, लगभग 15-20 प्रतिशत जीवाश्म ईंधन कभी जलाया ही नहीं जाता। यह आधुनिक जीवन की भौतिक संरचना में बदल जाता है: प्लास्टिक, पॉलीमर, उर्वरक, चिपकने वाले पदार्थ, सॉल्वेंट और सिंथेटिक वस्त्र। जब ये उत्पाद जलाए, अपघटित किए या त्यागे जाते हैं, तो उनका कार्बन वातावरण में लौटता है, जो वैश्विक गर्मी में योगदान देता है। यह योगदान वास्तविक है, बढ़ रहा है, और अधिकांश मुख्यधारा के नेट-जीरो लेखांकन में लगभग पूरी तरह अनुपस्थित है।

बीएमएचआरसी ने की स्वास्थ्य जागरूकता के साथ सहभागिता

# राइजिंग मप्र प्रदर्शनी में सीपीआर, नेत्रदान स्तन कैंसर, आयुष्मान योजना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा स्थित एमएसएमई एक्जीबिशन सेंटर में शुक्रवार से शुरू हुई तीन दिवसीय 'राइजिंग मध्यप्रदेश 2026' प्रदर्शनी में बीएमएचआरसी ने स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनहित गतिविधियों के साथ सहभागिता की। प्रदर्शनी में आईसीएमआर द्वारा किए जा रहे नवाचारों, अनुसंधान गतिविधियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न कार्यों की जानकारी भी प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग ने भी बीएमएचआरसी स्टॉल का अवलोकन कर स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों की सराहना की। दिनभर में 150 से अधिक लोगों ने प्रदर्शनी पहुंचे और विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लिया।

प्रदर्शनी के पहले दिन बीएमएचआरसी स्टॉल पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की।



### जांच एवं जागरूकता के महत्व के बारे में जानकारी दी

बीएमएचआरसी के विशेषज्ञों ने आगंतुकों को स्तन कैंसर से बचाव, समय पर जांच एवं जागरूकता के महत्व के बारे में जानकारी दी। फिजियोथैरेपी विशेषज्ञों ने शरीर को सक्रिय एवं स्वस्थ रखने के लिए उपयोगी सुझाव साझा किए। इसके अतिरिक्त गर्मी एवं लू से बचाव के संबंध में जागरूकता फैलाते हुए लोगों को ओआरएस पैकेट वितरित किए गए। प्रदर्शनी के दौरान बीएमएचआरसी में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।

काटजू अस्पताल में 'सेव हार्ट-सेव लाइव्स' सीएमई का आयोजन

# हार्ट अटैक की रोकथाम तथा आपात स्थिति में जरूरी कदमों के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

काटजू अस्पताल में 'सेव हार्ट-सेव लाइव्स' विषय पर एक सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान की नोडल एवं सेंटर हेड डॉ. रचना दुबे ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सालय स्टाफ को हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, हार्ट अटैक की रोकथाम तथा हार्ट अटैक की स्थिति में उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों की जानकारी प्रदान करना था।

सीएमई के दौरान हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आरएस. मीणा ने हार्ट अटैक की पहचान एवं आगे क्या करें विषय पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. अवधेश खरे ने मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदयघात एवं हृदय स्वास्थ्य जागरुकता विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए हृदय रोगों के जोखिम कारकों एवं बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्थान की नोडल एवं सेंटर हेड डॉ. रचना दुबे ने बताया कि डॉ. कैलाशनाथ काटजू मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान में प्रत्येक 15 दिनों के अंतराल पर नियमित रूप से सीएमई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों एवं विशेषज्ञताओं के बारे में चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ को जानकारी प्रदान की जाएगी।



### बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य

*इसका उद्देश्य चिकित्सा कर्मियों के ज्ञान एवं कौशल को निरंतर अद्यतन करना है, ताकि मरीजों को और बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके। डॉ दुबे ने कहा कि यह काटजू अस्पताल की एक नई पहल है, जिसे भविष्य में निरंतर जारी रखा जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि आज आयोजित सीएमई, काटजू अस्पताल की पहली सीएमई थी, जो आगे आने वाले शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक महत्वपूर्ण शुरूआत है।*

## पीटीआरआई के आदेश के बाद भी नहीं हुई सकी बसों की चेकिंग

**भोपाल।** बसों में एग्जिट गेट और अन्य कमियों की वजह से होने वाले हादसों और यात्रियों की मौत पर पीटीआरआई की ओर से नियम विरोध संचालित बसों पर कार्रवाई को लेकर भोपाल आईजी को आदेश जारी किया था। लेकिन शुक्रवार को बसों की चेकिंग को लेकर अभियान नहीं चलाया गया। अभियान किस वजह से शुरू नहीं हो सका। इसको लेकर अधिकारी कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि शनिवार से अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर एक विशेष टीम बनाई गई। उल्लेखनीय है कि पीटीआरआई सहायक पुलिस महानिरीक्षक राजेश कुमार मिश्र ने आदेश जारी करते हुए 28 मई तक विशेष चेकिंग अभियान के तहत बिना फिटनेस बिना परमिट और बिना वैध दस्तावेज के संचालित बसों पर कठोर कार्यवाही करने को कहा है।

**इन बिन्दुओं पर करनी है जांच :** चेकिंग के दौरान यह देखा जाएगा कि फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी एग्जिट और फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता है या नहीं है और वह वैध है या नहीं है, वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र, परमिट फिटनेस प्रमाण पत्र एवं बीमा दस्तावेज की जांच भी की जाएगी, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस एवं बैच चेक किया जाएगा, वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र में जितनी संख्या तय है उससे अधिक सीट और सवारी नहीं होना चाहिए, वाहन निश्चित गति सीमा से अधिक गति में न संचालित होता हो।

आनन-फानन में कराया इंतजाम, स्वच्छता टीम को लेकर मची अफरा-तफरी

# नगर निगम की डीजल सप्लाई अटकी, अब खरीदना होगा 49 रु. महंगा कंज्यूमर डीजल

*शहर में इन दिनों स्वच्छता सर्वे की केंद्रीय टीम है और ऐसे में कचरा कलेक्शन और अन्य वाहनों के डीजल सप्लाई अटकने से निगम के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तेल कंपनियों की सख्ती का असर शुक्रवार को नगर निगम में भी देखने मिला। निगम के कचरा कलेक्शन सहित अन्य वाहन जब निर्धारित पेट्रोल पंपों पर डीजल डलवाने पहुंचे, तो पता चला कि कामर्शियल उपयोग के लिए डीजल के दामों में 49 रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है। जिसके बाद वाहनों में डीजल नहीं भर पाया। इसकी भनक जब वरिष्ठ अफसरों को लगी तो उन्होंने तेल कंपनियों के अफसरों से बात की, जिससे पता चला कि अब नगर निगम को कॉमर्शियल रेट पर डीजल खरीदना पड़ेगा, जिसका रेट करीब 145 रुपए है। जबकि आम लोगों को डीजल 95 रुपए के आसपास मिलता है। ऐसे में कई वाहनों को डीजल नहीं मिलने से वह कचरा कलेक्शन नहीं कर पाए। इधर, पिछले दो दिन से दिल्ली की स्वच्छता टीम शहर में डेरा डाले हुई है, जिसको लेकर अफसरों में हड़कंप मचा हुआ है।

**कचरा कलेक्शन और अन्य वाहनों के लिए हुआ डीजल का टोटा**



आरिफ नगर कचरा स्टेशन पर खड़े निगम के वाहन।

### निगम कमिश्नर बोलीं-अब नहीं होगी ईंधन की समस्या

नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन का कहना है कि नगर निगम के वाहनों के लिए डीजल के संबंध मे जो इश्यू था, उसे सॉल्व कर लिया गया है। कचरा कलेक्शन सहित अन्य कामों से जुड़े वाहनों को ईंधन की कोई समस्या नहीं होगी। हालांकि बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दिन भर वाहनों को डीजल नहीं मिलने की वजह से खड़ा रहना पड़ा।

### रोज 1 हजार लीटर डीजल की खपत

निगम के वाहन जिसमें कचरा गाड़ियां, टैंकर और अन्य भारी वाहनों में औसतन करीब एक हजार लीटर डीजल की खपत रोजाना होती है। निगम के बेड़े में करीब 1450 अलग-अलग तरह के वाहन हैं। इधर, डीजल की खपत और चोरी रोकने निगम ने डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाले वाहनों को सीएनजी में बदलना शुरू कर दिया है।

### कचरा उठाने में देरी, शहर में दिखा असर

डीजल समय पर नहीं मिलने से शुक्रवार को सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई। कई इलाकों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन देर से शुरू हुआ, जबकि कुछ जगहों पर वाहन तय समय पर नहीं पहुंच सके। खासतौर पर सुबह के समय जिन इलाकों में नियमित कलेक्शन होता है, वहां गाड़ियों के लेट पहुंचने से कचरा जमा रहा।

### वृद्धि बहुत ज्यादा...

पेट्रोलियम कंपनी से पहले करीब 95 रुपए प्रति लीटर डीजल मिलता था, जिसे बढ़ाकर 142 रुपए कर दिया गया है। करीब 60 रुपए की वृद्धि बहुत ज्यादा है। ऐसे में पुलिस पेट्रोल पंपों से डीजल लिया जा रहा है। वाहनों के लिए ईंधन की कमी नहीं है।

**विजय गोयल,** प्रभारी डीजल टैंक, नगर निगम

कल आएंगे पूरे आंकडे,पिछले दो सालों से

# गिद्ध गणना की ऑनलाइन गणना शुरू, पहले दिन मिले 8810 गिद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र बाघ, तेंदुआ और चीतों के बाद गिद्धों की संख्या के मामले में भी देश में अव्वल बना हुआ है। अब फिर 22 से 24 तक तीन दिवसीय ऑनलाइन एप गिद्ध गणना शुरू की गई है।

पहले दिन शुक्रवार को विभिन्न वनमंडलों एवं टाइगर रिजर्व, राष्ट्रीय उद्यानों में 8748 स्थानों पर गणना में 8810 गिद्ध पाए गए, जिसमें 7768 वयस्क एवं 1042 किशोर गिद्ध पाए गए। गिद्धों की गणना के लिए 'ऑनलाइन एप' तैयार किया गया है। सूर्योदय से सुबह 9 बजे तक प्रदेश के सभी 16 वृत्त, 9 टाइगर रिजर्व, वन विकास निगम के क्षेत्रों एवं अन्य संरक्षित क्षेत्रों में गिद्ध गणना का कार्य वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त स्वंय सेवकों के सहयोग से किया जा रहा है।



फाइल फोटो

करवा सकेंगे जरूरी बदलाव

# डाकघरों में आधार सेवाओं का महा अभियान शिविर 25 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नागरिकों को आधार सेवाएं आसानी से प्रदान करने भारतीय डाक विभाग द्वारा 25 एवं 26 मई को जिले भर में एक विशेष महा-अभियान चलाया जाएगा। संभाग के तीन प्रधान डाकघरों एवं 23 प्रमुख उपडाकघरों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां नागरिक नए आधार कार्ड बनवाने के साथ-साथ अपने आधार में नाम, पता, जन्म-तिथि, मोबाइल नंबर सहित अन्य सभी जरूरी सुधार करवा सकेंगे। डाक विभाग ने इन शिविरों में नागरिकों की सुविधा और व्यवस्था को बनाए रखने शनिवार को इन आधार केंद्रों में टोकन वितरण की व्यवस्था भी की गई है। अभियान के दौरान भोपाल जीपीओ, सेंट्रल टी टी नगर प्रधान डाकघर, भेल प्रधान डाकघर में यह सेवा सुबह 8 से रात 8 बजे तक एवं अन्य प्रमुख उपडाकघरों में संचालित आधार केंद्रों में यह सेवा सुबह 8 से शाम 6 बजे तक प्रदान की जाएगी।

युवा कार्यकर्ता मयंक ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# सीजेपी ने कहा, मौजूदा सिस्टम ने युवाओं का भरोसा तोड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोशल मीडिया की मशहूर 'कॉकरोच जनता पार्टी'(सीजेपी) के इंस्टाग्राम पर महज चार दिन में दो करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स होने के बाद भोपाल में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा कार्यकर्ता मयंक ने शुक्रवार को पार्टी के बैनर तले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान नीट पेपर लीक प्रभावित युवा, नर्सिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी से प्रभावित छात्राएं भी मौजूद रहीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मयंक ने कहा कि सीजेपी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि 'जेन-जेड' की प्राथमिकताओं पर आधारित युवा आंदोलन है। यह किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल के विरोध का मंच नहीं, बल्कि उस शिथिल सिस्टम के खिलाफ आवाज है, जिसने युवाओं का भरोसा तोड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पेपर लीक जैसे मामलों पर युवा सवाल उठाते हैं, तब उनकी आवाज दबाने और सोशल मीडिया अकाउंट्स तक बैन करने की कोशिश होती है। अब सरकारी संस्थान अपनी नैतिक जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकते। मयंक ने बताया कि जल्द ही मध्य प्रदेश की कोर कमेटी घोषित की जाएगी। विदेशी फॉलोअर्स और पाकिस्तानी अकाउंट्स से जुड़े आरोपों को 'सरकारी दुष्प्रचार' बताया।

## सवा लाख आधार की बायोमीट्रिक पेंडिंग, अंगूठे से नहीं होगा वेरिफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बायोमेट्रिक अपडेट के लिए करीब एक लाख 18 हजार 938 आधार पेंडिंग हैं। जिससे इन आधार वाले लोगों का बायोमेट्रिक का अंगूठे से वेरिफिकेशन नहीं होगा। इसमें पांच से 15 वर्ष के 58 हजार 720, पंद्रह वर्ष से अधिक उम्र के 60 हजार 218 आधार शामिल हैं। इन आधार का बायोमेट्रिक अपडेट करने के लिए नए आधार केंद्र भी खोले जाएं। यह बात शुक्रवार को आयोजित जिला आधार निगरानी समिति की बैठक में लिया गया है। बैठक में यूआइडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के स्टेट मैनेजर निकेत दीवान ने बताया कि जिले में 107 आधार नामांकन व अपडेट केंद्र चलाए जा रहे हैं।

### अठारह साल से ऊपर के 1 हजार 850 के नहीं बने आधार

18 वर्ष से अधिक उम्र के नए आधार कार्ड में पता वेरिफिकेशन के 586 और 100 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों के आधार सत्यापन अपडेट से जुड़े 1 हजार 264 आधार पेंडिंग हैं। इस तरह जिले में 1 हजार 850 प्रकरण लंबित हैं।

मेट्रो ट्रेक के पिलर निर्माण के लिए भी लग रहे बैरिकेड्स

# गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र के गेट पर ट्रैफिक डायवर्ट, बैरिकेड्स से आवाजाही व्यवस्थित




हरिभूमि इंपैक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया गेट के सामने मेट्रो निर्माण कार्य के चलते ट्रैफिक व्यवस्था को अब व्यवस्थित तरीके से डायवर्ट किया गया है। बीते एक सप्ताह से यहां रोड चौड़ीकरण, मेट्रो ट्रैक निर्माण और पेड़ों के ठूंठ उखाड़ने का काम चलने के कारण एकलेन अव्यवस्थित रूप से बंद कर दी गई थी। जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हरिभूमि समाचार पत्र में इस संबंध में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित होने के बाद मेट्रो निर्माणकर्ता एजेंसी ने मौके पर बैरिकेड्स लगाकर ट्रैफिक को नियंत्रित करने व्यवस्थाएं सुधारी हैं। अब वाहनों की आवाजाही के लिए अलग मार्ग तय कर दिए हैं, जिससे जाम की स्थिति और दुर्घटना की संभावना से राहत मिली है।

## भोपाल में 77 युवाओं को रेलवे नियुक्ति पत्र रोजगार मेले में किए जाएंगे वितरित

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा 19वें रोजगार मेले में सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। भोपाल में रोजगार मेले का कार्यक्रम रेलवे आडोटोरियम न्यू नर्मदा क्लब हबीबगंज में आयोजित किया जाएगा। भोपाल रेल मंडल में 77 विभिन्न पदों (सहायक लोको पायलट, जूनियर इंजीनियर, टेकनीशियन, हेल्पर, ट्रेन मेनेजर इत्यादि) पर नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जायेंगें। साथ ही भोपाल में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों के 34 सहित कुल 101 नियुक्ति पत्र वितरित किए जायेंगें। रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप रोजगार मेला इस दृष्टिकोण को साकार रूप देने की महत्वपूर्ण पहल है।


कमलनाथ, जीतू पटवारी और अरुण यादव रेस में

कांग्रेस में प्रत्याशी चयन को लेकर मंथन जारी

# 18 जून को राज्यसभा चुनाव, मतगणना भी उसी दिन, कांग्रेस में कई दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश से राज्यसभा के तीन सदस्यों का कार्यकाल 21 जून 2026 को समाप्त हो रहा है। इनमें कांग्रेस के दिग्विजय सिंह तथा भाजपा से केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन और डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी शामिल हैं। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 18 जून को मतदान होगा और उसी दिन मतगणना भी की जाएगी। कांग्रेस की ओर से दिग्विजय सिंह इस बार चुनाव लड़ने से इनकार कर चुके हैं। ऐसे में उनकी सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, कमलेश्वर पटेल और सज्जन सिंह वर्मा के नाम चर्चा में हैं। पार्टी में उम्मीदवार चयन को लेकर मंथन जारी है।



### भाजपा में कुरियन और सोलंकी के नाम चर्चा में

भाजपा केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन को दोबारा राज्यसभा भेज सकती है। कुरियन वर्तमान में केंद्र सरकार में मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी और अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री हैं। वे भाजपा के पुराने और भरोसेमंद नेताओं में गिने जाते हैं तथा 1980 से पार्टी से जुड़े हुए हैं। हाल ही में उन्होंने केरल विधानसभा चुनाव में कांजिरापल्ली सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण भारत में भाजपा के प्रमुख ईसाई चेहरे के रूप में उनकी पहचान है। केंद्र सरकार में उनकी सक्रिय भूमिका और संगठन में पकड़ को देखते हुए उन्हें फिर मध्य प्रदेश से राज्यसभा भेजा जा सकता है। पेशे से वकील कुरियन सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस कर चुके हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख अनुवादकों में भी शामिल रहे हैं। भाजपा में डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी की सीट को लेकर भी मंथन चल रहा है। सोलंकी को हाल ही में भाजपा का प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। वे संघनिष्ठ आदिवासी चेहरे माने जाते हैं। प्रदेश में करीब 22 प्रतिशत आदिवासी आबादी को देखते हुए पार्टी उनकी जगह किसी दूसरे आदिवासी चेहरे को मौका देने पर विचार कर रही है। कांग्रेस के सामने संख्या बल को लेकर भी चुनौती बनी हुई है। दतिया विधायक राजेंद्र भारती की विधानसभा सदस्यता समाप्त हो चुकी है, जबकि विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा मतदान नहीं कर पाएंगे। बीना विधायक निर्मला सप्रे की स्थिति भी स्पष्ट नहीं है।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ाई का मौका, मिलेगी छात्रवृत्ति

**भोपाल।** विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना देखने वाले प्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए काम की खबर है। उच्च शिक्षा विभाग ने विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत सत्र 2026-27 (जनवरी से जून 2026) के लिए पात्र विद्यार्थियों से आवेदन बुलाए हैं। यह योजना विशेष रूप से अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के लिए संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से उन्हें स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर पर विदेश में अध्ययन हेतु राज्य सरकार आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और 25 मई 2026 शाम 6 बजे तक आवेदन जमा किए जा सकेंगे।

पन्ना में गांजा तस्करी के मामले में फंसाने की दी धमकी

# सराफा व्यापारी से 95 हजार वसूले, टीआई समेत 4 पर एफआईआर, सभी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पन्ना में सर्राफा व्यापारी को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 95 हजार रुपए वसूलने वाले 3 पुलिसकर्मियों समेत 4 लोगों पर एफआईआर की गई है। मामले में मड़ला थाना प्रभारी रचना पटेल, हेड कॉन्स्टेबल रज्जाक खान, कॉन्स्टेबल रामशरण और उनके साथी बृजेश यादव के खिलाफ साजिश रचने और जबरन वसूली की धाराएं लगाई गई हैं। इससे पहले मंगलवार को तीनों पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच किया गया था। चारों फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की अलग-अलग टीमें संभावित ठिकानों पर छापे मार रही हैं।

**एसपी निवेदिता को लिखित शिकायत दी थी**

### पेट्रोल पंप के सामने अपनी गाड़ी पार्क कर रहे थे

फरियादी मोहनलाल सोनी (40) रीवा के तरहटी गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने 15 मई को पन्ना एसपी निवेदिता नायडू को लिखित शिकायत दी थी। इसमें बताया था कि 14 मई की दोपहर करीब एक बजे वे अपनी कार से बागेश्वर धाम के लिए निकले थे। शाम करीब 5 बजे पन्ना के मड़ला गांव के पास पहुंचे तो एक पेट्रोल पंप के सामने अपनी गाड़ी पार्क कर रहे थे। इसी दौरान सिविल कपड़ों में दो युवक वहां आ गए। उन्होंने खुद को पुलिसकर्मी बताया और सोनी पर गांजा तस्करी के आरोप लगाए। सोनी के इससे इनकार करने पर उन्होंने जबरन कार के दरवाजे खुलवाए। फिर, सीट से एक काली पॉलिथीन निकालकर दिखाई। युवकों ने दावा किया कि पॉलिथीन में गांजा है। मोहनलाल ने खुद को सर्राफा कारोबारी बताते हुए पैकेट के बारे में जानकारी होने से मना किया।



# दृश्यम 3 के स्क्रीनिंग के दौरान इमोशनल हुए मोहनलाल

**मुंबई।** मोहनलाल की मच अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' 21 मई को रिलीज हुई। खास बात यह है कि इसी दिन अभिनेता ने अपना 66वां जन्मदिन भी मनाया। फिल्म को लेकर लगातार शानदार रिव्यू सामने आ रहे हैं। इसी बीच मोहनलाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों का रिएक्शन देखकर इमोशनल हो जाते हैं। अपनी फिल्म 'दृश्यम 3' के फर्स्ट डे, फर्स्ट शो स्क्रीनिंग के दौरान मोहनलाल काफी इमोशनल नजर आए। वायरल वीडियो में मोहनलाल अपनी की टीम के साथ थिएटर में बैठे नजर आ रहे हैं। फैंस के साथ फिल्म का फर्स्ट डे, फर्स्ट शो देखते हुए अभिनेता काफी भावुक हो गए और अपनी आंखों से आंसू पोंछते दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने तालियां बजा रहे एक दर्शक का हाथ जोड़कर धन्यवाद भी किया।


लाइफ Style

# रिद्धि
## फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद न रखें

अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने हाल ही में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें वह युवा लड़कियों को एक खास मैसेज दे रही हैं। यह संदेश कहीं ना कहीं जाकर मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले से जुड़ता है। बीते दिनों भोपाल से एक मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत की खबर आई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि ट्विशा की मौत फांसी लगाने से हुई, यह मामला अब दहेज जैसी कुप्रथा से जाकर भी जुड़ गया है। इस मामले पर कई सेलेब्स भी रिएक्ट कर चुके हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रिद्धि डोगरा की पोस्ट भी इसी मामले से जुड़ी हुई लगती है। वह अपनी पोस्ट में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रही हैं, फेमिनिज्म का असली मतलब बता रही हैं। रिद्धि डोगरा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'युवा लड़कियों और लड़कों यह 2026 है। प्लीज शादी को जरूरत से ज्यादा रोमांटिक बनाना बंद करें। अब शादी पहले जैसी नहीं रही। लड़कों को यह समझना चाहिए कि लड़कियां अब हर बात पर आंख बंद करके विश्वास नहीं करेंगी, क्योंकि कानून और समाज ने उन्हें सशक्त बनाया है। आज वे नौकरी कर सकती हैं। समाज में सम्मान से जी सकती हैं। इसलिए उन्हें किसी पर निर्भर होकर जीने की जरूरत नहीं है। लड़कियों को शादी की जरूरत जिंदगी चलाने के लिए नहीं है।' रिद्धि आगे लिखती हैं, 'लड़कियों प्लीज यह उम्मीद मत रखिए कि शादी के बाद आपका बॉयफ्रेंड कोई मिस्टर परफेक्ट बन जाएगा। वे भी इंसान है। इस नई दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है। उनके लिए यह बदलाव और भी नया है, क्योंकि उन्होंने एक अलग समाज देखा है, जहां पुरुषों से अलग उम्मीदें रखी जाती थीं। एक बार फिर कहूंगी, आप किसी फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद मत रखिए। खुद को शिक्षित बनाइए। अपने लिए जीना सीखिए और अपने लिए खड़े होना सीखिए। शादी प्यार और सम्मान के लिए कीजिए।' रिद्धि ने शादी में किसे दूसरे के दखल को लेकर भी कुछ काफी कुछ लिखा।



## हॉलीवुड मसाला



# रिकी के लाइव शो में मचा बवाल...

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर रिकी मार्टिन के कॉन्सर्ट के फैंस दीवाने हैं। उनके लाइव टूर के दौरान एक फैन ने ऐसी हरकत कर दी, जिससे कॉन्सर्ट के रंग में भंग पड़ गया। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति पर जल्द काबू पा लिया। जिसके बाद कॉन्सर्ट दोबारा शुरू कर दिया गया। गायक रिकी मार्टिन का इन दिनों एक लाइव टूर पर हैं। जिस वजह से मॉन्टेनेग्रो में उनके एक शो का आयोजन हुआ था। फैंस स्टेज के नीचे उनके गानों पर झूम रहे थे। सिंगर स्टेज पर गा रहे थे। उसी दौरान एक फैन ने स्टेज की तरफ आंसू गैस का छिड़काव कर दिया। जिससे शो के दौरान अफरा- तफरी मच गई। जिसके बाद मार्टिन को स्टेज से सुरक्षित ग्रीन रूम में ले जाया गया। दूसरी तरफ सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों नें स्थिति सामान्य कर ली। रिकी मार्टिन ने अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में।



# स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में काम करना सपनों जैसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेंडाया और टॉम हॉलैंड फिल्मी दुनिया के मशहूर कपल हैं। दोनों पार्टनर होने के साथ-साथ को स्टार्स भी हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग के दौरान के अनुभव साझा किए। एक्ट्रेस जेंडाया ने एक इंटरव्यू में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' में काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। यहां मुझे हर दिन अपने सबसे अच्छे दोस्त और सबसे करीबी व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिलता है। हम अपने पेट डॉग को भी काम पर लाते हैं। यह एक पारिवारिक माहौल जैसा है। हम इन फिल्मों को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस फिल्म के सेट पर घर लौटने जैसा महसूस होता है।' जेंडाया ने अपनी और टॉम की दूसरी फिल्म 'द ओडिसी' के बारे में भी काफी कुछ कहा। उन्होंने बताया कि इसमें टॉम के साथ उनका कोई एक्शन सीन नहीं है जिससे उन्हें टॉम को सेट पर काम करते देखने का मौका मिलता है। उन्हें इस फिल्म पर काम करते देख उन्हें गर्व महसूस होता है। बता दें, 'द ओडिसी' 17 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें जेंडाया ने एथेना का किरदार निभाया है जो ज्ञान की देवी है और ओडीसियस की रक्षक भी।



# बॉस्को और प्रियंका की दोस्ती के हुए 25 साल

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने सोशल मीडिया पर ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी कई खूबसूरत तस्वीर शेयर की हैं। दोनों के कामकाजी रिश्ते को 25 साल पूरे हो चुके हैं, जिसका जश्न मनाते हुए बॉस्को ने एक खास पोस्ट और नोट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉस्को की इस पोस्ट पर प्रियंका ने दिलचस्प जवाब दिया है। बॉस्को मार्टिस ने इंस्टाग्राम पर अपने साथ प्रियंका चोपड़ा की कई तस्वीरें और सेल्फी शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ बॉस्को ने कैप्शन में लिखा, '25 साल पूरे और यह सफर आगे भी जारी रहेगा। प्रियंका, आपकी एनर्जी कमाल की है। आपके साथ काम करना हमेशा बहुत मजेदार होता है।' इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा सफेद रंग की स्टाइलिश ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि बॉस्को ब्लैक कपड़ों और कैप में कूल नजर आ रहे हैं।



# सुहाना के जन्मदिन पर अनन्या शनाया ने लुटाया प्यार

**मुंबई।** शुक्रवार को शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने अपना 26वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर सुहाना खान की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और शनाया कपूर ने सोशल मीडिया पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।शनाया कपूर ने अपनी सबसे अच्छी दोस्त सुहाना खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों रंग-बिरंगी यूरोपीय इमारतों और नावों के सामने एक साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ शनाया ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे माई सु। लव यू फॉर लाइफ। जिंदगी भर के लिए ढेर सारा प्यार। सुहाना ने शन्या की इस पोस्ट को लाइक किया और इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। अनन्या पांडे ने भी अपनी दोस्त सुहाना को जन्मदिन की खास बधाई देते हुए इंस्टाग्रम स्टोरी पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है।

## स्थानीय खेल समाचार

### जतिन एवं विजय का इंडिया ओवर-40 क्रिकेट टीम में चयन



**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक भोपाल सर्कल के उत्कृष्ट खिलाड़ी जतिन सहाय सक्सेना, सहायक, आबीओ-1 एवं विजय मंगरानी, वरिष्ठ सहायक, आरएसीपीसी-1, भोपाल में पदस्थ का चयन वेटरन्स प्रो क्रिकेट इंटरनेशनल (वीपीसीआई) द्वारा गठित 'इंडिया ओवर 40 क्रिकेट टीम' में किया गया है। यह भारतीय टीम आगामी 25 मई से 8 जून तक यूनाइटेड किंगडम (इंग्लैंड) के प्रतिष्ठित दौरे पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। दौरे के दौरान भारतीय टीम इंग्लैंड एवं वेल्स की ओवर-40 क्रिकेट टीमों के विरुद्ध 45-45 ओवरों की अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय श्रृंखला खेलेगी। यह श्रृंखला अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक एवं रोमांचक मानी जा रही है। जतिन सहाय सक्सेना एवं विजय मंघरानी का इस राष्ट्रीय टीम में चयन न केवल उनकी प्रतिभा, अनुशासन एवं वर्षों के निरंतर परिश्रम का परिणाम है, बल्कि यह भारतीय स्टेट बैंक भोपाल सर्कल में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की सशक्त परंपरा को भी प्रदर्शित करता है। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से बैंक परिवार एवं खेल प्रेमियों में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। बैंक ने इस शानदार उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### शिवाजी हाउस को हराया, रितुल जैन बने प्लेयर ऑफ द मैच

# पृथ्वी हाउस बना अंडर 12 अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस लीग क्रिकेट का चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस लीग क्रिकेट अंडर 12 प्रतियोगिता का फाइनल मैच शिवाजी और पृथ्वी हाउस के बीच खेला गया, जिसमें शिवाजी हाउस ने निर्धारित ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर 71 रन बनाए। इनमें अभ्युदय भदौरिया ने 22 और हार्दिक पटेल ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी में रितुल जैन ने 3, सानिध्य मिश्रा और रुद्र प्रताप ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में पृथ्वी हाउस ने 13वें ओवर में रितुल जैन के 35 रनों की पारी की मदद से विजय प्राप्त कर चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया। रितुल जैन प्लेयर आफ द मैच बने। निर्भय सिंह और आरव जाट ने 2 -2 विकेट लिए।

### जयहिंद को हराकर वंदेमातरम ने जीता अंडर 14 का खिताब

दूसरे अंडर 14 एज ग्रुप के फाइनल मैच में जयहिंद ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर्स में सभी विकेट खोकर 81 रन बनाए। युवराज जाट ने 22 आराध्या सिंह (गर्ल्स) ने 11 और सुधीर ने 10 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में शानवी मंडलोई ने 3 और ईरनवीर सिंह 2 युवराज सिंह, वंश पुवार और उदित कुशवाह ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में वन्देमातरम ने 6 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर चैम्पियन का खिताब अर्जित किया। शिवांश अग्रवाल ने 35 इरन वीर सिंह ने 10 रन बनाए। गेंदबाजी में जय बैरागी और अनुज यादव ने 2-2 रितुल जैन ने 1 विकेट लिए। भोपाल के लोकप्रिय समाजसेवक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विवेक सारंग ने शानवी मंडलोई को प्लेयर आफ द मैच से पुरस्कृत किया।




मुख्य अतिथि विवेक सारंग शानवी मंडलोई को प्लेयर आफ द मैच से पुरस्कृत करते हुए।

### आज और कल नहीं होंगे मुकाबले

# सुपर सेंचुरियंस को सेंचुरियन क्राउंस ने 6 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेंचुरियन समर लीग में खेले गए मुकाबले में सेंचुरियन क्राउंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर सेंचुरियन्स को 6 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपर सेंचुरियन्स की टीम निर्धारित 25 ओवरों में सभी विकेट खोकर 121 रन ही बना सकी। कबीर ने 71 और समर्थ ने 11 की पारी खेली। क्राउंस की ओर से आदर्श, शौर्य और सूर्यांश ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट हासिल किए।122 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंचुरियन क्राउंस की टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से आदर्श ने 28 रन और कृष्णा ने 18 रनों का योगदान दिया। आज के मैन ऑफ द मैच नीलांग मिश्रा रहे, जिन्होंने सेंचुरियन क्राउंस की ओर से शानदार 48 रनों की महत्वपूर्ण पारी



खेली और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। नीलांग मिश्रा को अकैडमी के हेड कोच मोहसिन हसन ने पुरस्कृत किया। तेज़ गर्मी को देखते हुए शनिवार और रविवार को कोई मुकाबला नहीं खेला जाएगा। सेंचुरियन समर लीग का अगला मुकाबला सोमवार को सेंचुरियन किंग्स और सेंचुरियन फॉल्कन्स के बीच खेला जाएगा।

### रॉयल निमाड़ ईगल्स का कैंप शुरू

# ऊंची उड़ान के लिए तैयार हो रहे रॉयल निमाड़ ईगल्स के खिलाड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग (सिंधिया कप) 2026 के लिए आईसेक्ट इंडिया समूह की पुरुष क्रिकेट टीम रॉयल निमाड़ ईगल्स ने अपने हाई-परफॉर्मेंस कैंप की शुरुआत कर दी है। टीम के खिलाड़ी आगामी टूर्नामेंट के लिए कड़ी मेहनत और आधुनिक प्रशिक्षण के माध्यम से खुद को तैयार कर रहे हैं।

यह कैंप खिलाड़ियों को शारीरिक, तकनीकी और मानसिक रूप से मजबूत बनाने आयोजित किया जा रहा है, ताकि टीम इस सत्र में एक ऊंची उड़ान भर सके।

#### ये हैं टीम के स्टार खिलाड़ी

रॉयल निमाड़ ईगल्स पुरुष टीम 2026 में कप्तान सरांश जैन एवं उपकप्तान हिमांशु मंत्री के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगी। टीम में स्टार खिलाड़ी कुमार कार्तिकेय सिंह सहित आनंद सिंह बैस, प्रणित पाटीदार, पारुष मंडल, पुष्कर विश्वकर्मा, प्रारब्ध वी मिश्रा, शिवांश चतुर्वेदी, कनिष्क दुबे, धर्मेश पटेल, कार्तिक राजोरिया, शांतनु रघुवंशी, अयान श्रीराज, अभिषेक मावी, देवेंद्र सिंह कठैत एवं शशांक पाटीदार जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं।

#### संजय पांडेय-सतीश सिखा रहे खेल की बारीकियां

कैंप के दौरान टीम के हेड कोच संजय पांडेय एवं डायरेक्टर क्रिकेट जी. सतीश कुमार के मार्गदर्शन में खिलाड़ी खेल की बारीकियों को सीख रहे हैं। खिलाड़ियों को आधुनिक क्रिकेट की आवश्यकताओं के अनुरूप विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिसमें स्ट्रेंथ एंड पावर ट्रेनिंग (हाई सीएनएस), नेट सेशन, फील्डिंग ड्रिल्स, लो सीएनएस रिकवरी सेशन, मैच सिमुलेशन प्रैक्टिस तथा स्विमिंग पूल में फ्लेक्सिबिलिटी एवं रिकवरी ट्रेनिंग जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

#### टीम के ऑनर डॉ. सिद्धार्थ ने किया खिलाड़ियों से संवाद

आईसेक्ट इंडिया समूह के कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं रॉयल निमाड़ ईगल्स टीम के ओनर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी लगातार खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं।



ग्राउंड पर पसीना बहाते रॉयल निमाड़ ईगल्स के खिलाड़ी।

### भोपाल की बेटी ने बढ़ाया मध्य प्रदेश का मान

# नेहा साहू को मिला '100 आइकॉनिक वूमेन ऑफ इंडिया अवॉर्ड 2026'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र की प्रतिभाशाली बेटी नेहा साहू ने एक बार फिर भोपाल और पूरे मप्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। खेल, फिटनेस, युवा सशक्तिकरण और लोक संस्कृति के संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए नेहा साहू को प्रतिष्ठित "100 आइकॉनिक वूमेन ऑफ इंडिया अवॉर्ड 2026" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भव्य समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री रीतू शिवपुरी ने प्रदान किया।



इस अवसर पर कार्यक्रम की आयोजक तबस्सुम हक़ भी मंच पर मौजूद रहीं। सम्मान समारोह में अभिनेत्री रितु शिवपुरी ने कहा, नेहा जैसी बेटियां ही देश की असली ताकत हैं, जो अपने हुनर और मेहनत से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

#### खेल जगत में बनाई अलग पहचान

नेहा साहू योग में एमए, एमपीएड और बीपीएड की डिग्री प्राप्त कर चुकी हैं। वे राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी और नेशनल पावरलिफ्टर हैं। सीनियर महिला बेंच प्रेस चैंपियन रह चुकीं नेहा ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन किया है। कबड्डी की राष्ट्रीय खिलाड़ी वर्तमान में युवाओं को फिटनेस और खेलों से जोड़कर उन्हें नशे और गलत गतिविधियों से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रही हैं। प्रदेश के सागर जिले की रहने वाली नेहा साहू अपने खेल के प्रति जुनून के चलते भोपाल में खेलीं और पढ़ाई की और अब खेलों के साथ-साथ नेहा साहू बुंदेलखंड की लोक संस्कृति को सहेजने का भी काम कर रही हैं। वे राई, दीवारी, बधाई, सैरा और नौरता जैसे पारंपरिक लोकनृत्यों का निःशुल्क प्रशिक्षण देकर नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ रही हैं। गांव-गांव जाकर बच्चों और युवाओं को लोक संस्कृति के प्रति जागरूक करना उनका प्रमुख उद्देश्य है।

#### नेहा बोलीं, यह सम्मान पूरे प्रदेश की बेटियों का

सम्मान मिलने के बाद नेहा साहू ने कहा कि यह अवॉर्ड केवल मेरा नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश की उन सभी बेटियों का सम्मान है जो बड़े सपने देखने का साहस रखती हैं। मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से हर मंजिल हासिल की जा सकती है। अपनी संस्कृति और पहचान को बचाकर ही हम सही मायनों में सशक्त बन सकते हैं। नेहा की इस उपलब्धि पर भोपाल के सभी खेल संघों और खिलाड़ियों ने बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं ।

## देश के कई हिस्से भारी गर्मी से जल रहे स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी जारी की

# उत्तर और दक्षिण भारत के कई राज्य हीटवेव से झुलस रहे, देशभर में 300 से ज्यादा मामले सामने आए, फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं दिख रही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में बढ़ती गर्मी के बीच हीटस्ट्रोक के मामलों में तेजी देखी जा रही है। दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश में मार्च से मई के बीच 300 से ज्यादा संदिग्ध हीटस्ट्रोक के मामले सामने आए हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 1 मार्च से 19 मई तक कुल 325 संदिग्ध मामले दर्ज किए गए। इनमें से करीब एक-तिहाई मामले मई की शुरुआत के बाद सामने आए। हीटस्ट्रोक शरीर के जरूरत से ज्यादा गर्म हो जाने पर होने वाली गंभीर स्थिति है। इसमें चक्कर आना, उल्टी, भ्रम, बेहोशी, दौरे पड़ना और अंगों के काम करना बंद करने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। समय पर इलाज नहीं मिलने पर यह जानलेवा भी साबित हो सकता है।



### आंध्र प्रदेश प्रशासन ने लोगों को 5 घंटे न निकलने को कहा

आंध्र प्रदेश प्रशासन ने लोगों को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। अधिकारियों का कहना है कि इस दौरान हीटवेव और अत्यधिक तापमान अपने चरम पर रहता है।


फाइल फोटो

### कई राज्यों में पानी की भी समस्या

भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 22 से 27 मई के बीच दिल्ली और उत्तर भारत के कई हिस्सों में हीटवेव से लेकर गंभीर हीटवेव जैसी स्थिति बन सकती है। दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल में हीटस्ट्रोक के दो मरीज भर्ती किए गए हैं और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। देश के कई हिस्सों में तेज गर्मी के कारण अस्पतालों में डायरिया और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। वहीं गुजरात जैसे राज्यों में पानी की कमी की समस्या भी सामने आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार मैदानी इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक होने और सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री ज्यादा रहने पर हीटवेव घोषित की जाती है। अगर तापमान 45 डिग्री तक पहुंच जाए तो स्थिति और गंभीर मानी जाती है।

### उत्तर प्रदेश में 48 डिग्री तक पहुंचा तापमान

स्थानीय मीडिया के अनुसार इस साल अब तक का सबसे अधिक तापमान उत्तर प्रदेश के बांदा में दर्ज किया गया, जहां पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पिछले साल मार्च से जून के बीच देश में 7,000 से ज्यादा संदिग्ध हीटस्ट्रोक के मामले और 14 मौतें दर्ज हुई थीं। वहीं 2024 की इसी अवधि में 40,000 संदिग्ध मामले और 110 मौतें सामने आई थीं।

### डब्ल्यूएचओ ने सावधानी बरतने की सलाह दी




डब्ल्यूएचओ के अनुसार हीटवेव के दौरान शरीर में कुछ खास लक्षण दिखाई दें तो तुरंत सावधानी बरतनी चाहिए। इनमें चक्कर आना, अत्यधिक कमजोरी और थकान महसूस होना, बेचैनी या घबराहट होना, तेज प्यास लगना और सिर या पेट में दर्द शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये संकेत शरीर में पानी की कमी और अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को दर्शाते हैं। बुजुर्गों, बच्चों और पहले से बीमार लोगों को सबसे ज्यादा खतरा रहता है।

## खबर संक्षेप

### पंजाब में बैलेट पेपर से होंगे निकाय चुनाव

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने 26 मई को पंजाब में होने वाले नगर निगम, नगर परिषद और



नगर पंचायत चुनावों में ईवीएम के बजाय मतपत्रों के माध्यम से मतदान कराने के फैसले को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया है। इस याचिका में राज्य चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी गई थी।

### मंत्री मांझी पर हमला मंच पर फेंके पत्थर

**गया जी।** केंद्रीय मंत्री एवं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के सुप्रीमो जीतनराम मांझी पर हमला हुआ है।



बिहार के गयाजी जिले में एक कार्यक्रम में मांझी पर असामाजिक तत्वों ने पत्थर फेंक दिए। वे खिजरसराय में शुक्रवार को एक निजी स्कूल के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। तभी उन पर पत्थरबाजी की गई। पत्थर मंत्री के ठीक पास में गिरे, जिससे वे बाल-बाल बच गए।

### बस-ऑटो की भिड़ंत में 6 लोगों की मौत

**गंजम।** ओडिशा के गंजम जिले में शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक बस और ऑटो रिक्शा



के बीच टक्कर हो गई। इसमें 6लोगों की जान चली गई और 4 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार मृतकों में दो नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं। सभी मृतक और घायल एक ही गांव के बताए जा रहे हैं।

### डब्ल्यूएफआई को लगाई फटकार, फोगाट को राहत

**नई दिल्ली।** हाई कोर्ट ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फटकार लगाई।



डब्ल्यूएफआई ने पहलवान विनेश फोगाट को घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। कोर्ट ने केंद्र से कहा कि विशेषज्ञों की टीम बनाकर विनेश की स्थिति का मूल्यांकन करे और यह सुनिश्चित किया जाए कि वह ट्रायल में हिस्सा ले सकें।

### नैनी में दो कारों में भिड़ंत में 3 की मौत

**नैनी।** यहां लेप्रोसी चौराहा और रेलवे डॉट पुल के बीच रीवा मार्ग पर शुक्रवार को बड़ा हादसा हो



गया। एक तेज रफ्तार एक्सयूवी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर लांघते हुए दूसरी पटरी पर जा रहे मारुति कार से टकरा गई। हादसे में कार सवार पिता और उसके 2 पुत्रों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पुत्री के साथ बहन और बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए।

## सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण और सामाजिक गतिशीलता पर कहा

### अदालत ने कहा कि उन्हें अब आरक्षण से बाहर निकलना चाहिए

# अगर अभ्यर्थी के माता-पिता आईएएस हैं तो उनके बच्चों को आरक्षण क्यों मिले?

**न्यायमूर्ति नागरत्ना और भुइयां की पीठ ने कहा**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

### क्रीमी लेयर पर सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आरक्षण और सामाजिक गतिशीलता के मुद्दे पर महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं। पिछड़े वर्गों में क्रीमी लेयर को मिलने वाले आरक्षण लाभ से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सवाल उठाया कि जिन परिवारों ने शिक्षा और आर्थिक रूप से प्रगति कर ली है, क्या उनके बच्चों को भी आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अगर दोनों माता-पिता आईएएस अधिकारी हैं तो फिर उनके बच्चों को आरक्षण क्यों मिलना चाहिए? याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता शशांक रतनू ने कहा कि लोगों को उनकी सैलरी की वजह से नहीं, बल्कि उनके सामाजिक दर्जे के आधार पर बाहर किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रुप-ए कर्मचारियों को बाहर किया गया है और ग्रुप-बी कर्मचारियों को भी बाहर किया जाता है।

### पीढ़ी दर पीढ़ी आरक्षण मांगते रहे तो समाज बाहर नहीं निकल पाएगा

इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ सामाजिक गतिशीलता आती है। ऐसे में अगर अगली पीढ़ी भी आरक्षण मांगती रहेगी तो समाज कभी इससे बाहर नहीं निकल पाएगा। उन्होंने कहा कि यह भी एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है।जस्टिस नागरत्ना ने आगे कहा कि छात्रों के माता-पिता अच्छी नौकरियों में हैं, अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उनके बच्चे फिर भी आरक्षण चाहते हैं। उन्होंने टिप्पणी की कि उन्हें अब आरक्षण से बाहर निकलना चाहिए।

### ईडब्ल्यूएस और क्रीमी लेयर के बीच अंतर होः वकील

अधिवक्ता रतनू ने अदालत से कहा कि इस मुद्दे पर गहराई से विचार किए जाने की जरूरत है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और क्रीमी लेयर के बीच अंतर होना चाहिए। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि ईडब्ल्यूएस में सामाजिक पिछड़ापन नहीं होता, बल्कि केवल आर्थिक पिछड़ापन होता है। रतनू ने कहा कि इसी वजह से क्रीमी लेयर के मानदंड ईडब्ल्यूएस की तुलना में अधिक उदार होने चाहिए। अगर दोनों को एक समान मान लिया जाएगा, तो दोनों के बीच कोई अंतर नहीं रह जाएगा।

### गुजरात का मामला: चौंकाने वाले आदेश से उठते हैं सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक अहम सुनवाई के दौरान कहा कि अदालतों द्वारा दिए गए चौंकाने वाले आदेश लोगों के मन में न्यायपालिका को लेकर विश्वास को हिला सकते हैं। कोर्ट की यह टिप्पणी गुजरात रेवेन्यू ट्रिब्यूनल से जुड़े एक विवादित मामले की सुनवाई के दौरान आई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच गुजरात हाईकोर्ट के सितंबर 2024 के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने कहा कि अगर कोई गलत आदेश पारित होता है तो उसे सुधारा जा सकता है।

### कोर्ट ने कहा- संतुलन बनाए रखना जरूरी

*सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि इस मुद्दे में संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ापन अपनी जगह है, लेकिन जब माता-पिता आरक्षण का लाभ लेकर एक निश्चित स्तर तक पहुंच चुके हैं और दोनों आईएएस अधिकारी या सरकारी सेवा में अच्छी स्थिति में हैं, तो सामाजिक गतिशीलता स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ऐसे लोगों को आरक्षण से बाहर रखने के आदेशों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।*

### सामाजिक गतिशीलता मौजूद

*कोर्ट ने यह भी कहा कि कई सरकारी आदेशों में पहले से ही ऐसे उन्नत वर्गों को आरक्षण का फायदा लेने से रोकने के प्रावधान हैं, लेकिन अब इन्हें चैलेंज किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि सामाजिक गतिशीलता मौजूद है। अब सरकारी आदेश हैं जो इन सभी लोगों को बाहर रखते हैं, और वे इस बहिष्कार पर सवाल उठा रहे हैं। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा।*

## विज्ञान भवन में बीएसएफ के पदग्रहण समारोह में बोले

# घुसपैठियों को बाहर करने शून्य सहिष्णुता नीति अपनाएगा केंद्र

**शाह ने 'स्मार्ट बॉर्डर' परियोजना की घोषणा की**



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की कि सरकार सीमा पार घुसपैठ के प्रति शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनाएगी। उन्होंने बताया कि देश की सीमाओं को सील करने और सभी अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने के लिए एक व्यापक स्मार्ट बॉर्डर परियोजना इस वर्ष शुरू की जाएगी। शाह ने कहा कि अवैध प्रवासन जनसांख्यिकीय बदलाव लाने की एक सोची-समझी साजिश है, और सरकार हर घुसपैठिए की पहचान कर उसे निर्वासित करेगी। विज्ञान भवन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पदग्रहण समारोह 2026 को संबोधित करते हुए शाह ने यह बात कही।

### 2,70,000 कर्मियों के साथ बीएसएफ दुनिया में सबसे बड़ा सुरक्षा बल

*शाह ने यह भी घोषणा की कि सीमा पर तैनात जवानों की सहायता के लिए जल्द ही एक उच्च-शक्ति जनसांख्यिकी मिशन शुरू किया जाएगा। शाह ने बीएसएफ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि 1965 में 25 बटालियनों के साथ शुरू हुआ यह बल अब 2,70,000 कर्मियों वाला दुनिया का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल बन गया है। समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री ने कर्तव्य के दौरान उत्कृष्ट योगदान और सर्वोच्च बलिदान के लिए बीएसएफ कर्मियों को सम्मानित भी किया।*

### स्मार्ट बॉर्डर परियोजना का लक्ष्य

*इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य देश की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को पूरी तरह से सील करना है। इसके तहत सीमा सुरक्षा बल को आधुनिक तकनीक जैसे ड्रोन रडार और उन्नत कैमरों से लैस किया जाएगा। यह पहल अगले एक वर्ष के भीतर पूरी की जाएगी। इसका उद्देश्य अवैध घुसपैठ को प्रभावी ढंग से रोकना है।*

### गृह मंत्रालय 6,000 किमी लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर अभेद्य सुरक्षा ग्रिड लागू करेगा


गृह मंत्रालय देश की 6,000 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर एक अभेद्य सुरक्षा ग्रिड लागू करेगा। उन्होंने घोषणा की कि अगले एक वर्ष के भीतर, स्मार्ट बॉर्डर अवधारणा के तहत, बीएसएफ को ड्रोन रडार और उन्नत कैमरों सहित आधुनिक तकनीक से लैस किया जाएगा। शाह ने बीएसएफ से आग्रह किया कि वे घुसपैठ और पशु तस्करी के मार्गों की पहचान करने और उन्हें बंद करने के लिए राज्य पुलिस, जिला कलेक्टरों और ग्राम पटवारियों के साथ सीधे समन्वय करके अपने खुफिया नेटवर्क का विस्तार करे।

## अजमेर शरीफ के दीवान चिश्ती बोले

# गाय को मिले राष्ट्रीय पशु का दर्जा मुसलमान समुदाय स्वागत करेगा

एजेंसी ⏭ अजमेर

अजमेर शरीफ दरगाह के दीवान सैयद सरवर चिश्ती ने केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने और देशभर में उसकी हत्या, कुर्बानी और बीफ निर्यात पर बैन लगाने की मांग की है। ईद-उल-अजहा से ठीक पहले 28 मई को होने वाले त्योहार के मद्देनजर शुक्रवार को बयान में चिश्ती ने कहा कि गाय हिंदू समुदाय की आस्था का प्रतीक है और उसे संवैधानिक सुरक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से संसद का विशेष सत्र बुलाकर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने संबंधी कानून



लाने की अपील की। चिश्ती ने कहा, यह देखना बहुत जरूरी है कि इस विधेयक का समर्थन कौन करता है और विरोध कौन? इस मुद्दे को राजनीति से ऊपर उठाकर सांप्रदायिक सद्भाव और सांस्कृतिक सम्मान के नजरिए से देखा जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि मुसलमान समुदाय इस कदम का स्वागत करेगा। मौलवी ने मवेशियों को लावारिस छोड़ने पर भी निशाना साधा।

## प्रधानमंत्री को झालमुड़ी खिलाई थी

# दुकानदार को मिल रहीं जान से मारने की धमकियां, पुलिस तैनात

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार विक्रम साहू को जान से मारने की धमकी मिली है। दुकानदार की ओर से दावा किया गया कि पिछले कुछ दिनों से उसे पाकिस्तान और बांग्लादेश से रोजाना धमकी भरे कॉल आ रहे हैं। पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले विक्रम साहू रातोंरात सुर्खियों में आ गए थे। व साहू और पीएम मोदी के बीच हुई बातचीत पूरे चुनाव में चर्चा का विषय बन गई थी। यही शोहरत अब



उसके लिए मुसीबत बन गई है। साहू ने कहा कि वह अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित है मुझे पाकिस्तान से वीडियो और फोन कॉल के जरिए बार-बार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। वे मुझे बम से उड़ाने की धमकी दे रहे हैं। हथियार भी दिखा रहे हैं। उन्होंने गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी है।

## देशभर के युवाओं को आज मिलेगी बड़ी सौगात

# पीएम मोदी रोजगार मेले में 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे

### 19 वां आयोजन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



पीएम मोदी 23 मई 2026 को देशभर के युवाओं को बड़ी सौगात देंगे। प्रधानमंत्री शनिवार सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित होने वाले 19वें रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे और नए चयनित युवाओं से संवाद करेंगे। केंद्र सरकार की ओर से यह महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सरकार का कहना है कि रोजगार सृजन को प्राथमिकता देना प्रधानमंत्री की प्रमुख प्रतिबद्धताओं में शामिल है और रोजगार मेला उसी सोच को आगे बढ़ाने का माध्यम बन चुका है।

### कई मंत्रालयों में मिलेगी नियुक्ति

*रोजगार मेले के तहत चयनित उम्मीदवार रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग समेत कई सरकारी विभागों में नियुक्त किए जाएंगे। इसके अलावा अन्य केंद्रीय मंत्रालयों और संगठनों में भी युवाओं को नियुक्ति दी जाएगी।*

### इसके पहले 12 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दे चुके

*सरकार द्वारा शुरू किए गए रोजगार मेलों के जरिए अब तक देशभर में 18 चरण आयोजित किए जा चुके हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 12 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं।*

## एजेंसी अब नहीं लेना चाहती किसी तरह का जोखिम

# पेपर लीक रोकने एनटीए ने कसी कमर, 30 दिन चुनौती भरे, सोशल मीडिया पर भी रखेंगे नजर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आगामी 21 जून को दोबारा होने वाली नीट परीक्षा के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पूरी तरह सतर्क है। परीक्षा में अब एक महीने से भी कम समय बचा है, ऐसे में एजेंसी जीरो ट्रस्ट नीति के तहत काम कर रही है।

एजेंसी अब किसी भी स्तर पर सुरक्षा को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। पेपर लीक के बाद एनटीए अब कड़ी निगरानी, नियमित ऑडिट और सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग कर रहा है।

### गड़बड़ बन सकती है बड़ी मुसीबत




30 दिन के भीतर दोबारा परीक्षा आयोजित करना एक बड़ी चुनौती है। अगर समय की कमी से कोई भी छोटी सी गड़बड़ हुई, तो यह एक बड़ी मुसीबत बन सकती है। परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक के आरोपों के बाद छात्रों और अभिभावकों में भारी गुस्सा देखा गया था। इसके बाद ही दोबारा परीक्षा कराने का फैसला लिया गया। एजेंसी की जिम्मेदारी सिर्फ परीक्षा कराना ही नहीं है, बल्कि पूरी प्रक्रिया की ईमानदारी बनाए रखना भी है। एनटीए का मानना है कि वे छात्रों को बार-बार निराश नहीं कर सकते।

## सुप्रीम कोर्ट ने वापस लिया आदेश

# एनसीईआरटी बुक का विवादित चैप्टर लिखने वालों की नहीं जाएगी नौकरी




एनसीईआरटी की कक्षा 8 की सोशल साइंस की किताब का विवादित चैप्टर लिखने वाले 3 शिक्षाविदों की माफी सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर ली है। विवादित अध्याय के लिए जिम्मेदार माने गए माइकल डेनिनो, सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्ना का माफीनामा सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अपना वह आदेश भी वापस ले लिया है, जिसमें शिक्षाविदों को किसी सरकारी संस्था में काम नहीं दिए जाने का निर्देश दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाला बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचौली की बेंच ने कोर्ट के आदेश का वह हिस्सा हटा लिया है, जिसमें तीनों को सरकारी अनुदान वाली किसी संस्था में काम नहीं देने को कहा गया था।

### न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पर था विवाद

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्यों से कहा कि वह इन लोगों को जरूरत के मुताबिक काम देने पर विचार कर सकते हैं। कोर्ट की तरफ से कोई रोक नहीं है। हालांकि, केंद्र ने कहा कि उसने इन लोगों को स्कूली शिक्षा से जुड़ा काम न देने का फैसला किया है।

## मौत के सन्नाटे में समाई थी जिंदगी

# 32 फीट की गहराई से निकला 26 साल पुराना राज, ड्रेस से खुलासा

एजेंसी ⏭ कीरतपुर साहिब

पंजाब की भाखड़ा नहर में करीब 26 साल पहले गिरी एक मारुति ओमनी वैन को अब बरामद किया गया है। वर्ष 2000 में कीरतपुर साहिब क्षेत्र के गांव कोटला के 4 लोगों को लेकर ये वैन नहर में समा गई थी। हादसे के बाद लंबे समय तक तलाश चली लेकिन न शव मिले थे और न वाहन। अब 32 फीट की गहराई से भाखड़ा ने ये राज उगला है। गांव कोटला में सभी ने उम्मीद छोड़ दी थी कि आज से 26 साल पहले 20 अक्टूबर 2000 को नहर में गिरे लोगों का कभी पता भी चलेगा। इस वैन में कोटला में मिठाई



की दुकान करने वाले मुनी लाल (36), तेजराम (37) वैन के ड्राईवर, किसान सुरजीत सिंह और उसका 8 साल का बेटा कालू सवार थे। सभी शादी से लौट रहे थे तभी वैन के साथ सभी नहर में समा गए थे। तब परिजनों और गांव वालों ने उन्हें ढूंढने के लिए बहुत प्रयास किए थे, लेकिन तब उनका कोई पता नहीं चल पाया था।


अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल

# भारत ने किया परमाणु हमले में सक्षम अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

घरेलू मोर्चे पर पश्चिमी और पूर्वी सीमाओं पर बनी हुई युद्ध की साझा चुनौती के बीच भारत ने शुक्रवार को परमाणु हमले में महारत रखने वाली कम दूरी की अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल (एसआरबीएम) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। जिसे पूर्वी भारत में स्थित ओडिशा की एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) चांदीपुर से किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक जारी कर बताया कि परीक्षण के दौरान यह मिसाइल अपने सभी रणनीतिक और तकनीकी मानकों पर पूरी तरह से खरी उतरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सामरिक बल कमांड (एसएफसी) के तहत इस परीक्षण को पूरा किया गया है। यह कमांड देश की त्रिस्तरीय परमाणु हमला करने की क्षमता (न्यूक्लियर ट्रायड, जल, थल और नभ से हमला करने में दक्ष) रखने वाले सभी हथियारों की निगरानी और रणनीतिक संचालन की जिम्मेदारी संभालती है। इस परीक्षण की मदद से कहीं न कहीं इसकी मारक क्षमता में भी काफी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

## अब कांपेंगे देश के दुश्मन, आतंकी पाकिस्तान और चालबाज चीन की नहीं चलेगी कोई चाल

### 1200 किलोमीटर तक करेगी मार

दरअसल, अग्नि-1 देश की एक कम दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। जिसकी अनुमानित मारक क्षमता करीब 600 से लेकर 1200 किलोमीटर तक है। यह अपने साथ परमाणु आयुध ले जाने में पूरी तरह से सक्षम मिसाइल है। हमलावर स्थिति में यह काफी त्वरित गति के साथ तय किए गए लक्ष्यों पर सटीकता से निशाना लगाकर उन्हें पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर सकती है।

### डीआरडीओ ने विकसित की

अग्नि-1 का विकास और निर्माण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी रूप से किया है। जिसमें संगठन की हैदराबाद स्थित एडवांस्ड सिस्टम्स लेबोरेटरी (एएसएल) की बेहद अहम भूमिका है। मिसाइल का पहला परीक्षण 24 साल पहले 25 जनवरी 2002 को किया गया था। शुरुआती दौर में इससे जुड़ी प्रक्रिया को परियोजना प्रदर्शक के रूप में शुरू किया गया था। लेकिन बाद में मिसाइल की क्षमता के मद्देनजर इसे पूर्ण रूप से सैन्य युद्धक सामग्री की श्रेणी में शामिल किया गया।


विनय क्वात्रा पुरस्कार लेते हुए

### 1 हजार किलो का परमाणु हथियार ले जा सकेगी

अग्नि मिसाइल एक सिंगल इंजन और ठोस ईंधन के तहत संचालित होती है। जिसकी कुल लंबाई करीब 15 मीटर और वजन 12 टन है। यह अपने साथ 1 हजार किलोग्राम वजन तक की पारंपरिक और परमाणु हथियार सामग्री को एक साथ ले जाने में सक्षम है। मिसाइल की एक अन्य खास बात यह भी है कि इसे दो तरह के यातायात मार्गों जैसे सड़क और रेल मोबाइल लांचर के माध्यम से कहीं से भी निर्धारित लक्ष्यों पर आसानी से दागा जा सकता है।

### चंद्रयान-3 को अमेरिका ने दिया अंतरिक्ष विज्ञान का सर्वोच्च सम्मान

भारत के ऐतिहासिक चंद्र मिशन चंद्रयान-3 को एक और बड़ी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल हुई है। अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स (एआईएए) ने चंद्रयान-3 मिशन को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित 'गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया है। यह सम्मान 21 मई को वॉशिंगटन डीसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिया गया। यह पुरस्कार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने एआईएए एसेंड सम्मेलन में स्वीकार किया। वैज्ञानिकों का मानना है कि भारत के चंद्रयान-3 मिशन से भविष्य में चंद्रमा की सतह पर निर्माण और अन्य गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### भारत की जासूसी कर रहा था मुस्तफा, अरेस्ट



**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर से मोहम्मद मुस्तफा नामक युवक को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। एटीएस ने जिले के रतनपुर गांव में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया है कि मो. मुस्तफा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स के जरिए पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के लगातार संपर्क में था और कथित तौर पर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल था। उसका संबंध कुख्यात हथियार तस्कर शहजाद भट्टी नेटवर्क से है।

### तुलसी गबार्ड ने ट्रंप कैबिनेट से दिया इस्तीफा



**वॉशिंगटन।** तुलसी गबार्ड राष्ट्रीय खुफिया (गुप्तचर) निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया है, ताकि वह अपने पति की देखभाल कर सकें, जिनका 'हड्डी के एक बेहद दुर्लभ कैंसर' के लिए इलाज चल रहा है। गबार्ड ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इसकी जानकारी दी। अंतिम कार्य दिवस 30 जून 2026 होने की उम्मीद है। अपने इस्तीफे में गबार्ड ने इस पद पर नेतृत्व करने का अवसर देने के लिए आभार जताया।

## भारत-साइप्रस संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा

# दोनों देशों के बीच निवेश दोगुना करने का लक्ष्य, द्विपक्षीय रिश्तों को देंगे नया आयाम

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पीएम मोदी से साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस से की मुलाकात | सुरक्षा, व्यापार, तकनीक और नवाचार जैसे क्षेत्रों में बढ़ाएंगे सहयोग

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत और साइप्रस के बीच बढ़ते भरोसे तथा भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से नई संभावनाएं उभरी हैं और दोनों देश अगले पांच वर्षों में साइप्रस से भारत में होने वाले निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेंगे। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ बातचीत के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत और साइप्रस ने अपने विश्वसनीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाने का निर्णय लिया है, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को नई गति और नया आयाम मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और साइप्रस की मित्रता मजबूत होने के साथ-साथ भविष्य उन्मुख भी है। लोकतंत्र, कानून के शासन और सभी देशों की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान जैसे साझा मूल्य दोनों देशों की साझेदारी की नींव हैं। उन्होंने कहा कि भारत इन सिद्धांतों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आगे भी रहेगा।

### भारत-ईयू के बीच एफटीए से नई आर्थिक संभावनाएं बनीं


प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करते भारत और साइप्रस

पीएम ने कहा कि पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हुआ है, जो दोनों देशों के बीच बढ़े विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से नई आर्थिक संभावनाएं बनी हैं और इन्हीं अवसरों का लाभ उठाते हुए दोनों देश अगले पांच वर्षों में निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेंगे।

### भारत और यूरोप के संबंध एक नए स्वर्णिम दौर में: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और यूरोप के संबंध एक नए स्वर्णिम दौर में प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे समय में साइप्रस यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता संभालने के साथ-साथ भारत और पूरे यूरोप के बीच एक महत्वपूर्ण निवेश प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है। वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, भारत संघर्षों की शीघ्र समाप्ति और शांति स्थापित करने के प्रयासों का समर्थन करता रहेगा।


निकोस और पीएम मोदी

### दोनों देशों के बीच रिश्ते सदियों पुराने

साइप्रस के राष्ट्रपति ने कहा कि आज के समय में जब दुनिया में भू-राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ रही है, तो मेरा मानना है कि यूरोपीय संघ और भारत के बीच साझेदारी और मजबूत होनी चाहिए। यह रिश्ता अब सिर्फ अर्थव्यवस्था से नहीं चल रहा है। यह तेजी से एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी बन रहा है, जो साझा हितों, साझा जिम्मेदारियों और स्थिरता, मजबूती और समृद्धि के लिए एक समान प्रतिबद्धता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यूरोप और भारत के पास सुरक्षा, व्यापार, तकनीक, नवाचार और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने के कई कारण हैं। साइप्रस और भारत के रिश्ते साझा मूल्यों और ऐतिहासिक अनुभवों पर आधारित हैं।

### साइप्रस यूरोप का प्रवेश द्वार, आईएमईसी एक दूरदर्शी पहल

राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिड्स ने कहा कि साइप्रस एक भरोसेमंद, स्थिर और विश्वसनीय सेतु की तरह काम करने की स्थिति में है, जो भारत और यूरोप को जोड़ सके, यूरोपीय संघ, पूर्वी भूमध्यसागर और मध्य पूर्व के बड़े क्षेत्र के बीच एक पुल की तरह। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को उन्होंने एक 'दूरदर्शी पहल' बताया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना इंडो-पैसिफिक, मध्य पूर्व और यूरोप के बीच भरोसेमंद कनेक्टिविटी के बढ़ते महत्व को दिखाती है। हम पीएम मोदी के साथ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी की पहलों पर लगातार चर्चा कर रहे हैं, और साइप्रस, जो तीन महाद्वीपों के चौराहे पर स्थित है और यूरोप का प्रवेश द्वार भी है, इस साझा विजन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो बोले

# भारत को उसकी जरूरत के हिसाब से तेल देगा अमेरिका

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो 23 मई से 26 मई तक चार दिवसीय दौरे पर भारत आ रहे हैं। भारत के दौरे पर निकलने से पहले उन्होंने गुरुवार को मियामी एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात की। जिसमें रुबियो ने भारत की जमकर तारीफ की। उन्होंने भारत को एक 'महान सहयोगी और बेहतरीन साझेदार' बताया। रुबियो ने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव के कारण भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को लेकर चिंतित है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारत जितना भी तेल और ऊर्जा खरीदना चाहेगा, अमेरिका उसे उतनी मात्रा में बेचने के लिए तैयार है। अमेरिका इस समय ऐतिहासिक स्तर पर ऊर्जा का उत्पादन और निर्यात कर रहा है। रुबियो ने यह भी बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से भारत में तेल की कीमतें बढ़ी हैं, ऐसे में अमेरिका भारत के ऊर्जा पोर्टफोलियो का एक बड़ा हिस्सा बनना चाहता है।


क्वाड देशों के विदेश मंत्री फाइल फोटो

### 26 मई को क्वाड देशों की बैठक में भाग लेंगे

मार्को रुबियो की यह यात्रा इसलिए भी बेहद खास है क्योंकि वे नई दिल्ली में 26 मई को 'क्वाड' देशों के विदेश मंत्रियों की अहम बैठक में हिस्सा लेंगे। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, क्वाड में भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका शामिल हैं। इसका उद्देश्य वैश्विक भलाई के लिए सहयोग करना और एक स्वतंत्र, खुला, समावेशी, समृद्ध तथा लचीला इंडो-पैसिफिक क्षेत्र सुनिश्चित करना है। भारत 26 मई को नई दिल्ली में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के निमंत्रण पर मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग और जापान के विदेश मंत्री तोसीमित्सु मोतेगी बैठक में शामिल होने के लिए भारत आएंगे।

### 14 साल बाद कोलकाता का दौरा करेंगे

अपनी इस यात्रा के दौरान रुबियो कोलकाता, आगरा, जयपुर और नई दिल्ली जाएंगे। खास बात यह है कि करीब 14 साल बाद कोई अमेरिकी विदेश मंत्री कोलकाता का दौरा कर रहा है, इससे पहले 2012 में हिलेरी क्लिंटन वहां गई थीं। कोलकाता में अमेरिका का दुनिया का दूसरा सबसे पुराना वाणिज्य दूतावास स्थित है। रुबियो ने भारत को अमेरिका का महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताते हुए कहा कि भारत के साथ काम करने के कई क्षेत्र हैं। हम उनके साथ बहुत अच्छा सहयोग करते हैं। यह यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है और इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

## ईरान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने क्यूबा पर बनाया दबाव, बोले

# हमारा पड़ोसी एक नाकाम देश बुनियादी सुविधाओं की कमी

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने क्यूबा पर दबाव बढ़ा दिया है। दोनों नेताओं ने क्यूबा को एक 'नाकाम और असफल' देश करार दिया है। उन्होंने कहा कि क्यूबा अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। फ्लोरिडा और व्हाइट हाउस में अलग-अलग बयानों में दोनों अधिकारियों ने संकेत दिया कि वे क्यूबा के प्रति अब और भी सख्त रवैया अपनाएंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि बातचीत के जरिए समाधान निकालने का रास्ता अभी बंद नहीं हुआ है। व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका क्यूबा के लोगों और वहां से आकर अमेरिका में बसे लोगों की मदद करना चाहता है। क्यूबा में बिजली नहीं है, लोगों के पास पैसे नहीं हैं और खाने-पीने की चीजों की भी भारी कमी है। वे इंसानियत के नाते क्यूबा की मदद करना चाहते हैं।




### क्यूबा में रूस और चीन मौजूद

दूसरी तरफ, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि क्यूबा लगातार अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। रुबियो ने याद दिलाया कि क्यूबा अमेरिकी तट से सिर्फ 90 मील दूर है। वहां एक ऐसी सरकार है जिसे अमेरिका के दुश्मनों के दोस्त चला रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि क्यूबा में रूस और चीन की खुफिया एजेंसियां मौजूद हैं। वहां इन दोनों देशों के हथियार सिस्टम भी पहुंच चुके हैं। रुबियो ने क्यूबा पर लैटिन अमेरिका में अस्थिरता फैलाने और आतंकवाद को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर ने भी इन चिंताओं को दोहराया। उन्होंने चेतावनी दी कि क्यूबा अमेरिका के दुश्मनों के लिए एक सुरक्षित ठिकाना बन सकता है।

## उत्तराखंड में हेमकुंड साहिब यात्रा 2026

# पंच प्यारों के साथ पहला जत्था रवाना प्रशासन ने किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

एजेंसी ⏭ गोपेश्वर

पंच प्यारों की अगुवाई, पावन निशान साहिब की अगाध श्रद्धा और बैण्ड-बाजों की मधुर धुनों के बीच सिक्ख श्रद्धालुओं का पहला जत्था गुरुद्वारा गोविंदघाट से पवित्र हेमकुंड साहिब के लिए रवाना हुई है। श्रद्धालुओं ने 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के गगनभेदी जयकारों के साथ अपनी कठिन लेकिन आध्यात्मिक यात्रा का शुभारम्भ किया। प्रथम जत्थे की अगुवाई पावन पंच प्यारों द्वारा की गई, जो सिक्ख परंपरा में श्रद्धा, सेवा और साहस के प्रतीक माने जाते हैं। गोविंदघाट गुरुद्वारा में अरदास, शबद कीर्तन के बाद गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मेनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत



सिंह बिंद्रा ने यात्रा को रवाना किया। यात्रा को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन और चमोली पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। सम्पूर्ण यात्रा मार्ग पर पुलिस बल तैनात किया गया है तथा प्रथम जत्थे के साथ विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में अपनी यात्रा पूर्ण कर सके। प्रथम जत्थे के पवित्र धाम पहुंचने के बाद विधि-विधान एवं अरदास के साथ हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रूप से खोल दिए जाएंगे।

## भारत ने काबुल भेजी 20 टन चिकित्सा सामग्री




**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान के बाल टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूती देने के लिए 20 टन महत्वपूर्ण चिकित्सा सामग्री की एक खेप काबुल भेजी। यह सामग्री मुख्य रूप से बीसीजी, टेटनस एवं डिप्थीरिया टीकों के निर्माण और रखरखाव के लिए भेजी गई है। भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में अफगानिस्तान के मित्रवत लोगों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें, अफगानिस्तान वर्तमान में स्वास्थ्य सुविधाओं और आवश्यक दवाओं की भारी कमी से जूझ रहा है। भारत की ओर से भेजे गए इस चिकित्सा सामग्री से वहां के बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को बिना किसी रुकावट के चलाने में मदद मिलेगी, जिससे डिप्थीरिया, टेटनस और टीबी जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकेगा।

## पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी ने 'मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया' की सीमा तय की

# होर्मुज में जहाजों से फीस वसूलने की तैयारी में ईरान, ओमान देगा साथ

एजेंसी ⏭ तेहरान/ वॉशिंगटन

ईरान और ओमान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर फीस वसूली के सिस्टम को लेकर बातचीत कर रहे हैं। ईरान की पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए) ने एक नया होर्मुज स्ट्रेट निगरानी क्षेत्र घोषित है। इसके तहत स्ट्रेट के एक बड़े हिस्से को ईरान की निगरानी वाले इलाके के तौर पर दिखाया गया। अथॉरिटी ने होर्मुज स्ट्रेट के 'मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया' की सीमा तय कर दी है। अथॉरिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा। ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा है। इसमें जहाजों से ट्रांजिट फीस, पर्यावरण शुल्क और अन्य सेवाओं के नाम पर रकम ली जा सकती है। ओमान अब इस प्रस्ताव में संभावित आर्थिक फायदे देखते हुए हिस्सेदारी पर चर्चा कर रहा है। ओमान खाड़ी देशों और अमेरिका के साथ इस योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश कर सकता है।

### ओमान के साथ सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा


स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

### होर्मुज में खड़े 1600 जहाज जल्द निकलेंगे, तेल की कीमतें गिरेंगी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग है और यहां किसी तरह का टोल नहीं होना चाहिए। ट्रंप ने दावा किया कि होर्मुज में खड़े 1600 तेल जहाज जल्द निकलेंगे, जिससे तेल की कीमतें गिरेंगी। बता दें, दुनिया के करीब 20% समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है। ऐसे में यहां किसी भी तरह के शुल्क या प्रतिबंध का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और शिपिंग पर पड़ सकता है।

### अमेरिका-ईरान में बातचीत आगे बढ़ी

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता में चल रही बातचीत आगे बढ़ी है। दोनों पक्ष संभावित समझौते के मसौदे और औपचारिक ढांचे पर चर्चा कर रहे हैं। इसके लिए ड्राफ्ट प्रस्तावों और संदेशों का आदान-प्रदान जारी है। बताया जा रहा है कि दोनों देश समझौते की शर्तों और भाषा को अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट 84वें दिन में पहुंचा

ईरान में लागू लगभग पूर्ण इंटरनेट बंदी अब 84वें दिन में पहुंच गई है। इंटरनेट निगरानी संस्था नेटब्लॉक्स के मुताबिक, देश में 1992 घंटे से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट नेटवर्क बड़े पैमाने पर बाधित हैं। सरकार ने यह प्रतिबंध 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के कुछ घंटों बाद लागू किया था। संस्था के अनुसार, देश के अधिकांश बाहरी नेटवर्क अब भी कटे हुए हैं।

### होर्मुज मिशन में शामिल होगा जर्मनी

जर्मनी ने कहा है कि वह होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के लिए ब्रिटेन के नेतृत्व वाले मिशन में शामिल होने की तैयारी कर रहा है। जर्मन विदेश मंत्री योहान वाडेफुल ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मकसद समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। वह इस अभियान को नाटो मिशन नहीं मानते। इसे यूरोपीय देशों की स्वतंत्र सुरक्षा भूमिका के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।


## गाइड ने की थी बचाने की कोशिश

# एवरेस्ट शिखर से उतरते समय दो भारतीयों की 'थकान' से हुई मौत

एजेंसी ⏭ काठमांडू


संदीप अरे अरुण तिवारी

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले दो भारतीय पर्वतारोहियों की उतरते समय मौत हो गई। नेपाल अभियान संचालक संघ के महासचिव ऋषि भंडारी ने बताया कि अरुण कुमार तिवारी और संदीप अरे नामक पर्वतारोही शिखर से नीचे आते समय बुरी तरह थक गए थे। उनके गाइडों के प्रयासों के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। भंडारी ने बताया कि संदीप अरे बुधवार को शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे। वहीं, अरुण तिवारी ने गुरुवार को शाम लगभग 5.30 बजे शिखर सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि गाइडों ने बहुत मेहनत की लेकिन वह उन्हें बचाने में सक्षम नहीं हो सके। संदीप अरे का निधन गुरुवार को हुआ। वहीं, अरुण तिवारी का निधन कब हुआ, यह स्पष्ट नहीं है। आगे की जानकारी की प्रतीक्षा है। बुधवार को संदीप रे समेत तीन भारतीय पर्वतारोहियों ने 8,848.86 मीटर ऊंची चोटी पर विजय प्राप्त की। एक दिन में सबसे अधिक पर्वतारोहण का यह एक नया रिकॉर्ड है। इसमें अन्य दो पर्वतारोही तुलसी रेड्डी पालपुनूरी और अजय पाल सिंह धालीवाल थे।



# नेट बॉलर से बने आईपीएल के स्टार गेंदबाज, फ्रेंचाइजी ने जताया भरोसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग की पहचान बन चुके लंबे छक्के, साहसिक स्कूप शॉट और आखिरी ओवरों में होने वाली ताबड़तोड़ बल्लेबाजी में नेट गेंदबाजों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है लेकिन टेलीविजन की चकाचौंध से दूर होने के कारण उन्हें वह श्रेय नहीं मिलता, जिसके वह हकदार हैं। जहां एक तरफ फ्रेंचाइजी के सुपरस्टार करोड़ों रुपए कमाते हैं और सुर्खियों में छाए रहते हैं, वहीं दूसरी ओर गुमनाम युवा तेज गेंदबाजों और स्पिनरों की एक फौज हफ्तों तक अभ्यास नेट में गेंदें फेंकती रहती है और क्रिकेट की सबसे आकर्षक लीग में से एक में महत्वपूर्ण अभ्यास साझेदार के रूप में काम करती है।

### मिलते हैं 7 हजार रुपए

आईपीएल मानकों के हिसाब से उनकी कमाई मामूली होती है। उन्हें प्रतिदिन लगभग 5,000 से 7,000 रुपए मिलते हैं लेकिन इससे मिलने वाला अनुभव अमूल्य होता है।

### खिलाड़ियों के लिए अनोखा प्रशिक्षण

कई खिलाड़ियों के लिए यह क्रिकेट का सबसे अनोखा प्रशिक्षण होता है। उन्हें इस खेल के सबसे बड़े खिलाड़ियों को लगातार गेंदबाजी करनी होती है। इस दौरान उन्हें अक्सर जसप्रीत बुमराह के यॉर्कर, सुनील नारायण की रहस्यमयी स्पिन या मिचेल स्टार्क की बाएं हाथ की तूफानी गेंदों की नकल करने के लिए कहा जाता है। आईपीएल फ्रेंचाइजी आमतौर पर अपने साथ तीन से पांच विशेषज्ञ नेट गेंदबाज रखती हैं। इसके अलावा मेजबान राज्य संघों और क्लब भी विभिन्न स्थानों पर स्थानीय गेंदबाजों की व्यवस्था करते हैं।

## नेट बॉलर से आईपीएल कॉन्ट्रेक्ट हासिल करने वाले क्रिकेटर

### चेतन साकरिया



गुजरात से आने वाला यह पेसर आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों का हिस्सा बनने से पहले नेट बॉलर था। साकरिया ने नेट्स में राजस्थान और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों को प्रैक्टिस कराई। इसके बाद उन्हें ट्रायल्स के लिए बुलाया गया। राजस्थान ने इस गेंदबाज को बाद में 2021 आईपीएल ऑक्शन में 1.20 करोड़ रुपए में लिया था।





### उमरान मलिक

जम्मू कश्मीर से आने वाले इस तेज गेंदबाज का भी आईपीएल से कनेक्शन नेट बॉलर के तौर पर ही जुड़ा। टी नटराजन चोटिल हुए तो उन्हें रिप्लेसमेंट के तौर पर ले लिया गया। अगले सीजन से पहले हैदराबाद ने उमरान को चार करोड़ रुपए में रिटेन किया।

### गुरनूर बराड़

हाल ही में भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ के लिए आईपीएल का रास्ता नेट्स के जरिए ही खुला। वे पंजाब किंग्स के साथ नेट बॉलर थे। इस टीम के तत्कालीन कप्तान शिखर धवन ने नेट्स में उनकी पेस और उछाल को देखते हुए शामिल करने की सिफारिश की। पंजाब ने इस बॉलर को ले लिया। वे एक ही मैच खेल सके। अभी गुजरात टाइटंस के साथ हैं। साथ ही काफी समय से लगातार भारतीय टेस्ट स्क्वॉड के नेट बॉलर हैं।

### नमन तिवारी

यूपी से आने वाले पेसर नमन तिवारी को आईपीएल 2026 के ऑक्शन में लखनऊ सुपर जायंट्स ने लिया। उन पर एक करोड़ रुपए की बोली लगी। इससे पहले दो सीजन तक यह गेंदबाज इसी टीम के साथ बतौर नेट बॉलर काम कर रहा था।

### आकाश मधवाल

उत्तराखंड से आने वाला यह पेसर आईपीएल में मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेला है। इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर लिया। आकाश मधवाल भी नेट बॉलर के तौर पर आईपीएल टीमों की नजरों में आए।

### कुमार कार्तिकेय

मध्य प्रदेश से आने वाले बाएं हाथ के इस स्पिनर को मुंबई की तरफ से 2022 में आईपीएल खेलने का मौका मिला था। उन्हें पेसर अरशद खान के रिप्लेसमेंट के तौर पर लिया गया। कुमार कार्तिकेय पहले मुंबई के साथ बतौर नेट बॉलर काम कर रहे थे।

### ये खिलाड़ी भी नेट बॉलर रहने के बाद बने आईपीएल का हिस्सा

इनके अलावा कृष भगत (मुंबई इंडियंस), फजलहक फारुकी (चेन्नई सुपर किंग्स), क्रेंस फुलेत्रा (सनराइजर्स हैदराबाद), यश राज पंजा (राजस्थान रॉयल्स), रघु शर्मा (मुंबई इंडियंस), हर्ष दुबे (सनराइजर्स हैदराबाद), अशोक शर्मा (गुजरात टाइटंस), इशान मलिंगा (सनराइजर्स हैदराबाद), आकाश दीप (कोलकाता नाइट राइडर्स), गुरजपनीत सिंह (चेन्नई सुपर किंग्स) जैसे गेंदबाज भी आईपीएल नेट्स में कमाल करते हुए टूर्नामेंट का हिस्सा बने।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 14 | 9 | 5 | 18 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| हैदराबाद | 14 | 9 | 5 | 18 |
| राजस्थान | 13 | 7 | 6 | 14 |
| पंजाब | 13 | 6 | 6 | 13 |
| कोलकाता | 13 | 6 | 6 | 13 |
| चेन्नई | 14 | 6 | 8 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| लखनऊ | 13 | 4 | 9 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
24 विकेट
बेंगलुरु

### खबर संक्षेप



### अंडर-18 महिला हॉकी टीम की कप्तान बनीं स्वीटी

**नई दिल्ली।** स्वीटी कुजुर को जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से 6 जून तक होने वाले एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला अंडर-18 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। इस टीम में कुजुर के अलावा नौशीन नाज, प्रियंका मिंज, संदीप कुमारी और नैन्सी सरोहा अग्रिम पंक्ति में शामिल हैं। मध्य पंक्ति में श्रुति कुमारी, दीया, स्नेहा दावड़े, रश्मीन कौर, नम्मी गीताश्री और पुष्पा मांझी तथा रक्षापंक्ति में सुगन सांगा, नीलम टोपनो, रुबीना बक्सला, किरण एक्का, सुलोचनी और गोलकीपर महक परिहार और खिली कुमारी शामिल हैं।

## सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स को 55 रन से हराया

# जीत के बाद भी हैदराबाद के हाथ से फिसला क्वालीफायर-1, शीर्ष पर चैलेंजर्स बेंगलुरु

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को आईपीएल में 55 रन से जीत हासिल की लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने से नहीं रोक सकी। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम अभिषेक शर्मा (56 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी, ईशान किशन (79 रन) के बेखौफ अंदाज और हेनरिक क्लासेन (51 रन) की ताकतवर हिटिंग की बदौलत 4 विकेट पर 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। आरसीबी को शीर्ष दो में रहने के लिए 166 रन का स्कोर बनाना था और 178 रन से ज्यादा रन का स्कोर बनाने से उसका शीर्ष स्थान तय था। कप्तान रजत पाटीदार (56 रन) और कृणाल पंड्या (नाबाद 41) के बीच चौथे विकेट के लिए 58 गेंद में 84 रन की भागीदारी से आरसीबी ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 200 रन बनाकर हारने के बावजूद पहला स्थान सुनिश्चित किया।



### कोहली ने हेल्स के रिकॉर्ड को किया ध्वस्त

*विराट कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में वेंकटेश अय्यर के साथ पहले विकेट के लिए जैसे ही 50 रनों की साझेदारी को पूरा की उसी के साथ वह टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार एक खिलाड़ी के रूप में 50 प्लस रनों की साझेदारी का हिस्सा रहने वाली खिलाड़ी बन गए। विराट कोहली की यह टी20 क्रिकेट में 211वीं 50 प्लस रनों की साझेदारी थी, जिसमें उन्होंने इंग्लैंड के खिलाड़ी एलेक्स हेल्स को पीछे छोड़ा, जिनके नाम पर 210 फिफ्टी प्लस रनों की साझेदारी का हिस्सा रहने रिकॉर्ड इससे पहले दर्ज था।*

### एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-7 बैटर्स

| सिक्स | खिलाड़ी | सत्र |
|---|---|---|
| 53 | वैभव सूर्यवंशी | (2026) |
| 43 | अभिषेक शर्मा | (2026) |
| 42 | अभिषेक शर्मा | (2024) |
| 39 | श्रेयस अय्यर | (2025) |
| 38 | विराट कोहली | (2016) |
| 38 | विराट कोहली | (2024) |
| 38 | सूर्यकुमार यादव | (2025) |

### आरसीबी-जीटी के बीच पहले क्वालीफायर का मुकाबला

आरसीबी (प्लस 0.783), गुजरात टाइटन्स (प्लस 0.695) और सनराइजर्स हैदराबाद (प्लस 0.524) के 18-18 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट से क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। अब पहले क्वालीफायर में आरसीबी का सामना 26 मई को धर्मशाला में गुजरात टाइटन्स से होगा।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का सब बो सुयश | 56 | 22 | 4 | 5 |
| ट्रेविस हेड बो रसिख सलाम | 26 | 16 | 5 | 0 |
| ईशान का पडिक्कल बो रसिख | 79 | 46 | 8 | 3 |
| क्लासेन का वेंकटेश बो पंड्या | 51 | 24 | 2 | 5 |
| नीतिश कुमार रेड्डी नाबाद | 29 | 12 | 1 | 3 |

अतिरिक्त : 14, कुल : 20 ओवर में 255/4 रन
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-51-0, हेजलवुड 4-0-55-0, रसिख सलाम 4-0-52-2, सुयश 3-0-36-1, शेफर्ड 3-0-37-0, कृणाल पंड्या 2-0-24-1

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अय्यर का अभिषेक बो मलिंगा | 44 | 19 | 4 | 4 |
| कोहली का स्मरण बो साकिब हुसैन | 15 | 11 | 2 | 0 |
| पडिक्कल का अभिषेक बो मलिंगा | 21 | 14 | 2 | 1 |
| पाटीदार का स्मरण बो साकिब | 56 | 39 | 6 | 1 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 41 | 31 | 5 | 0 |
| टिम डेविड नाबाद | 15 | 7 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 200/4 रन
गेंदबाजी : कमिंस 4-0-48-0, मलिंगा 4-0-33-2, शिवांग 2-0-32-0, साकिब हुसैन 4-0-31-1, हर्षल पटेल 4-0-37-0, नीतिश रेड्डी 1-0-10-0, ट्रेविस हेड 1-0-7-1

### हार से आहत पंजाब, एलएसजी के खिलाफ बड़ी जीत की जरूरत

**लखनऊ ।** लगातार छह मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स की टीम को इस निराशा को भुलाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए शनिवार को होने वाले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। पंजाब ने अपने पहले 6 मैच जीते थे लेकिन 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड 265 रन का लक्ष्य हासिल करने के बाद से उसका अभियान नाटकीय रूप से चरमरा गया। पिछली बार की उपविजेता टीम पंजाब किंग्स पहले 7 मैचों में 6 जीत के साथ खिताब की असली दावेदार लग रही थी लेकिन लगातार 6 हार झेलने के कारण उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं।

## विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



*भारतीय हरफनमौला विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से शुक्रवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह 'क्रिकेट खेलना' जारी रखने के लिए 'नए अवसरों की तलाश' करेंगे। तमिलनाडु के 35 वर्षीय शंकर ने 2025-26 सत्र में त्रिपुरा टीम का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2018 से 2019 के बीच भारत के लिए 12 वनडे और 9 टी20 मैच खेले। शंकर ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की घोषणा करते हुए लिखा, क्रिकेट मेरी जिंदगी है। मैंने 10 साल की उम्र में खेलना शुरू किया और 25 साल बाद हर स्तर पर और उच्चतम स्तर तक खेलने के लिए आभारी और धन्य महसूस करता हूं। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा मेरे सबसे गौरवपूर्ण और खुशी के पलों में से एक रहेगा। उन्होंने कहा, मैंने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया है ताकि नए अवसरों की तलाश कर सकूं और क्रिकेट खेलना जारी रख सकूं। बीसीसीआई और भारतीय क्रिकेट टीम का मैं हमेशा आभारी रहूंगा।*


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
( विद्युत विभाग )
क्रमांक 110/वि.शा./2026 :: निविदा आमंत्रण सूचना :: दिनांक-22.05.2026
निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा की अवधि | कार्य हेतु निर्धारित सामग्री | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_509743_1 | Supply installation testing and commissioning of 12.5 Mtr and 9 Mtr LED high marks at various places of Dakshin Paschim vidhansabha area Bhopal. | 15,78,992/- | 11,842/- | 2,000/- | Registered Electrical Contractor in centralized registration system in MPPWD having valid electrical license | 30 Days | MPUADD SOR 2021 Items | 30 Days |

नियम एवं शर्तें :-
(1). निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि / धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईट प्रस्तुत करने होंगे। अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
(2). ऑनलाईन निविदा में सभी प्रकार के संशोधनों की जानकारी मात्र www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।
(3). 18% GST अतिरिक्त देय होगा।
नि.क्र.-220/026/027
सहायक यंत्री (वि.)
नगर निगम, भोपाल


## ऑस्ट्रेलिया से सीरीज में भिड़ने पाकिस्तान टीम का ऐलान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाली तीन मैचों की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए शुक्रवार को अपनी 16 सदस्यीय टीम में तीन नए खिलाड़ियों को शामिल किया। विकेटकीपर-बल्लेबाज रोहैल नाज़िर, तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और ऑलराउंडर अराफ़ात मिन्हास ने कुछ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, लेकिन उन्हें पहली बार वनडे टीम में चुना गया है। नाज़िर और ग़ाज़ी गोरी टीम में दो विकेटकीपर हैं।

मलेशिया मास्टर्स

# अश्मिता का शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थमा

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत की अश्मिता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में शानदार सफर क्वार्टर फाइनल में थम गया। चालिहा ने हालांकि डेनमार्क की विश्व में 23वें नंबर खिलाड़ी लाइन हो ज मा क<sup></sup> कजर्सफेल्ड के सामने कड़ी चुनौती पेश की। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली विश्व में 71वें रैंकिंग की भारतीय खिलाड़ी ने कड़े संघर्ष के बाद शुरुआती गेम जीता लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चले मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से 23-21 18-21 11-21 से हार गईं।



### चालिहा ने संयमित खेल से किया प्रभावित

चालिहा ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले गेम में इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। लाइन इसके बाद वापसी करके 19-18 से आगे हो गई, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी कुछ इसी तरह चला, जिसमें चालिहा ने एक बार फिर 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन डेनमार्क की खिलाड़ी ने 13-13 से बराबरी कर ली। इसके बाद लाइन ने मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। अंतिम गेम पूरी तरह से एकतरफा रहा क्योंकि लाइन ने शुरुआत में ही 8-4 की बढ़त बनाकर अपना दबदबा कायम कर लिया और चालिहा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।


**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**

M.P. Online Help Line 0755-6720200

भोपाल के विभिन्न स्थानों पर भवन/भूखण्ड/ऑफिस हॉल एवं रायसेन में ई.डब्ल्यू.एस. भवन यथास्थिति में ऑफर के माध्यम से विक्रय हेतु उपलब्ध

ई-ऑफर 10.06.2026 (रात्रि 23:59 बजे तक)

| क्र. | योजना का नाम | उपलब्ध भवन क्रमांक | भवन का निर्मित क्षेत्रफल (व.मी.) | युक्तियुक्तकरण में अपसेट मूल्य (रु.लाख) | धरोहर राशि (रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रु./जी.एस.टी.सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1). द्वारिका परिसर अरविन्द विहार बागमुगालिया, भोपाल में फ्लैट | | | | | | |
| (i) | एच.आई.जी.2BHK फ्लैट (पंचम तल) | 619 | 92.68 | 32.12 | 6.43 | 2360/- |
| (ii) | ऑफिस हॉल (ई-ब्लॉक) | 2, 4, 8, 10, 12 (कुल 05) | 186.00 | 157.72 | 23.66 | 4720/- |
| (iii) | ऑफिस हॉल (ई-ब्लॉक) | 3, 7, 9, 11 (कुल 04) | 195.00 | 157.72 | 23.66 | 4720/- |
| 2. | पूर्वांचल परिसर बागमुगालिया के फ्लैट 3BHK | 301, 402, 403 (कुल 03) | 110.50 | 35.31 | 7.06 | 2360/- |
| 3. | कृषि उपज मंडी के पास रायसेन में ई.डब्ल्यू.एस. आवासीय भवन | 23, 28, 35 से 39, 66 से 74, 76 से 80, 87 से 89 एवं 91 से 93, 83, 84, 86, 94 से 97, 100, 101, 21, 40, 65, 82 एवं 101-ए | 20.28 | 4.19 से 4.44 तक | 0.84 से 0.89 तक | 590/- |
| 4. | ''आम्रपाली आर्केड व्यावसायिक परिसर'' बागमुगालिया एक्सटेंशन भोपाल में ऑफिस चेम्बर | ए-10, ए-12, ए-11, ए-5, ए-6 एवं ए-7, सी-1, सी-2, सी-4, सी-5, सी-6, सी-8 | 16.94 से 37.62 | 9.96 से 22.15 तक | 1.99 से 4.43 लाख तक | 1770/- |

**नोट :-** (1). ऑफर स्वीकृत होने पर रु. 50.00 लाख या उससे अधिक की अपसेट मूल्य की संपत्ति की शेष राशि 3 आसान किश्तों में भुगतान करने की विशेष सुविधा। (2). संपत्ति के ऑफर स्वीकृति उपरांत ऑफरकर्ता द्वारा ऑफर निरस्त कराने पर मण्डल नियमानुसार धरोहर राशि की 50 प्रतिशत राशि जब्त कर ली जावेगी। (3). ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व स्थल/संपत्ति का अवलोकन कर लें। (4). शासन/मण्डल द्वारा निर्धारित लीजरेन्ट एवं प्रकोष्ठ भवनों के मूल्य का 5% कार्पस फंड एवं अन्य कर/शुल्क पृथक से देय होंगे। (5). आवेदन शुल्क एवं धरोहर राशि ONLINE/RTGS से जमा होगी। रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होगी। (6). आवेदन धरोहर राशि जमा करने की **अंतिम तिथि 10.06.2026.** (7). ऑफर डालने की अंतिम तिथि 11.06.2026 सायं 5.00 तक। (8). ऑफर दिनांक 12.06.2026 को सायं 3.00 बजे खोले जावेंगे। (9). आवेदन फार्म का मूल्य एवं धरोहर राशि ONLINE/RTGS से जमा होगी। (10). रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होगी। (11). मण्डल/शासन के नियम/शर्त लागू। (12) योजना की विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.mphousing.in पर उपलब्ध।

**संपर्क :-** एम.पी. खरे (सहायक यंत्री) मो. 9827290842 (अयोध्या हेतु), संतोष चतुर्वेदी (उपयंत्री) मो. 9406912066 (बागमुगालिया हेतु), श्रीमती स्नेहा सोनी (संपदा प्रबंधक) मो. 9713055625, श्रीमती स्नेहा सोनी (संपदा प्रबंधक) मो. 9713055625, श्रीमती राजकुमारी मालयान (संपदा प्रबंधक) मो. 9826853657, MP Online Help Line 0755-6720200.

(राजेश शुक्ला)
संपदा अधिकारी प्रक्षेत्र-2, भोपाल
मो. 9425012768
म.प्र. माध्यम/125972/2026

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

**पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।**

Follow us on /mphidb /mphidb



**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : + 91 755 4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 237/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 22.05.2026

**निविदा सूचना 194 का संशोधन**


दिनांक 21.05.2026 को प्रकाशित निविदा क्रमांक 194 का कार्य का नाम :- **सी.एम. हाउस भोपाल के वेटिंग एरिया, मीटिंग हॉल, एकांन्त हॉल हेतु फर्नीचर एवं रिनोवेशन का कार्य** के स्थान पर **सी.एम. निवास कार्यालय भोपाल के वेटिंग एरिया, मीटिंग हॉल हेतु फर्नीचर एवं रिनोवेशन का कार्य** पढ़ा जावें।
कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/125954/2026 **कार्यपालन यंत्री**



**M.P. POWER GENERATING CO. LTD.**
Office Of The Executive Director (Generation), Sanjay Gandhi Thermal Power Station, Birsinghpur, Distt- Umaria (MP)-484552
Ref No. EOI No. 511-0800/SGTPS/Dry fly ash/09 Date : 20.05.2026

**INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST (EOI) FOR ISSUE OF DRY FLY ASH TO MSE'S/LOCAL FLY ASH USERS**

Sanjay Gandhi Thermal Power Station, MPPGCL, Birsinghpur, Distt.-Umaria (M.P.)-484552 invites Expression of Interest (EoI) from the interested & qualified end users i.e. Bricks manufacturing Firms /Local MSE,s Firms/Users for issue of dry fly ash (approximate Qty.-0.26 LMT) **'on free of cost' and 'as is where is' basis with transportation by end users agency** from ash silos of Sanjay Gandhi Thermal Power Station,MPPGCL, Birsinghpur located District Umaria (M.P.) (as per extant MoEF&CC Notification and Revised MoP Guidlines dtd.30.01.2026).
**How to Apply**
Interested parties are requested to submit their requirements in the specified standard format to the identified email address : **seflyash.sgtps@gmail.com**, as outlined in the 'General Information' document. Subsequent submissions will be accepted via email /hard copy within one month from the date of issue of EOI by 17:00 Hrs. For further details, the 'General Information' document and the 'Standard Format for Application' are available for download on our website. :- **https://www.mppgcl.mp.gov.in.**
**Registered Office :** Sanjay Gandhi Thermal Power Station, MPPGCL, Birsinghpur, Dstt. Umaria (M.P.) - 484552
CIN:-U40109MP2001SGC014882, E-mail- seflyash.sgtps@gmail.com
**Any Quarry Please Contact :** S.E. (OPN-III/FAU&D), SGTPS, Birsinghpur, Mob. No. 9425808643
**विशेष अनुरोध :** अपने निर्माण कार्यों के लिए फ्लाई ऐश कंक्रीट ब्लाक के उपयोग के साथ ही साथ फ्लाई ऐश ब्रिक्स का भी न्यायसंगत/विवेकसंगत उपयोग सुनिश्चित करें।
MPM/125959/2026 **SUPERINTENDING ENGINEER (P&W)**





कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती हुईं पूर्वी सप्रे।

## भारत भवन में संतवाणी समारोह का हुआ शुभारंभ

# राग, भक्ति और संतवाणी का अद्भुत संगम बना भारत भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बहुकला केंद्र भारत भवन में शुक्रवार शाम से तीन दिवसीय 'संतवाणी समारोह' का सुरमयी आगाज़ हुआ। भक्तिकालीन काव्य, संत परंपरा और सूफियाना संवेदनाओं से सजे इस विशेष आयोजन ने श्रोताओं को अध्यात्म और संगीत की गहराइयों से रूबरू कराया। सभागार में जब संत कवियों की अमर वाणी सुरों में ढलकर गूंजी, तो पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो उठा।


अपनी विशिष्ट शैली में संतवाणी की रसधारा प्रवाहित करतीं सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली।

### संत साहित्य की आध्यात्मिक चेतना से सजी गायकी

समारोह के प्रथम सत्र में पूर्वी सप्रे ने अपनी गंभीर और भावपूर्ण गायकी से संत साहित्य की आध्यात्मिक चेतना को स्वर दिए। उन्होंने संत तुलसीदास के पद ऐसो को उदार जग माही... से प्रस्तुति का प्रारंभ किया। इसके बाद संत तुकाराम के प्रसिद्ध अभंग 'सुंदर ते ध्यान ऊभे विटे वरी...' की प्रस्तुति में भगवान विठ्ठल के दिव्य स्वरूप का अत्यंत मार्मिक चित्र उभरकर सामने आया।

### कलापिनी ने संतवाणी की रसधारा की प्रवाहित

दूसरे सत्र में शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली ने अपनी विशिष्ट शैली में संतवाणी की रसधारा प्रवाहित की। उन्होंने मंगलाचरण मंगल आरती आनंद कुंवर की... से माहौल भक्तिमय बना दिया। इसके बाद संत तुकाराम के अभंग काम क्रोध अभि वाहिले विठ्ठल... को गंभीर आलाप और सूक्ष्म राग विस्तार के साथ प्रस्तुत किया। राग दरबारी में सूरदास के पद गिरधर मुरलीधर... ने श्रोताओं को गंभीरता और भक्ति की माधुर्यपूर्ण अनुभूति से जोड़ दिया।


गायन शुरू करने के पहले कोमकली ने दर्शकों का अभिवादन किया।



## मानस भवन में इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट ओजस रजानी ने दिए ब्यूटी टिप्स

# सौंदर्य, फैशन और ग्लैमर का भव्य संगम बना सौंदर्या सीजन 2.0


सौंदर्या सीजन 2.0 में प्रतिभागिता करतीं मॉडल्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में सौंदर्य, फैशन और मेकअप कला को समर्पित भव्य आयोजन सौंदर्या सीज़न 2.0 का आयोजन शुक्रवार शाम मानस भवन में किया गया। कार्यक्रम में फैशन, ब्यूटी और मेकअप इंडस्ट्री से जुड़े प्रतिभागियों, कलाकारों और सौंदर्य प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर प्रसिद्ध इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट एवं बॉलीवुड सेलिब्रिटी मेकअप एक्सपर्ट ओजस रजानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने मेकअप और फैशन इंडस्ट्री से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को आधुनिक ब्यूटी ट्रेंड्स, ब्राइडल मेकअप तकनीकों और प्रोफेशनल ग्रूमिंग के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया।

### ब्राइडल मेकअप की बारीकियों से कराया अवगत

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ब्राइडल लुक एंड लर्न सेलिब्रिटी मेकओवर सेमिनार तथा ब्राइडल प्रतियोगिता शो रहा। सेमिनार के दौरान ओजस रजानी ने लाइव मेकओवर के माध्यम से ब्राइडल मेकअप की बारीकियों, रंग संयोजन, स्किन टोन के अनुरूप मेकअप चयन और नवीनतम फैशन ट्रेंड्स की विस्तृत जानकारी दी। वहीं कार्यक्रम के अंत में फैशन शो और ब्राइडल रैंप वॉक का भी आयोजन किया गया।


ब्राइडल रैंप वॉक करती मॉडल



## बीएचईएल दशहरा मैदान में होगा रहमान का भव्य लाइव म्यूजिकल कॉन्सर्ट

# फिल्म 'पेड्डी' के प्रमोशन के लिए आज भोपाल आएंगे रामचरण जाह्नवी कपूर और एआर रहमान


राम चरण


जाह्नवी कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फिल्म प्रेमियों और संगीत रसिकों के लिए आज का दिन बेहद खास होने जा रहा है। अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पेड्डी' के प्रमोशन के लिए साउथ सुपरस्टार राम चरण, बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर और ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान शनिवार को भोपाल पहुंचेंगे। शहर के बीएचईएल दशहरा मैदान में आयोजित होने वाले इस भव्य प्रमोशनल इवेंट को लेकर युवाओं और फिल्म प्रशंसकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### एआर रहमान का लाइव म्यूजिकल कॉन्सर्ट

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ए.आर. रहमान का लाइव म्यूजिकल कॉन्सर्ट होगा, जिसमें वे अपनी मशहूर धुनों और सुपरहिट गीतों से दर्शकों को संगीतमय शाम का यादगार अनुभव देंगे। कार्यक्रम के दौरान फिल्म 'पेड्डी' से जुड़ी विशेष प्रस्तुतियां, कलाकारों की मंच उपस्थिति और दर्शकों के साथ संवाद भी आयोजित किए जाएंगे।



बताया जा रहा है कि इवेंट में फिल्म की झलक, संगीत और भव्य मंच सज्जा दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## फिल्म 'कृषिका' की शूटिंग के लिए भोपाल आए निर्देशक तारिक भट से हरिभूमि की खास बातचीत

# 'मिशन कश्यप' में दिखेगा कन्वर्टेड मुसलमानों का दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

मैं एक कन्वर्टेड मुसलमान हूं क्योंकि मेरे पूर्वज ब्राह्मण थे और फिर हमें मजबूरी में मुस्लिम धर्म में कन्वर्ट होना पड़ा, इसीलिए मैं अपने मुस्लिम नाम के आगे भट लिखता हूं, कश्मीर से जुड़ी हर तरह की फिल्म आई, लेकिन ऐसी फिल्में नहीं आई जिसमें कन्वर्टेड मुसलमानों का दर्द दिखाया गया हो और हमारे जैसे लोगों की इसी पीड़ा को मैं अपनी वेबसीरिज 'मिशन कश्यप' में दिखाऊंगा। जो कन्वर्टेड मुसलमानों की व्यथा को दिखाएगी और हमारे जैसे लोगों की सोच और दशा पर भी आधारित होगी.... यह कहना है भारतीय कश्मीरी लेखक और निर्देशक तारिक भट का, जो निर्माता मेहुल शाह के साथ अपनी फिल्म 'कृषिका' की शूटिंग के लिए भोपाल में ही मौजूद हैं। हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।



### कश्मीर के इतिहास में मील का पत्थर बनीं 'वेलकम टू कश्मीर'

उन्होंने बताया कि जब 2019 में मेरी फिल्म 'वेलकम टू कश्मीर' रिलीज हुई थी तो कश्मीर के इतिहास में मील का पत्थर बनी थी, पूरी फिल्म कश्मीर पर आधारित थी और इसमें छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा रोल कश्मीर में रहने वालों ने ही किया था। जो वहां के लोकल लोग थे और कश्मीर के 35 सिनेमा हॉल में एक ही दिन फिल्म रिलीज हुई और सभी शो हाउस फ़ुल गए। 'वेलकम टू कश्मीर' बनाने के बारे में उन्होंने कहा कि इसे बनाने का उद्देश्य कश्मीर के हालातों को दिखाना और कश्मीरियों को अपनी जड़ों से जोड़ना था, मेरी कोशिश होगी कि आने वाले समय में मैं इसे ओटीटी पर रिलीज करूं।

### ऐसे जख्म देखे, जिन्हें बता पाना मुश्किल

उन्होंने बताया कि मैं कश्मीर के सोपोर गांव से हूं जो एक प्रकार से आतंकवाद का प्रमुख गढ़ है, वहां मैंने आतंकवादी घटनाएं देखी हैं, जिसमें अनगिनत हत्याएं, अपहरण सभी प्रकार की परेशानियां शामिल हैं, ऐसे जख्म हमने देखे हैं कि जिन्हें बता पाना भी मुश्किल है।

### किसान कहलाने वाली शर्म तोड़ना फिल्म का उद्देश्य

'कृषिका' के बारे में उन्होंने कहा आज के बच्चे एक छोटी सी प्राइवेट जॉब करने वाले पेरेंट्स का नाम लेने से नहीं हिचकिचाते, लेकिन यदि उनके माता-पिता किसान हैं तो उन्हें शर्म महसूस होती है। ऐसा क्यों जबकि किसान होना अपने आप में बड़ी बात है, आप अपनी खुद की जमीन के मालिक होते हो। तो ऐसी ही युवाओं को सोच को इस फिल्म में दर्शाएंगे। जिसकी 90 फीसदी शूटिंग भोपाल में हुई है और इसे बनाने का उद्देश्य बच्चों की मानसिकता में परिवर्तन लाना है कि होने अपने और अपने माता पिता के किसान होने पर फक्र होना चाहिए।

## छतनारा समूह की लेखक केंद्रित कार्यक्रम श्रृंखला की शुरुआत

# भारतीय संस्कृति पर नाज के साथ पश्चिमी संस्कृति का समावेश है 'निर्मल वर्मा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छतनारा समूह द्वारा शुक्रवार शाम नई श्रृंखला 'विमर्श' के अंतर्गत पहला आयोजन किया गया। विमर्श प्रख्यात लेखक निर्मल वर्मा पर केंद्रित रहा। शुरुआत में सभी प्रतिभागियों ने छतनारा लाइब्रेरी से निर्मल वर्मा की मनपसंद किताबें चुनी और साथ बैठे। कवि निशांत सूत्रधार की भूमिका में थे। उन्होंने पहले निर्मल वर्मा का जीवन परिचय बताया और साहित्य में उनके महत्व को रेखांकित किया। इसके बाद निर्मल वर्मा की कहानी माया का मर्म का सामूहिक पाठ शुरू हुआ। ग्यारह पेज की इस कहानी के हिस्सों को पांच लोगों ने बारी बारी से पढ़ा।



# एसएलआईसीसीए एशिया केक ऑस्कर अवॉर्ड्स का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसएलआईसीसीए हेड ऑफिस कोलंबो द्वारा एशिया केक ऑस्कर अवार्ड्स 2026 का आयोजन 17 मई को कोलंबो, श्रीलंका में किया गया। इस प्रतियोगिता के चौथे संस्करण में विभिन्न देशों के केक कलाकारों ने भाग लिया और अपने शुगर आर्ट एवं वजन का प्रदर्शन किया। बेक स्ट्रीट के ओनर ओजस्वानी शर्मा को कपकेक डेकोरेशन आर्टिस्ट - एडवांस श्रेणी में एशिया केक ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।


कोलंबो में बेक स्ट्रीट के ऑनर को सम्मानित किया गया।

## प्रकृति के साथ बांस से बनाए कलात्मक प्राणी

### क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में आयोजन

# बच्चों ने पहले सीखा फिर बनाए पर्वत, झरना नदियां, बादल के साथ चीता, तेंदुए के चित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय ने ग्रीष्मकालीन प्रकृति अध्ययन कार्यक्रम में प्रकृति चित्रकला एवं बांस से कलात्मक प्राणी बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रकृति चित्रकला कार्यशाला के दौरान संग्रहालय के चित्रकार नवीन कुमार ने प्रतिभागियों को पर्वत, झरना, नदियां, बादल, वृक्ष,बाघ, चीता, तेंदुआ आदि को चित्रित करना सिखाया तथा बच्चों ने स्वयं भी उत्साहपूर्वक चित्रित किया। संग्रहालय के वैज्ञानिक- सी एवं कार्यक्रम समन्वयक मानिक लाल गुप्त ने बताया कि प्रकृति चित्रकला केवल एक कला गतिविधि नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण के प्रति हमारी संवेदनशीलता और जागरुकता को दर्शाने का एक सुंदर माध्यम है। जब हम चित्रित करते हैं, तो हम न सिर्फ उनकी सुंदरता को सराहते हैं, बल्कि यह भी समझते हैं कि प्रकृति के बिना हमारा जीवन संभव ही नहीं है।





## निराला सृजन पीठ का व्याख्यान, रचनापाठ कार्यक्रम कल

**भोपाल।** निराला सृजन पीठ द्वारा 24 मई को गौरांजनी सभागार, रवींद्र भवन में शाम 5.30 बजे से व्याख्यान, रचनापाठ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न भागों से आए विद्वान विविध विषयों पर विचार विमर्श करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्रीय 'अस्मिता के स्वर डॉ देवेंद्र दीपक' होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व संचालक जनसंपर्क लाजपत आहूजा करेंगे, मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी विवि के कुलगुरु प्रो. देवानंद हिंडोलिया एवं सारस्वत अतिथ्य डॉ. विकास दवे का होगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930